# GORAKHPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-07-06-2024

# पत्नी ने पति पर दहेज उत्पीड़न का दर्ज कराया केस

**पिपराइच (एसएनबी)।** नगर पंचायत पिपराइच निवासी विवाहिता ने अपने पति संतोष प्रजापति समेत आठ लोगों परदहेज उत्पीड़न व मारपीट व जान-माल धमकी का आरोप लगाते हुए पुलिस में मुकदमा दर्ज कराया है। विवाहिता रंजना प्रजापति का मायका जनपद कुशीनगर हाटा कोतवाली के पगराबारी गांव है। उसने आरोप लगाया है कि उसकी शादी दो साल पहले पिपराइच में दो लाख रुपए नगदी सोने की अंगूठी माला आदि जेवरात देकर हुई थी।कुछ ही समय बाद एक पल्सर बाइक व एक लाख रुपये नगदी की मां को लेकर प्रताड़ित किया जाने लगा। कई बार पंचायत हुई फिर भी प्रताड़ित किया जाता रहा। बीते 23 मई को ससुरालियों द्वारा दहेज के लोभ में मारपीट कर भगा दिया गया। पुलिस ने पति संतोष प्रजापति, सास कुसमावती, ससुर ओमप्रकाश, देवर शैलेश, पंकज, ननद सोनी, रेनू और प्रदीप के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न मारपीट तथा जान-माल धमकी दिये जाने का मुकदमा दर्ज कराया है।



दिनभर चर्चा में रहा शहर में लगे ये होर्डिंग्स...।

# सड़क पर लगाया होर्डिंग्स छात्र नेताओं पर केस

**गोरखपुर (एसएनबी)।** शहर में विभिन्न चौराहों पर यूनिपोल पर लगे विवादित होर्डिंग्स बृहस्पतिवार को चर्चा का विषय बना रहा। छात्र नेताओं के नाम के साथ ही उस पर बड़े-बड़े अक्षरों में घमंड टूटने की बधाई लिखा हुआ था। यह पोस्टर थोड़ी ही देर में सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर तेजी से वायरल हो गया। इसके बाद कई जगहों से प्रतिक्रिया भी आने लगी। पोस्टर पर यशवर्धन मिश्रा और विश्वविद्यालय छात्र नेता गौतम यादव का नाम लिखा है। इनके खिलाफ देर शाम तहरीर मिलने के बाद कैंट थाने में केस दर्ज किया गया है।

- शहर में लगा विवादित पोस्टर दिन भर होता रहा वायरल
- कैंट थाने में केस दर्ज किया गया दो आरोपियों पर केस

असुरन चौक, विश्वविद्यालय चौक और पैडलेगंज में बड़े-बड़े विवादित होर्डिंग लगाए गए थे। सभी यूनिपोल को नगर निगम से टेंडर के दौरान पाने वाली संस्था ने कैंट थाने में तहरीर देकर बताया कि पैडलेगंज चौराहे पर यशवर्धन मिश्रा एवं गौतम यादव द्वारा जबरदस्ती बैनर पोस्टर लगा दिया गया है जिससे जन मानस में रोष है। तहरीर मिलने के बाद ही होर्डिंग लगाने वाले मजदूर को पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। वहीं नामजद दोनों युवकों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस जगह-जगह छापा मार रही है। एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बताया कि केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# किशोरी से दुष्कर्म करने वाले पर केस

**भटहट (एसएनबी)।** गुलरिहा इलाके में 28 मई की रात शौच के लिए घर से निकली किशोरी से मुंह काला करने वाले आरोपी के खिलाफ पुलिस मुकदमा दर्ज कर तलाश में जुटी है। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी किशोरी के पिता के मुताबिक 28 मई की रात नौ बजे उसकी बेटी गाँव से बाहर शौच के लिए गई थी। गांव का ही रहने वाला गणेश पुत्र गुलाबचन्द्र किशोरी को जबरन पकड़ कर गलत संबंध बनाया। किशोरी घर आकर परिवार वालो को आप बीती बताई। लोक लज्जा के डर से पीड़ित परिवार घटना को छुपा लिया। जिसके बाद आरोपित गांव में घूमकर इधर उधर अफवाह फैलाने लगा तथा पीड़ित परिवार के घर जाकर गाली गुप्ता देते हुए कहा कि बेटी को रिश्तेदारी से बुला लो नही तो सभी को जान से मार दूंगा। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ धारा 376, 504, 506 के तहत केस दर्ज आरोपी की तलाश में जुटी है। प्रभारी निरीक्षक शशि भूषण राय ने बताया कि मुकदमा दर्ज किया गया है।

# मारपीट का वीडियो इंटरनेट मीडिया पर वायरल

**गोरखपुर (एसएनबी)।** गुलरिहा थाना क्षेत्र के जंगल डुमरी नंबर दो के टोला तिवारीपुर में 12 मई को पुलिस के सामने हुई मारपीट मामले में गुरुवार को कार्रवाई की गई। इस घटना का एक वीडियो भी इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हुआ था। जिसमें मारपीट के साथ पुलिस से नोंकझोंक करते हुए भी लोग दिखे थे। पूरे मामले की जांच कर रहे एएसपी आलोक भाटी की रिपोर्ट पर गुलरिहा पुलिस ने गुरुवार को मो. यूसुफ की तहरीर पर बबलू उर्फ शब्बीर आलम, शहंशाह आलम, आरिफ मोहम्मद, आरिफ उर्फ लल्ला एवं चार अज्ञात के विरुद्ध मारपीट, हत्या का प्रयास, बलवा और लोकसेवक अधिनियम के तहत केस दर्ज किया। जंगल डुमरी नंबर दो के तिवारीपुर निवासी मो. यूसुफ ने प्रापर्टी डीलर से अपनी जमीन का एग्रीमेंट किया था। उधर, यूसुफ के भतीजों का कहना था कि बिना खानगी बंटवारा किये उनकी जमीन पर प्रापर्टी डीलर कैसे कब्जा कर सकता है। इसी बीच 12 मई को प्रापर्टी डीलर ने जमीन पर निर्माण कराने के लिए गिराने लगा। इस पर एक पक्ष ने विरोध किया तो दूसरा पक्ष भी वहां आ गया। इसके बाद दोनों पक्षों में विवाद होने लगा। सूचना मिलने पर जब पीआरवी पुलिस वहां पहुंची तो विवाद को रोकने की कोशिश। इसके बाद भी दोनों पक्ष पुलिस के सामने ही भिड़ गये और जमकर मारपीट हुई।

# चोरी का आरोपी गिरफ्तार

टीपीनगर (एसएनबी)। रामगढ़ताल थाना क्षेत्र के फलमंडी इलाके के महेवा बंधा पर स्थित एन्ट्रेक्स ट्रांसपोर्टेशन कम्पनी है , जिसमें मुकेश पुत्र भोला निवासी झड़वाँ थाना रामगढ़ ताल सुपरवाइजार था । 5 मईको थाना रामगढ़ ताल पर कम्पनी के मालिक द्वारा लिखित तहरीर दिया गया था कि उनकी कम्पनी के 3,26,807 रु मुकेश जो पूर्व में कम्पनी में डिलीवरी ब्वाय का काम करता था जो चोरी कर लिया है , जिसके विरुद्ध थाना रामगढ़ ताल में मुकदमा संख्या 332/024 धारा 380/457 भादवि मुकदमा दर्ज किया गया था ।

वांछित आरोपी को फलमंडी चौकी इंचार्ज रामजी गुप्ता ने मय फोर्स गुरुवार की सुबह में मुखबिर की सूचना पर महेवा कटान ढाला से गिरफ्तार कर लिया गया। मुकेश ने चोरी के 3,26,807 रूपये बरामद कराया । बरामी के आधार पर धारा 411भादवि की बढ़ोत्तरी कर जेल भेज दिया गया ।

## एक्शन के खौफ में रहते हैं

# प्राइवेट प्रैक्टिस में लिप्त डॉक्टर

**गोरखपुर (एसएनबी)।** प्राइवेट प्रैक्टिस में लिप्त रहने वाले मेडिकल कालेज के डाक्टर हर क्षण सशंकित रहते हैं और विशेषकर उस वक्त जब वे अपनी क्लीनिक या किसी नर्सिंग होम में सेवा दे रहे होते हैं। चौकन्ना भी रहते हैं कि कहीं कोई वीडियो तो नहीं बना रहा है। भय इस कदर है कि वे अपनी पर्ची पर नहीं सादे कागज पर दवाएं लिखते हैं। कई-कई बार तो क्लीनिक के बाहर पर्ची बनाने वाला कर्मचारी मरीज से यहां तक पूछ बैठता है कि किस विभाग में काम करते हैं। धरती के भगवान इस कदर भयभीत हैं कि वे पेन नहीं पेंसिल का प्रयोग दवा लिखने में करने लगे हैं। बावजूद इसके वे प्राइवेट प्रैक्टिस के बुखार से उबर नहीं पा रहे हैं।

मेडिकल कालेज के 99.9 प्रतिशत डाक्टर विशेषकर जो क्लीनिकल है वे प्राइवेट प्रैक्टिस में लिप्त हैं। हालांकि समय-समय पर डाक्टर शपथ-पत्र भी लिखकर देते हैं कि हम प्राइवेट प्रैक्टिस नहीं करते हैं। इसके बाद ही उनको नान प्रैक्टिस एलाउंस मिलता है। मेडिकल कालेज के कई डाक्टर तो अपने आवास पर ही मरीज देखते हैं और ज्यादातर क्लीनिक या दूसरे के नर्सिंग होम में। वैसे मेडिकल कालेज की ओपीडी में आने वाले मरीजों में से ज्यादातर क्लीनिक पर जा पहुंचते हैं। इसमें अहम भूमिका अदा करता है ओपीडी में पर्ची लगाने वाला। वही बताता है कि क्लीनिक पर साहब अधिक समय देते हैं और ठीक से मरीज को देखते हैं। क्लीनिक पर बैठने के दौरान डाक्टर भयभीत रहता है कि कहीं कोई वीडियो तो नहीं बना रहा है। ऊपरी जेब में कोई मोबाइल रखकर दिखाने जा पहुंचता है तो धरती के भगवान की सांस अटक जाती है। कई तो ऐसे हैं जिनके यहां पर्ची लगाने का काम करने वाला कर्मचारी कह देता है कि मोबाइल अंदर वाली जेब में रखकर दिखाने जाएं। ज्यादातर डाक्टरों ने अपनी क्लीनिक में सीसी टीवी लगवा रखा है। बाहर कौन आ रहा है, सब देखते रहते हैं। आश्चर्य की बात तो यह है कि क्लीनिक पर बैठने के दौरान कोई भी डाक्टर अपने नाम वाली पर्ची नहीं रखता है। सादे कागज पर और पेंसिल से दवाएं लिख कर देता है तथा हस्ताक्षर भी नहीं करता है। मेडिकल कालेज में तो प्राइवेट प्रैक्टिस के बुखार से लगभग सारे डाक्टर पीड़ित हैं और उनकी ही शह पर कुकुरमुत्ते की तरह मेडिकल कालेज के इर्द-गिर्द खुल रहे नर्सिंग होम धड़ल्ले से फलफूल रहे हैं। उनको करीब-करीब पूरी खुराक मेडिकल कालेज से ही मिलती है। यही कारण है कि नर्सिंग होम मरीजों से खचाखच भरे रह रहे हैं।

**मेडिकल कालेज के डॉक्टरों पर चढ़ा प्राइवेट प्रैक्टिस का बुखार-14**

- मोबाइल ऊपरी जेब में रखकर कोई मरीज पहुंचता है तो हरकत में आ जाते हैं डाक्टर
- प्राइवेट प्रैक्टिस करने वाले खुद के नाम की पर्ची न रखकर सादे कागज पर लिखते हैं दवाएं
- कई तो ऐसे भी हैं जो पेन नहीं पेंसिल का करते हैं प्रयोग और हर समय रहते हैं चौकन्ना कि कहीं कोई वीडियो तो नहीं बना रहा

# घमंड टूटने की बधाई की होर्डिंग लगाने पर दो के खिलाफ केस

## कार्रवाई

- यूनीपोल का टेंडर हासिल करने वाली कम्पनी ने दर्ज कराया मुकदमा
- पुलिस ने पोस्टर उतरवाया कैमरे की फुटेज के जरिए लगाने वालों की तलाश

गोरखपुर,वरिष्ठ संवाददाता। लोकसभा चुनाव की मतगणना समाप्त होने के बाद बुधवार की रात शहर की सड़कों पर लगे यूनीपोल पर कुछ लोगों ने घमंड टूटने की बधाई की होर्डिंग लगा दी। कुछ ही देर में इसकी फोटो और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। उधर, यूनीपोल का टेंडर हासिल करने वाली संस्था ने इसकी शिकायत नगर निगम के साथ ही पुलिस अधिकारियों से की। जिसके बाद पुलिस ने होर्डिंग को उतरवा दिया और संस्था के कर्मचारी की तहरीर पर होर्डिंग में लिखे गए नाम यशवर्धन मिश्र और गौतम यादव के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

शहर के भीतर हाईवे के बीचोबीच डिवाइडर पर यूनीपोल लगे हैं। एक संस्था ने 150 यूनीपोल का टेंडर हासिल किया है। बुधवार की रात में किसी ने शहर के मुख्य जगहों पर यूनीपोल पर घमंड टूटने की बधाई की होर्डिंग लगा दी। इसे देखकर लोगों ने वीडियो और फोटो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। इस पर एक पार्टी का बैक ग्राउंड बना हुआ था। होर्डिंग पर यशवर्धन मिश्रा, समाजसेवी और गौतम यादव छात्र नेता गोरखपुर विश्वविद्यालय लिखा हुआ था। यूनिपोल का टेंडर हासिल करने वाली कम्पनी की तरफ से इसकी जानकारी पुलिस को दी गई।

आरोप लगाया गया कि विवादित होर्डिंग-पोस्टर जबरदस्ती लगाया गया है, जिससे जन मानस में रोष है। पुलिस ने केस दर्ज कर सीसीटीवी कैमरों की फुटेज से होर्डिंग लगाने वालों की तलाश शुरू कर दी। पूछताछ के लिए पुलिस ने कुछ लोगों को हिरासत में लिया है। होर्डिंग कहां बनाई गई और किसने लगाई उनकी भी तलाश है।

# पुलिस की मौजूदगी में युवक व युवती की हुई शादी

जासं, पीपीगंज : थाना क्षेत्र के एक गांव के युवक व युवती के बीच चार वर्षो से संबंध था। जानकारी होने पर युवती के घर वालों ने थाने में तहरीर देकर शिकायत की। जांच करते हुए पुलिस ने गुरुवार को दोनों पक्षों को थाने पर बुलाया, जहां बातचीत के बाद दोनों के स्वजन की सहमति पर थाना परिसर में स्थित मंदिर में युवक व युवती की शादी करा दी गई।

**पति समेत पांच पर दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज** : मुंडेरा बाजार : चौरी चौरा थाना क्षेत्र के जंगल मठिया के बेलहिया टोला निवासी महेंद्र पांडेय की पुत्री रूबी पांडेय ने गुरुवार को तहरीर देकर पति समेत पांच के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज कराया। रूबी पांडेय ने बताया कि उसकी शादी दो दिसंबर 2022 में देवरिया के रुद्रपुर थाना क्षेत्र के अधरंगी निवासी रामू तिवारी के साथ हुई थी।

शादी के दौरान ससुराल वालों की मांग के अनुसार पिता ने सबकुछ देकर विदा किया था। ससुराल पहुंचने पर पति समेत ससुर लक्ष्मण तिवारी, सास कलपाती देवी, जेठ सूर्यनारायन तिवारी, जेठानी ममता समेत एक देवर और दहेज की मांग करते हुए प्रताड़ित करने लगे। पहले ही दिन पति ने गाली देते हुए गला दबाकर मारने की कोशिश की।

बेहोश होने पर वह चला गया। कुछ देर बाद होश में आने पर आरोपितों ने उसे मारा पीटा, सामान तोड़ दिए। 28 अप्रैल 2024 को उसके पति ने मारपीट कर मायके में गांव के बाहर छोड़कर चले गये। तभी से वह मायके में रह रही है।

**महिला से दुष्कर्म का आरोपित गिरफ्तार** : कैंपियरगंज : थाना पुलिस ने शादी का झांसा देकर महिला से दुष्कर्म करने वाले आरोपित विष्णु मौर्य को गुरुवार को कैंपियरगंज रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार कर लिया। आरोपित भागने के फिराक में था। पूछताछ के बाद पुलिस ने उसे न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया।

# लगाया विवादित होर्डिंग, एक हिरासत में




शहर में लगा विवादित होर्डिंग।

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : शहर के सभी प्रमुख चौराहों पर गुरुवार की भोर में विवादित होर्डिंग लगा दिया गया। एक राजनीतिक दल के झंडे वाले बैकग्राउंड की होर्डिंग पर दो छात्रनेताओं का नाम लिखा है। मामला संज्ञान में आने पर पुलिस ने सभी होर्डिंग उतरवा दिया। कैंट थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर एक युवक को हिरासत में लिया है।

पैडलेगंज, छात्रसंघ चौराहा, असुरन चौराहे पर लगी होर्डिंग पर बड़े-बड़े अक्षरों में घमंड टूटने की बधाई लिखी हुई थी। सुबह इंटरनेट मीडिया पर यह होर्डिंग तेजी से प्रसारित हो गई, जिस पर लोग कमेंट भी कर रहे थे। होर्डिंग पर समाजसेवक यशवर्धन मिश्रा और विश्वविद्यालय छात्रनेता गौतम यादव का नाम लिखा है।

जागरण इंगेज के विनय पांडेय ने देर रात कैंट थाना पुलिस को तहरीर देकर बताया कि छात्रनेताओं ने जबरन विवादित बैनर पोस्टर लगा दिया, जिससे जनमानस में रोष है। एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बताया कि माहौल बिगाड़ने का प्रयास करने वालों की तलाश चल रही है। जिस युवक ने पोस्टर लगाया है, उसकी तलाश चल रही है।

# ट्रांसपोर्ट कम्पनी का ताला तोड़ 3.26 लाख की चोरी, आरोपी गिरफ्तार

**शिकंजा**

- रामगढ़ताल पुलिस ने सुपरवाइजर की तहरीर पर दर्ज किया केस
- पूर्व में डिलीवरी ब्वॉय का काम कर चुका था आरोपी मुकेश कुमार

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। रामगढ़ताल इलाके के महेवा बंधा स्थित ट्रांसपोर्ट कंपनी का ताला तोड़कर नगदी समेत 3.26 लाख रुपये की चोरी के मामले में पुलिस ने एक आरोपित को गिरफ्तार कर उसके पास से चोरी की रकम बरामद कर ली है। आरोपित युवक ट्रांसपोर्ट कम्पनी में पूर्व में डिलीवरी ब्वॉय का काम कर चुका था। सीसीटीवी फुटेज से पहचान कर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

जानकारी के अनुसार, देवरिया के भाटपारी इलाके के बहियासी बघेल निवासी गोविंद कुमार ने रामगढ़ताल पुलिस को तहरीर देकर बताया है कि वह महेवा बंधा किनारे स्थित एंट्रेक्स ट्रांसपोर्टेशन कंपनी में सुपरवाइजर के पद पर तैनात हैं। बुधवार को जब कंपनी के ऑफिस पर पहुंचे तो ताला टूटा मिला। अंदर सामान बिखरा हुआ था। कैश बॉक्स में रखा तीन लाख 26 हजार 807 रुपया गायब था।

सीसीटीवी फुटेज को खंगालने पर एक युवक ताला तोड़कर अंदर घुसता दिखा। उसकी पहचान इलाके के झरवा टोला निवासी मुकेश कुमार के रूप में हुई। पुलिस चोरी का केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी। रामगढ़ताल थानेदार इत्यानंद ने बताया कि आरोपित मुकेश को गिरफ्तार कर रुपये बरामद कर लिए गए हैं। पूर्व में वह संबंधित कंपनी में डिलीवरी ब्वॉय के रूप में काम कर चुका था। वह ट्रांसपोर्ट कंपनी के बारे में हर जानकारी रखता था। उसी का फायदा उसने उठाया था।

# हत्या के प्रयास का आरोपित गिरफ्तार

मुंडेरा बाजार : चौरी चौरा थाना पुलिस ने गुरुवार को चौरी खास निवासी अभिषेक वर्मा उर्फ पग्गु को गिरफ्तार किया। इसके विरुद्ध चौरी खास की सरोजा देवी ने हत्या के प्रयास समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया था। सरोजा ने आरोप लगाया था कि उनके दरवाजे पर लगे नीम का पेड़ तोड़ने का विरोध करने पर आरोपित समेत छह लोगों ने उसके पति गोरख वर्मा व पुत्रों को मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने आरोपित अभिषेक को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया।

# दोपहर तक थानेदार करेंगे सुनवाई जरूरी होने पर ही छोड़ेंगे थाना

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : चुनाव व वीआइपी ड्यूटी लगने से ढाई माह तक थानेदारों ने नियमित रूप से जनसुनवाई नहीं की। इस दौरान दिवसाधिकारी व एसएसआइ ने ही पीड़ित की बात सुनी। लोकसभा चुनाव खत्म होते ही एसएसपी ने आदेश जारी कर सभी थानेदारों को सुबह 10 से दोपहर दो बजे तक थाना न छोड़ने को कहा है। इस बीच थानेदार अपने कार्यालय में बैठकर जनसुनवाई करने के साथ ही पिछले दिनों आए प्रार्थना पत्र का निस्तारण कराएंगे।

एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर ने बताया कि थाने में बेहतर ढंग से जनसुनवाई हो, इसके लिए पूर्व में व्यवस्था बनाई गई थी कि थानेदार सुबह 10 से दोपहर दो बजे तक थाने में मौजूद रहेंगे। गश्त या बैंक चेकिंग के नाम पर थाना नहीं छोड़ेंगे। इस बीच आने वालीं सभी शिकायतों का संज्ञान लेकर उसका त्वरित निस्तारण कराएंगे, ताकि पीड़ित को भागदौड़ न करनी पड़े। चुनाव व वीआइपी ड्यूटी की वजह से यह क्रम टूट गया था। चुनाव खत्म होने के बाद सभी थानेदारों से कहा गया है कि वह सुबह 10 से दोपहर दो बजे तक जनसुनवाई करें। कोई घटना होने या ड्यूटी लगने पर ही इस बीच में थाना छोड़ें।



एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर • जागरण

## पुलिस कार्यालय से होगी जांच

थानेदार अपने कार्यालय में बैठकर जनसुनवाई कर रहे हैं या नहीं, इसकी जांच कराई जाएगी। एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर ने बताया कि एडिशनल एसपी व सीओ से इसकी जांच कराई जाएगी। गड़बड़ी मिलने पर संबंधित थानेदार के विरुद्ध कार्रवाई होगी।

# बाइक के पुर्जे संग एक गिरफ्तार

गोरखपुर। चोरी की बाइक के पुर्जे और कटी हुई बाइक संग एक आरोपी को कैंट पुलिस ने गिरफ्तार किया। उसके खिलाफ चोरी, चोरी के सामान के साथ पकड़े जाने का केस दर्ज करके पुलिस ने जेल भेज दिया।

गोलघर चौकी इंचार्ज सुधांशु सिंह को सूचना मिली कि चोरी की बाइक का पुर्जा निकालकर उसे टुकड़ों में काटकर बेचने वाला व्यक्ति कहीं जा रहा है। उसकी घेराबंदी करके तलाशी ली तो उसके पास से बाइक के पुर्जे बरामद हो गए।

### गर्भपात कराने से इनकार, समाज से लड़कर दुष्कर्म पीड़िता ने दिया बच्चे को जन्म

# रेप पीड़िता बोली-बच्चे को पालूंगी आरोपी को सजा भी दिलाऊंगी

**साहस**

■ शिवम सिंह



गोरखपुर। प्रेम में धोखा मिला और 20 साल की उम्र में वह गर्भवती हो गई। समाज और घर ने दबाव बनाया कि गर्भपात करा लो, लेकिन गर्भ में पल रहे मासूम के लिए वह सबसे लड़ गई। प्रेमी पर दुष्कर्म का केस दर्ज कराया तो खुद मां बनने का फैसला भी लिया। कुंवारी मां बनी युवती ने साफ कह दिया कि बच्चे को पालेगी और आरोपी को सजा भी दिलाएगी। परिवार वाले मदद को आगे नहीं आए तो युवती ने पुलिस से मदद मांगी। पिपराइच थाने के दरोगा ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया और मंगलवार को उसने बच्चे को जन्म दिया।

पिपराइच इलाके के एक गांव की रहने वाली युवती का एक युवक से प्रेम संबंध हो गया। दोनों की नजदीकियां बढ़ीं और वह गर्भवती हो गई। पीड़िता बताती है, पहले उसने दवा खाकर गर्भ को गिराने को कहा, लेकिन वह तैयार नहीं हुई। फिर धोखे से दवा देने की कोशिश की लेकिन संदेह होने पर उसने नहीं खाया। इसके बाद भी रिश्ता आगे चला, लेकिन वह धीरे-धीरे दूरी बनाने लगी। कुछ समय बाद घरवालों और समाज को भी उसके गर्भवती होने की बात पता चल गई। सबने प्रेमी से संपर्क किया। युवती के घरवालों ने युवक के परिजनों से मिलकर दबाव बनाया, लेकिन वह शादी के लिए तैयार नहीं हुआ। अंत में पीड़िता के घरवाले भी गर्भपात कराने का दबाव बनाने लगे। लोकलज्जा का भी डर दिखाया, लेकिन युवती ने अपने पेट में पल रहे बच्चे को मारने से इनकार कर दिया। सारी उम्मीदें टूटने के बाद एक महीने पहले उसने आरोपी पर दुष्कर्म का केस दर्ज कराया लेकिन वह फरार हो गया। एकाध बार फोन कर संपर्क भी किया तो गर्भपात कराने की बात ही कही।

मदद की गुहार पर पिपराइच थाने के एसएसआई रविसेन यादव आगे आए और युवती को अस्पताल में भर्ती कराया। मंगलवार को उसने बेटे को जन्म दिया। पुलिस जच्चा-बच्चा का ख्याल भी रख रही है। मदद में कई और हाथ आगे बढ़ने लगे हैं।



"पीड़िता की तहरीर पर रेप का केस दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जा रही है। मदद मांगने पर पुलिस ने मानवीय पक्ष अपनाते हुए पीड़िता को अस्पताल में भर्ती कराया। जच्चा-बच्चा दोनों स्वस्थ हैं। पीड़िता की विधिक रूप से पूरी मदद की जाएगी।

– जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव, एसपी नार्थ

"पीड़ित युवती ने हिम्मत दिखाई है तो पुलिस भी मददगार बनी है। दुष्कर्म का केस दर्ज कर फरार आरोपी की तलाश की जा रही है। इस बीच युवती ने संपर्क किया और प्रसव पीड़ा होने की जानकारी दी। उसे तत्काल सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां पर सुरक्षित प्रसव हुआ है। पुलिस हरसंभव मदद कर रही है। आरोपी पर नियमानुसार कार्रवाई भी की जाएगी।

– रविसेन यादव, एसएसआई, पिपराइच

# हत्या के प्रयास का एक आरोपी दबोचा गया

चौरीचौरा। चौरीचौरा थानाक्षेत्र के चौरी खास गांव की सरोज देवी पत्नी गोरख वर्मा की तहरीर पर हत्या के प्रयास सहित अन्य धाराओं में दर्ज केस में पुलिस ने गुरूवार को एक आरोपी अभिषेक वर्मा उर्फ पग्गू को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

सरोज देवी ने अपने ही गांव के अभिषेक वर्मा सहित कुल छह लोगों पर दरवाजे पर लगे नीम का पेड़ तोड़ने को लेकर उसके पति गोरख वर्मा, उसके पुत्रों व उसे मारपीट कर गम्भीर रूप से घायल कर देने का आरोप लगाते हुए हत्या के प्रयास, जानमाल की धमकी देने सहित कई धाराओं में केस दर्ज कराया था।

# ट्रक चालक पर केस

सोनबरसा। सोनबरसा मे फोरलेन क्रासिंग पर बुधवार को अपराह्न ट्रक की चपेट में आने से युवक की मौत के मामले में पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है। मुकदमा एम्स क्षेत्र के रामूडिहा निवासी रामा प्रसाद की तहरीर पर दर्ज हुआ है।

## पति समेत आठ पर दहेज उत्पीड़न का केस

पिपराइच। विवाहिता ने पुलिस को तहरीर देकर पति समेत आठ लोगों पर केस दर्ज कराया है। रंजना प्रजापति का मायका कुशीनगर के पगराबारी गांव में है। पुलिस को दी गई तहरीर में रंजना ने बताया कि उनकी शादी दो साल पहले पिपराइच में हुई थी। 23 मई को ससुरालियों द्वारा दहेज के लोभ में मारपीट कर घर से भगा दिया गया। विवाहिता की तहरीर पर पुलिस ने पति संतोष, सास कुसमावती देवी, ससुर ओमप्रकाश, देवर शैलेश, पंकज, ननद सोनी, रेनू और प्रदीप पर दहेज उत्पीड़न तथा जानमाल की धमकी का केस दर्ज किया है।

# पीआरवी जवानों से हाथापाई 5 पर हत्या के प्रयास का केस

- जमीन विवाद की सूचना पर पहुंची थी पीआरवी
- गुलरिहा क्षेत्र के जंगल डुमरी नं 2 का है मामला

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। गुलरिहा थाना क्षेत्र के जंगल डुमरी नंबर दो में पट्टीदारों के बीच जमीन विवाद में हुई मारपीट की सूचना पर पहुंचे पीआरवी जवानों पर आरोपितों ने हमला किया था। मामले में जांच के बाद गुलरिहा पुलिस ने चार नामजद समेत पांच के खिलाफ हत्या के प्रयास सहित अन्य गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया है।

क्षेत्र के जंगल डुमरी नंबर दो टोला तिवारीपुर निवासी मोहम्मद यूसुफ की ओर से दी गई तहरीर के मुताबिक, खपड़हवा चौराहे के पास उनकी 57 डिसमिल पुस्तैनी जमीन है। आरोप है कि 12 मई को वह अपने खेत में ट्राली से ईंट गिरवा रहा था।

अचानक पट्टीदार बबलू उर्फ सबीर आलम, शहंशाह आलम, आरिफ आलम पुत्र शरीफ, आरिफ उर्फ लल्ला व एक अन्य ने पुस्तैनी जमीन हड़पने की नियत से लाठी-डंडा व कुदाल से जानलेवा हमला कर दिया था। इस दौरान पीड़ित जान बचाकर मकान में छिप गए और वहीं से डॉयल 112 नंबर पर सूचना दी।

मौके पर पहुंचे पीआरवी जवानों ने दोनों पक्षों को समझाने का प्रयास किया तो सबीर आलम ने अपने आप को संपादक बताते हुए पीआरबी जवानों से हाथापाई कर पुलिस से धक्का मुक्की की। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हुआ था। मामले की जांच एएसपी आलोक भाटी ने की। जांच में सत्यता मिलने पर गुलरिहा पुलिस ने एसएसपी के आदेश पर चार नामजद समेत पांच के खिलाफ केस दर्ज किया है।

# पति सहित आठ पर दहेज उत्पीड़न का केस

पिपराइच। नगर पंचायत में रहने वाली विवाहिता रंजना प्रजापति ने पति संतोष प्रजापति समेत आठ लोगों पर दहेज उत्पीड़न, मारपीट व जानमाल की धमकी देने का आरोप लगाते हुए पिपराइच थाने में केस दर्ज कराया है।

रंजना का मायका कुशीनगर हाटा कोतवाली के पगराबारी गांव में है। आरोप है कि उसकी शादी दो साल पहले हुई थी। कुछ ही समय बाद ससुराल वाले पल्सर बाइक व एक लाख रुपये के लिए प्रताड़ित करने लगे। ब्यूरो

# हत्या का प्रयास करने के आरोप में एक गिरफ्तार

चौरीचौरा। इलाके के चौरी खास निवासी सरोजा देवी पत्नी गोरख वर्मा की तहरीर पर हत्या के प्रयास सहित अन्य धाराओं में दर्ज केस में चौरीचौरा पुलिस ने बृहस्पतिवार को एक आरोपी अभिषेक वर्मा उर्फ पग्गू पुत्र प्रमोद वर्मा को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया। चौरी खास निवासी सरोजा देवी ने अपने ही गांव के अभिषेक वर्मा सहित छह लोगों पर दरवाजे पर लगे नीम का पेड़ तोड़ देने को लेकर उसके पति गोरख वर्मा, उसके पुत्रों व उसे मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर देने का आरोप लगाया। ब्यूरो

# आठ घंटे की मशक्कत के बाद पकड़ा गया सांड़

## तहसील व पुलिस कर्मियों ने ग्रामीणों की मदद से पकड़ा, खजनी के धुवहां गांव में सांड़ के आतंक से परेशान थे लोग

अमर उजाला ब्यूरो



सांड़ को पकड़ने के लिए निकली तहसील व पुलिस कर्मियों की टीम। संवाद



पकड़े गए सांड़ को वाहन पर लादा गया। संवाद

**खजनी (गोरखपुर)।** थाना क्षेत्र के धुवहां में काफी दिनों से सांड़ ने आतंक मचा रखा था। इसके हमले से छह लोग घायल हो चुके हैं जबकि एक की जान भी जा चुकी है। बृहस्पतिवार को तहसील प्रशासन खजनी पुलिस के साथ सांड़ को पकड़ने सड़क पर उतरा। सुबह आठ बजे ऑपरेशन शुरू हुआ। दिन भर टीम सांड़ के पीछे गांव-गांव दौड़ लगाती रही। टीम के साथ करीब छह किलोमीटर तक 50 से अधिक ग्रामीणों ने भी कड़ी मशक्कत की, तब जाकर शाम चार बजे उसे पकड़ने में कामयाबी मिली।

जानकारी के अनुसार, बृहस्पतिवार सुबह आठ बजे एसडीएम शिवम सिंह, नायब तहसीलदार हरीश यादव, खजनी थाने की पुलिस धुवहां गांव पहुंची। कई कर्मचारी रस्सी और वाहन के साथ पहुंचे। इसके बाद सभी लोग सांड़ को खोजना शुरू किया। एक जगह पुलिस को सांड़ दिखा तो टीम पकड़ने पहुंची तो उसने उन्हें दौड़ा लिया। गाड़ी में छिपकर उन्हें बचाव करना पड़ा। इसके बाद जिधर सांड़ जाता रहा था, उसे घेरने के लिए तरकीब लगाई जाती रही।

**प्रधान ने की थी शिकायत**

धुवहां गांव की प्रधान ममता सिंह ने बुधवार को थाने में प्रार्थनापत्र दिया था। बताया था कि एक सांड़ ने गांव में आतंक मचा रखा है। ग्रामीण भयभीत हैं, एक महीने के अंदर उसके हमले से छह लोगों घायल हो चुके हैं, जबकि एक व्यक्ति की मौत भी हो गई है।

मंगलवार को अवध कुमार मिश्रा सांड़ के हमले से घायल होकर अस्पताल के आईसीयू में जिंदगी और मौत से जूझ रहे हैं। पूरा गांव घर में सोता है कोई बाहर नहीं निकलता है। उन्होंने सांड़ को पकड़वाने की मांग की थी।



धुवहां में सांड़ का आतंक, छह पर कर चुका है हमला, एक की मौत

6 जून के अंक में छपी खबर।

# दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

कैंपियरगंज। थाना क्षेत्र की पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी युवक को बृहस्पतिवार को गिरफ्तार कर जेल भेजवा दिया। क्षेत्र के एक गांव की एक महिला के साथ गांव का ही युवक शादी का झांसा देकर पांच वर्षों से दुष्कर्म कर रहा था। पीड़िता ने 16 अप्रैल को केस दर्ज कराया। बृहस्पतिवार को पुलिस ने कैंपियरगंज रेलवे स्टेशन के पास से आरोपी को गिरफ्तार किया। ब्यूरो

# सुबह 10 से दो बजे तक थाने में फरियाद सुनेंगे थानेदार

गोरखपुर। लोकसभा चुनाव और इसके अंतर्गत वीआईपी ड्यूटी करने की वजह से ढाई माह तक सभी थानेदार नियमित रूप से जन सुनवाई नहीं कर सके।

इस दौरान दिवसाधिकारी व एसएसआई ने ही पीड़ित की बात सुनी। चुनाव खत्म होते ही एसएसपी ने आदेश जारी कर सभी थानेदारों को सुबह 10 से दोपहर दो बजे तक थाना न छोड़ने को कहा है। इस बीच थानेदार कार्यालय में बैठकर जन

**चुनाव के कारण ढाई माह तक सभी थानेदार नियमित रुप से जन सुनवाई नहीं कर सके**

सुनवाई करने के साथ ही पिछले दिनों आए प्रार्थनापत्र का निस्तारण कराएंगे। एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने बताया कि थाने में बेहतर ढंग से जन सुनवाई हो इसके लिए पूर्व में व्यवस्था बनाई गई थी कि थानेदार थाने में मौजूद रहेंगे। संवाद

# सड़क पर लगाया विवादित पोस्टर, छात्र नेताओं पर केस दर्ज




यूनिवर्सिटी चौराहे के पास लगाया गया पोस्टर। संवाद

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। शहर में विभिन्न चौराहों पर यूनिपोल पर लगे विवादित पोस्टर बृहस्पतिवार को चर्चा का विषय बन गए। छात्र नेताओं के नाम के साथ ही उस पर बड़े-बड़े अक्षरों में घमंड टूटने की बधाई लिखा हुआ था। यह पोस्टर थोड़ी ही देर में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर तेजी से वायरल हो गया।

इसके बाद कई जगहों से प्रतिक्रिया भी आने लगी। पोस्टर पर समाजसेवक यशवर्धन मिश्रा और विश्वविद्यालय छात्र नेता गौतम यादव का नाम लिखा है। इनके खिलाफ देर शाम तहरीर मिलने के बाद कैंट थाने में केस दर्ज किया गया है।

असुरन चौक, विश्वविद्यालय चौक और पैडलेगंज में बड़े-बड़े विवादित होर्डिंग लगाए गए। सभी यूनिपोल को नगर निगम से टेंडर के दौरान पाने वाली संस्था ने कैंट थाने में तहरीर देकर बताया कि पैडलेगंज चौराहे पर यश वर्धन मिश्रा एवं गौतम यादव द्वारा जबरदस्ती विवादित बैनर पोस्टर लगा दिया गया है, जिससे जनमानस में रोष है। तहरीर मिलने के बाद होर्डिंग लगाने वाले मजदूर को पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

वहीं नामजद दोनों युवकों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस जगह-जगह छापा मार रही है। एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बताया कि केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही है।

### शहर में लगा विवादित पोस्टर दिनभर होता रहा वायरल

### कैंट थाने में दो आरोपियों पर दर्ज किया गया केस

## विवादित पोस्टर के पीछे किसका हाथ?

गोरखपुर। शहर में छात्रनेता और समाजसेवी के नाम पर लगा विवादित पोस्टर बृहस्पतिवार को खूब चर्चा में रहा। पोस्टर में जिस तरह के शब्दों का चयन किया गया और जिस तरह से इसकी प्रस्तुति की गई थी, उसे देखते हुए यह स्वीकार करना मुश्किल है कि यह केवल छात्रनेताओं द्वारा ही तैयार किया गया होगा। लोकसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद सत्ताधारी पार्टी के लिए विपक्ष के लोग जिस टोन में व्यंग्य कर रहे हैं, पोस्टर की भाषा भी उसी टोन की है। आशंका व्यक्त की जा रही है कि पोस्टर को तैयार करने वाले पर्दे के पीछे हैं और छात्रनेताओं का नाम आगे कर दिया गया है। पुलिस इन तथ्यों को ध्यान में रखकर मामले की जांच कर रही है। पुलिस का कहना है कि दोनों आरोपियों के पकड़े जाने के बाद पोस्टर तैयार करने वाले सभी लोगों के नाम सामने आ जाएंगे। ब्यूरो

# DEORIA POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 07-06-2024

S

# मदनपुर में काट दिए गए वर्षों पुराने पेड़, लोगों में गुस्सा

**मदनपुर, हिन्दुस्तान संवाद।** स्थानीय कस्बा के एक वार्ड स्थित बागीचे में नगर पंचायत के प्रस्ताव पर वन विभाग की ओर से सात पेड़ काटने का परमिशन दिया गया था। लेकिन ठेकेदार द्वारा आठ पेड़ काटने का मामला सामने आया है। उक्त जमीन पर टाउन एरिया की ओर से एमआरएफ सेंटर बनाए जाने की योजना है। विश्व पर्यावरण दिवस पर जहां पेड़ लगाने के लिए लोगों को जागरुक किया जा रहा है। वहीं पेड़ों की कटान होने से लोगों में नाराजगी है।

मदनपुर कस्बा के मझवां वार्ड के दक्षिण-पश्चिम में बागीचा है। गुरुवार को ठेकेदार द्वारा एक पेड़ अधिक काट लेने का मामला सामने आया है। जिसको लेकर मोहल्ले के लोगों में नाराजगी है। जिसकी शिकायत वन विभाग व नगर पंचायत में किया गया। जानकारी होने पर वन विभाग के बीट प्रभारी मनोज कुमार मिश्र, रामकेश यादव व टाउन एरिया के लोग पहुंच गए। नगर पंचायत ने पेड़ को जब्त किया है। जबकि वन विभाग ने कार्रवाई करते हुए जुर्माना की तैयारी में लगा हुआ है। लोगों का कहना है कि पूरा देश विश्व पर्यावरण दिवस मना रहा है। इधर जिम्मेदार बागीचे से दुर्लभ व कीमती हरे पेड़ कटवा रहे हैं। वन विभाग ने सात पेड़ काटने का परमिशन दिया था। लेकिन ठेकेदार आठ पेड़ कटवा लिए थे। लोगों का कहना था कि एमआरएफ सेंटर कहीं अन्यत्र भी बनाया जा सकता है। इस संबंध वन दारोगा अभिषेक राय ने बताया कि बिना अनुमति के अवैध तरीके से काटे गए पेड़ को लेकर उप्रग्रामीण वृक्ष संरक्षण अधिनियम 2001 के तहत कार्रवाई करते हुए जुर्माना लगाया जाएगा।

# रुद्रपुर में बिना पंजीकरण के चल रहे अल्ट्रासाउंड सेंटर

जासं,रुद्रपुरः बिना पंजीकरण के आधा अल्ट्रासाउंड सेंटर बेखौफ होकर संचालित किए जा रहे हैं। विभाग की छापेमारी गिनती के अल्ट्रासाउंड सेंटरों पर सिमट कर रह जाती है। इन केंद्र के संचालकों से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर वर्षो से तैनात स्वास्थ्य कर्मियों और एएनएम से मिलीभगत होकर चल रहा हैं। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर संविदा पर कार्य करने वाले संविदा कर्मी अपना खुद का बिना पंजीकरण के अल्ट्रासाउंड सेंटर गोपनीय तरीके से चला रहे है। जिम्मेदार जब इनके पास छापेमारी की कार्रवाई करने जाते हैं तो इनकी भनक उनको पहले हो जाती है।खजुआ, बसस्टेशन, पश्चिमी बाइपास,सेमरौना, पचलड़ी,मदनपुर रामलक्षन के समीप बिना पंजीकरण के अल्ट्रासाउंड सेंटर चल रहे हैं।

# शव बरामद, हत्या की आशंका

**देवरिया(एसएनबी)।** सदर कोतवाली थाना क्षेत्र अन्तर्गत देवरिया-गोरखपुर मार्ग पर पालीटेक्निक के समीप एक दिन पूर्व रेलवे लाइन के किनारे मिले शव का शिनाख्त प्रेम सागर (22 वर्ष) पुत्र अम्बिका प्रसाद निवासी ग्राम मेहरौना थाना बरियारपुर के रूप में हुई। पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे परिजनों ने मृत युवक की हत्या कर शव रेलवे लाइन के किनारे फेंक दिए जाने की आशंका जताई है। मृतक के चेहरे पर चोट के निशान थे।



प्रेम सागर का फाइल फोटो

बरियारपुर थाना क्षेत्र के ग्राम मेहरौना निवासी प्रेमसागर (22 वर्ष) पुत्र अम्बिका प्रसाद शहर के वार्ड नम्बर 2 पिपरपाती में किराये के मकान में रह कर एक व्यक्ति का कार चलाता था। गत 4 जून को वह कार खड़ी कर कहीं निकल गया। काफी देर तक उसके न लौटने पर कार मालिक ने जब प्रेमसागर को फोन किया तो उसका मोबाइल स्वीच आफ जा रहा था। इसके बाद कार मालिक ने इसकी जानकारी परिजनों को दी तो परिजनों द्वारा भी फोन करने पर उसका मोबाइल स्वीच आफ जा रहा था। इसके बाद परिजन बुधवार को उसकी काफी खोजबीन किए, लेकिन उसका कहीं पता नहीं चल सका। बृहस्पतिवार को कार मालिक ने परिजनों से कोतवाली जाकर तहरीर देने को कहा। परिजन बृहस्पतिवार को सदर कोतवाली तहरीर देने पहुंचे। इस बीच जब परिजनों ने पुलिस को प्रेमसागर का फोटो दिखाया तो पुलिस ने उसका शव बरामद होने की जानकारी दी। परिजनों ने मोर्चरी पहुंचकर शव का शिनाख्त किया। मौत की जानकारी होते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पत्नी रेखा देवी का रो-रोकर बुरा हाल था। मृतक की दो पुत्रियां अर्पिता व स्मिता हैं। पत्नी गर्भवती है।

पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे मृतक के भाई अजय व राजेश ने प्रेमसागर की हत्या कर शव को रेलवे लाइन पर फेंक दिए जाने की आशंका जताई है। इनका कहना है कि प्रेमसागर का पिपरपाती के ही एक व्यक्ति से छह माह पूर्व विवाद हुआ था। इस मामले में पुलिस ने दोनों पक्षों की बीच सुलह भी कराया था।

इस संबंध में सदर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक वेद प्रकाश शर्मा ने बताया कि एक व्यक्ति का शव मिला था। शव की शिनाख्त हो गई है।

## इंटरनेट मीडिया पर अभद्र टिप्पणी, तीन पर मुकदमा

भटनी : क्षेत्र के नोनापार के रहने वाले भाजपा नेता के विरुद्ध अभद्र टिप्पणी करने पर पुलिस ने तीन के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। भाजपा नेता मानवेन्द्र तिवारी ने पुलिस को तहरीर दी है। आरोप लगाया है कि वह देवरिया लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में प्रचार कर रहे थे। उनके विजयी होने पर तीन लोगों ने अभद्र टिप्पणी की है। इस मामले में पुलिस ने तनाशा वर्मा, शिवकुमार सिंह व आशुतोष कुमार के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

## तीन लोगों पर मारपीट का मुकदमा

देवरिया : मदनपुर के नेतवार में हुए मारपीट के मामले में पुलिस ने तीन लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। जिसमें चुम्मन गोंड, सुमित गोंड, छोटू शामिल हैं। यह कार्रवाई पुलिस ने गांव की चंद्रकला देवी की तहरीर पर की है।

# दरवाजे से अधेड़ को उठा ले गए दबंग चार घंटे में पुलिस ने किया बरामद

जागरण संवाददाता, एकौना: क्षेत्र के बेलवा दुबौली से दोपहर को एक अधेड़ को दरवाजे से दबंग उठा ले गए। हालांकि पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए गोरखपुर जनपद की सीमा से बरामद करने का दावा कर रही है। देर रात तक पुलिस पूछताछ कर रही थी। घटना के पीछे कुछ दिन पहले हुआ विवाद कारण बताया जा रहा है।

बेलवा दुबौली की रहने वाली आसमा खातून पत्नी इदन अली ने पुलिस को तहरीर दी कि पुत्र की 23 जून को शादी है। सामान की खरीदारी को वह परिवार के अन्य लोगों के साथ जिला मुख्यालय गई थी। घर पर पति ही थे। गांव के ही पांच लोग

**एकौना के बेलवा दुबौली का मामला, देर रात तक पूछताछ कर रही थी पुलिस**

आए और हथियार के बल पर पति इदन अली को उठा ले गए। दबंगों द्वारा उठाने की शिकायत मिलने के बाद पुलिस सक्रिय हो गई। हालांकि चार घंटे के अंदर ही गोरखपुर सीमा से उन्हें पुलिस ने बरामद कर लिया। बताया जा रहा है कि दबंग छोड़ कर भाग गए थे। सीओ अंशुमन श्रीवास्तव ने बताया कि विवाद में कुछ लोगों द्वारा अधेड़ को उठाने की शिकायत मिली थी। अधेड़ को बरामद कर लिया गया है। प्रकरण की जांच के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

# यूपी 112 को मिली नई आठ स्कार्पियो

जागरण संवाददाता, देवरिया: पुलिस विभाग के संसाधन अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस किए जा रहे हैं। जिले में यूपी 112 को नई आठ स्कार्पियो मिली है। इसमें से एक स्कार्पियो शहर को मिली है, जिसके छत पर सीसी कैमरा लगाया गया है। एक किलोमीटर की परिधि में हर गतिविधि सीसी कैमरे में कैद होगी। वाहन में तीन पुलिस कर्मियों की तैनाती की गई है।

सरकार ने अपराध पर अंकुश लगाने को यूपी 112 की सुविधा दी है। इस सुविधा के शुरू होने के बाद अपराध पर अंकुश लगे हैं, वहीं किसी भी सूचना पर अधिकतम 15 से 16 मिनट में पुलिस मौके पर पहुंच जाती है, जिससे किसी भी बड़े अपराध को यह टीम आसानी से रोक लेती है। यूपी 112 की सुविधा भी आए दिन अत्याधुनिक होती जा रही है। जिले में 42 बोलेरो व स्कार्पियो व 20 बाइक यूपी 112 की टीम को मिली है। पुलिस कर्मियों को बाडी वार्म कैमरा से लैस किया गया है। मौके पर पहुंचते ही सभी गतिविधियां कैमरे में कैद हो जाती है। एक स्कार्पियो शहर के लिए मिली है। जिसमें सीसी कैमरा लगाया गया है। इसके अलावा अन्य सुविधाएं भी इसमें दी गई है।

# दो पक्षों में चले धारदार हथियार 10 नामजद समेत 30 पर केस

## परासखाड़ गांव में पेड़ की डाली काटने को लेकर हुआ था विवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

**तरकुलवा।** थाना क्षेत्र के परासखाड़ गांव में मंगलवार की शाम पेड़ की डाली काटने को लेकर दो पक्षों में विवाद के बाद जमकर मारपीट हो गई। दोनों तरफ से धारदार हथियार से हमला हुआ। इसमें दोनों ओर के नौ लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

सूचना पर पुलिस ने घायलों को तरकुलवा सीएचसी भेजवाया। जहां कुछ की हालत गंभीर देख डाक्टरों ने महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कॉलेज देवरिया रेफर कर दिया। उधर, पुलिस देर रात दोनों तरफ के कुल 10 नामजद और 20 अज्ञात लोगों के खिलाफ बलवा, मारपीट, जानमाल की धमकी सहित कई गंभीर धाराओं में केस दर्ज कर कार्रवाई में जुट गई है।

रामपुर कारखाना थाना क्षेत्र के नौतन हथियागढ़ गांव निवासी श्रीराम यादव की थाना क्षेत्र के परासखाड़ गांव में नेवासा की जमीन है। उनका पड़ोस के श्रीकांत यादव से काफी दिनों से जमीन विवाद चलता है। मंगलवार की शाम में श्रीराम यादव अपने खेत के किनारे पेड़ की डालियों की छंटाई करवा रहे थे। इस बीच बगलगीर श्रीकांत यादव से उनका विवाद हो गया। दोनों ओर से जमकर मारपीट शुरू हो गई और धारदार हथियार से हमला होने लगा। इसमें कई लोगों को गंभीर चोटें आईं।

इस मामले में पुलिस ने एक पक्ष के परमेश्वर यादव की तहरीर पर विजय प्रताप यादव, दशरथ यादव, कृष्णमोहन यादव, अरुण यादव अंकुश यादव व श्रीकांत यादव के खिलाफ तो वहीं, दूसरे पक्ष के श्रीकांत यादव की तहरीर पर श्रीराम यादव, प्रेम यादव, परमेश्वर यादव, छोटेलाल व 20 अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह ने बताया कि दस नामजद लोगों समेत 30 लोगों पर केस दर्ज कर गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है।

## बरातियों पर जानलेवा हमला, पांच गंभीर

**भाटपाररानी।** खामपार क्षेत्र के ग्राम खैराट में कोन्हा मोड़ पर मंगलवार की रात करीब 12 बजे बाइक से लौट रहे बरातियों पर हमलावरों ने हमला कर दिया। जिसमें पांच बाराती गंभीर रूप से घायल हो गए। कई के सिर फट गए और हाथ और कंधे पर गंभीर चोटें आईं। सूचना पर पहुंची 112 नंबर भटनी की पुलिस ने सभी घायलों को एंबुलेंस से भाटपार रानी अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक इलाज के बाद सभी को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जहां उनका इलाज चल रहा है। खामपार क्षेत्र के ग्राम बरईपार पांडेय निवासी विष्णु दयाल प्रसाद के यहां से लड़के की बरात भटनी क्षेत्र के ग्राम मोतीपुर टिकैत गई थी। कुछ बराती खाना खाने के बाद रात में 12 बजे बाइक से घर लौट रहे थे । उसी समय ग्राम खैराट के पास कोन्हा जाने वाले मोड़ पर अचानक 10 से 12 की संख्या लाठी डंडे से लैस हमलावरों ने उन पर हमला कर दिया। इसमें उदय प्रताप 45 पुत्र पूजन प्रसाद, राजन कुमार 15 पुत्र उदय प्रताप, प्रशांत कुमार 25 पुत्र विजेंद्र, हृदयेश 25 पुत्र रामवली और प्रदीप 30 पुत्र डोडा निवासी ग्राम भठवा तिवारी, थाना खामपार घायल होकर लहूलुहान हो गए। सभी को सिर और कंधे पर गंभीर चोटें आईं। पुलिस के मुताबिक अभी कोई तहरीर नहीं मिली है। मौके पर 112 नंबर भटनी की पुलिस गई थी। घटना की जानकारी की जा रही है। घायलों के परिजनों ने बताया कि अभी इलाज करा रहे हैं। इलाज के बाद पुलिस को तहरीर देने की बात कही है। संवाद

## दो पक्षों में मारपीट तीन लोग घायल

**देवरिया।** लार थाना क्षेत्र के एक वार्ड में दबंगों ने एक दलित परिवार के घर में घुसकर महिला व पुरुषों को पीटा। मारपीट में तीन लोग घायल हो गए। घायलों का इलाज सीएचसी लार में कराया गया। लार थाना क्षेत्र के मठ वार्ड निवासी सुधा देवी पत्नी अवधेश गोंड ने लार पुलिस को तहरीर दी है। बताया है कि उनका लड़का विशाल गोंड एक खेत में क्रिकेट खेलने के लिए पिच बना रहा था। उसी समय घर के बगल का एक लड़का उसे मारने-पीटने लगा। बीच-बचाव करने गए मेरे भतीजे को भी उन लोगों ने मारा-पीटा। लोगों के बीच-बचाव के बाद जब हम लोग घर चले आए तो गोलबंद होकर करीब आधा दर्जन की संख्या में लोग आए और घर में घुस कर मुझे, मेरी बेटी व लड़कों को गालियां देते हुए मारने-पीटने लगे। इसी बीच डॉयल 112 को सूचना दी। संवाद

# चार बीज भंडार का लाइसेंस सस्पेंड

**छापेमारी**

**देवरिया, निज संवाददाता।** जिला कृषि अधिकारी मृत्युंजय कुमार सिंह ने गुरुवार को चार बीज की दुकानों पर छापेमारी कर विभिन्न बीज का 30 नमूना लिया।

इस दौरान अभिलेख नहीं प्रस्तुत करने पर चार बीज दुकानों का लाइसेंस सस्पेंड कर दिया। कृषि अधिकारी की इस कार्यवाही से बीज विक्रेताओं में खलबली मच गयी है।खरीफ सीजन को देखते हुए अधिकांश दुकानें बीज से भर गयी हैं। विभिन्न कंपनियों के रंग-बिरंगे पैकेट में धान से लेकर खरीफ की अन्य फसलों का बीज दुकानों में उपलब्ध हैं। गुरूवार को जिला कृषि अधिकारी मृत्युंजय कुमार सिंह ने खरीफ सीजन में नकली व निम्न स्तर के बीजों की विक्री पर अंकुश लगाने तथा किसानों को प्रमाणित बीज उपलब्ध कराने की मंशा से सलेमपुर तहसील के बीज दुकानों पर छापेमारी की। उन्होंने चार बीज दुकानों पर छापा मारकर धान, अरहर, तिल, मक्का समेत 30 बीजों का नमूना लिया। नमूना में लिये गये सभी बीज को जांच में भेजने को सील कर दिया गया। छापेमारी के दौरान डीएओ के मांगने पर बीज विक्रताओं द्वारा अभिलेख प्रस्तुत नहीं किया गया। जिसके चलते डीएओ ने सलेमपुर के लक्ष्मी बीज भन्डार, मद्देशिया कृषि सेवा केन्द्र, गुप्ता ट्रेडिंग कम्पनी तथा गुप्ता खाद एजेन्सी का लाइसेंस निलंबित कर दिया।

# 15 केंद्रों पर होगी बीएड की संयुक्त प्रवेश परीक्षा

## बुंदेलखंड विवि झांसी की ओर से नौ जून को दो पालियों में होगी

संवाद न्यूज एजेंसी

**देवरिया।** जिले में नौ जून को बीएड की प्रवेश परीक्षा दो पालियों में आयोजित होगी। इसके लिए इस बार 15 केंद्र बनाए गए हैं। इन केंद्रों पर कुल 6913 अभ्यर्थी शामिल होंगे। परीक्षा को लेकर जनपद स्तर पर भी तैयारियां प्रारंभ कर दी गई हैं।

बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा-2024 नौ जून दिन रविवार को होगी। इस बार परीक्षा बुंदेलखंड विश्वविद्यालय झांसी की ओर से आयोजित हो रही है। पहली पाली सुबह नौ से 12 बजे तक और दूसरी पाली दोपहर दो से शाम पांच बजे तक होगी। इसके लिए जिले में 15 केंद्र निर्धारित किए गए हैं। शुचितापूर्ण परीक्षा के लिए इन सभी केंद्रों पर एक-एक स्टेटिक मजिस्ट्रेट और आठ सेक्टर मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है।

जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह ने बताया कि बीएड प्रवेश परीक्षा के लिए जिले में सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टेटिक मजिस्ट्रेट के साथ ही बीएसए व डीआईओस को सचल दल में रखा गया है। परीक्षा को सकुशल संपन्न कराने के लिए केंद्रों पर पुलिस बल की तैनाती रहेगी। साथ ही केंद्र प्रतिनिधि, सेक्टर मजिस्ट्रेट की ओर से गोपनीय शील्ड पैकेज पहुंचाए जाने परीक्षा के बाद आंसर बुकलेट व ओएमआर शीट संबंधित शील्ड पैकेट को कोषागार में सुरक्षित पहुंचाने की जिम्मेदारी होगी।

**इन केंद्रों पर होगी प्रवेश परीक्षा :** बीआरडी इंटर कॉलेज न्यू कॉलोनी देवरिया, बीआरडी पीजी कॉलेज देवरिया, चंद्रशेखर आजाद इंटर कॉलेज देवगांव गौरीबाजार, दीनानाथ पांडेय राजकीय गर्ल्स पीजी कॉलेज देवरिया, राजकीय इंटर कॉलेज देवरिया, राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज गोरखपुर रोड देवरिया, जनता इंटर कॉलेज परसिया बरडीहा सलेमपुर रोड देवरिया, जनता इंटर कॉलेज रामपुर कारखाना, कस्तूरबा बालिका इंटर कॉलेज देवरिया, लाला करमचंद इंटर कॉलेज बैतालपुर, महाराजा अग्रसेन बालिका इंटर कॉलेज देवरिया, महाराजा अग्रसेन इंटर कॉलेज देवरिया, राजकीय महाविद्यालय इंदुपुर, एसएसबीएल इंटर कॉलेज गोरखपुर रोड देवरिया, संत विनोबा पीजी कॉलेज देवरिया।

### एआरएम को अतिरिक्त बसें चलाने के निर्देश

डीएम ने बीएड प्रवेश परीक्षा को देखते हुए देवरिया डिपो के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक को नौ जून को अतिरिक्त बसें चलाने के निर्देश दिए हैं। जारी पत्र में उन्होंने कहा है कि परीक्षा में कुल 6913 परीक्षार्थी भाग ले रहे हैं। इतनी ही संख्या में इनके परिजन भी आ सकते हैं। इससे शहर में भीड़ हो सकती है। इसके दृष्टिगत परीक्षा तिथि के दिन परीक्षार्थियों को गंतव्य स्थान तक लाने व ले जाने के लिए अतिरिक्त बसों का संचालन किया जाए।

# जिगर के टुकड़ों को छोड़ टैटू वाले पर आया दिल

संवाद न्यूज एजेंसी

रुद्रपुर। कोतवाली थाना क्षेत्र के एक गांव की एक महिला उसी गांव के एक युवक के बाजू और सीने पर बने टैटू को देखकर इस कदर आकर्षित हो गई कि अपने पति और तीन बच्चों सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ने का फैसला कर लिया। युवक की पत्नी और प्रेमिका बृहस्पतिवार को थाने में युवक पर दावा ठोंकने लगीं।

कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, तीन बच्चों की मां डेढ़ वर्ष से प्रेमी युवक के साथ हरियाणा प्रांत में रह रही थी। वह उसके बच्चे की मां बनने वाली है। छह माह से गर्भवती है। उधर, युवक की विवाहिता के परिवार वाले उसे तलाशते हुए पता लगाकर हरियाणा प्रांत के ठिकाने पर पहुंच गए। वह उसे वहां से दो माह पहले गांव ले आए। प्रेमी के गायब होने के बाद उसकी प्रेमिका ने भी गांव आकर प्रेमी के खिलाफ कोतवाली में तहरीर दी।कोतवाली प्रभारी रतन कुमार पांडेय ने कहा कि गर्भवती महिला ने युवक के खिलाफ तहरीर दी है। मामले में न्यायोचित कार्रवाई होगी।



थाने पहुंचा टैटू वाला युवक, जिस पर महिला का आया दिल। संवाद

# KUSHINAGAR POLICE

5

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 07-06-2024

# गैंगस्टर एक्ट में निरुद्ध किए गए 12 पशु तस्कर

- इनमें पंजाब के भी चार पशु तस्कर शामिल
- बड़े पशुओं का मांश अन्य प्रांतों में करते थे सप्लाई

पडरौना, निज संवाददाता। एसपी धवल जायसवाल के निर्देशन में जनपद कुशीनगर में कानून व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाये जाने व अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाये जाने हेतु चलाये जा रहे अभियान में गुरूवार को पशु तस्करी गैंग के कुल 12 अभियुक्तों के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की गयी। इनमें पंजाब प्रांत के भी चार पशु तस्कर शामिल हैं।

तुर्कपट्टी थाने की पुलिस ने जोर सिंह उर्फ जोध सिंह पुत्र अनोख सिंह निवासी सार तेड़ाकला थाना चण्डेर जिला अमृतसर पंजाब, सोन सिंह पुत्र स्व. सिंगारा सिह निवासी गुरु का बाग थाना चण्डेर जिला अमृतसर पंजाब, हरेन्द्र सिंह उर्फ हरजेन्द्र पुत्र स्व. सिंहासन सिंह निवासी पेडगौरी थाना सराय अमानत जिला तारनताल पंजाब, अमरीक सिंह पुत्र अवतार निवासी राजनतेह थाना अजनाला जिला अमृतसर पंजाब, कमलेश सिंह पुत्र प्रभु सिंह निवासी अस्सी टोला उर्फ मैनपुर थाना तरकुलवा देवरिया एवं मो. इन्द्रीश पुत्र मो. रोशन निवासी बालपुर श्रीनगर थाना तरकुलवा जनपद देवरिया के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की है। तमकुहीराज संवाद के अनुसार तमकुहीराज पुलिस ने पशु तस्करी गिरोह का कमर तोड़ने के उद्देश्य से थानाक्षेत्र में सक्रिय रहकर पशु तस्करी की घटना को अंजाम देने वाले 6 पशु तस्करों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत प्रभावी कार्रवाई की है। थानाध्यक्ष तमकुहीराज अतुल कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि आरोपियों क़े खिलाफ स्थानीय थाने में पशु तस्करी क़े कई मुकदमें दर्ज हैं। जांच में इन सभी आरोपियों पर बड़े पैमाने पर प्रतिबंधित पशुओं की खेप बिहार सहित अन्य प्रांतों में भेजने में संलिप्तता पाई गई। उन्होंने बताया कि तमकुहीराज थानाक्षेत्र क़े लतवा मुरलीधर निवासी तीन आरोपियों हिसाबुद्दीन उर्फ़ टेनी, नौसाद उर्फ़ मूस व गुलाब सहित कोतवाली पडरौना क़े बसहिया बनबीरपुर निवासी दो आरोपी रियाज उर्फ़ ननकी, शमशाद व बिहार क़े गोपालगंज जिले क़े मीरगंज थाना क्षेत्र क़े गांव धरनी हाटा निवासी फूलमुहम्मद क़े खिलाफ गैंगेस्टर एक्ट क़े तहत कार्रवाई की गई है।

# रंजिश में की थी युवक की हत्या

**खुलासा**

**26** मई की रात में जन्मदिन पार्टी के दौरान हुई थी संदीप की हत्या

**05** आरोपी गिरफ्तार, शराब पीने के दौरान युवक को मारी गई थी गोली

**पडरौना, निज संवाददाता।** जिले की तरयासुजान थाने की पुलिस ने बीते 26 मई की रात बर्थडे पार्टी के दौरान एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी। इस हत्या की घटना का खुलासा करते हुए पुलिस ने पांच अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। घटना में प्रयुक्त चार पहिया वाहन एवं पिस्टल भी बरामद कर लिया गया है। थाना क्षेत्र के गांव भावपुर में गांव से कुछ दूरी पर सुनसान जगह पर गाढ़ी माई का एक स्थान है।

वहां पर 26 मई की रात्रि लगभग 8:30 बजे गांव के ही किसी युवक बर्थडे पार्टी मनाया जा रहा था। इस दौरान बर्थडे पार्टी में शामिल संदीप पुत्र अनिरुद्ध उम्र 30 वर्ष की गोली मार कर हत्या कर दी गयी थी। इस मामले में हत्या सहित विभिन्न धाराओं में पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर पुलिस उनकी तलाश में जुटी हुई थी। गुरूवार को हत्या का खुलासा करते हुए एएसपी अभिनव त्यागी ने बताया कि फरार चल रहे अभियुक्त रितेश आर्य पुत्र शंभू पासवान, शमशेर आलम पुत्र सद्दीक आलम, असगर अली पुत्र अब्दुल हमीद निवासी ग्राम सुमही सन्त पट्टी थाना सेवरही, अरविन्द पासवान उर्फ हरबीर पुत्र सुरेन्द्र पासवान निवासी ग्राम भावपुर थाना तरया सुजान एवं गफ्फार पुत्र उस्मान निवासी ग्राम सुमही सन्त पट्टी थाना सेवरही को सुमही बुजुर्ग उर्फ मेंहदिया तिराहे के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। पकड़े गये अभियुक्तों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त चार पहिया वाहन, पिस्टल, एक फायर शुदा कारतूस, सात जिन्दा कारतूस एवं चार मोबाइल बरामद किया गया।



हत्या की घटना का खुलासा करते एएसपी अभिनव त्यागी।

## गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में ये रहे शामिल

एसओ तरयासुजान आशुतोष सिंह, साइबर सेल के प्रभारी मनोज पंत, अपराध निरीक्षक महेन्द्र प्रताप सिंह, स्वाट प्रभारी आलोक यादव, एसएसआई श्यामलाल निषाद, एसआई प्रभात यादव, अमित सिंह, हेड कांस्टेबल विजय चौधरी, कांस्टेबल अखिलेश गुप्ता, प्रशांत मिश्र, श्रीकृष्ण मौर्य, अवनीश सिंह एवं मनोज कुमार।

# चोरी के वांछित को किया गिरफ्तार

कुशीनगर। एसपी धवल जायसवाल के निर्देश पर जिले में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान में गुरूवार को कसया थाने की पुलिस ने देवाजीत उर्फ संजय यादव उर्फ राजा यादव पुत्र राजेन्द्र प्रसाद यादव निवासी ग्राम डिहिया पोस्ट महुवारी थाना मछलीशहर जनपद जौनपुर वर्तमान पता अनुरुद्धवा थाना कसया जनपद कुशीनगर को गिरफ्तार किया।

# संदिग्ध युवक को पुलिस को सौंपा

**तमकुहीराज।** गाजीपुर बैरियर के समीप बुधवार देर रात बाइक सवार दो युवक संदिग्ध रुप में दिखे। स्थानीय लोगों ने शक क़े आधार पर एक को पकड़ लिया जबकि दूसरा मौके से भाग निकला। पकड़े गए बाइक सवार युवक को लोगों ने पुलिस कों सौप दिया। पुलिस युवक को हिरासत में लेकर आवश्यक पूछताछ में जुटी हुई है। बुधवार की देर रात्रि बाइक सवार दो युवक तमकुहीराज थाना क्षेत्र के गाजीपुर बैरियर पर हाईवे से गुजरने वाले ट्रकों को जबरन रोकने का प्रयास कर रहे थे। यह देखकर स्थानीय लोगों ने उन्हें रोककर पूछताछ करने का प्रयास किया लेकिन एक युवक बाइक छोड़ मौके से फरार हो गया। जबकि दूसरे युवक को बाइक सहित लोगों ने पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। लोगों का आरोप है कि कुछ युवक फोरलेन के रास्ते बिहार की तरफ जाने वाले मालवाहकों को रोककर फर्जी पुलिस बनकर उनसे रुपये आदि जबरन छीन लेते हैं लेकिन इस कार्य के लिए बदनामी उनके बच्चों की होती है।

# शराब की दुकान के विरोध में ग्रामीणों ने दिया धरना

कुशीनगर। पडरौना नगर के जंगल बकुलहां (ब्रहमस्थान) में आबकारी विभाग द्वारा प्रस्तावित शराब की दुकान को आबादी में खोले जाने के विरोध में सभासद प्रतिनिधि सोनू राज कुशवाहा के नेतृत्व में महिलाओं और पुरुषों ने गुरुवार को विरोध प्रदर्शन किया।

लोग वहीं धरने पर बैठ गए। आबकारी विभाग के अधिकारियों ने आबादी से दूर दुकान को स्थानांतरित करा दिया, जिसके बाद धरना समाप्त हो गया। ग्रामीणों ने कुछ दिन पहले दुकान की स्वीकृति मिलने के बाद धरना दिया था। अधिकारियों ने आबादी के बीच दुकान नहीं खोले जाने का आश्वासन दिया था। गुरुवार को आबादी के बीच में ही दुकान खुल गयी। ग्रामीण धरने पर बैठ गये। आबकारी विभाग के अधिकारियों व कोतवाली प्रशासन को महिलाओं के भारी विरोध का सामना करना पड़ा।



शराब की दुकान के विरोध में धरना देते ग्रामीण। • हिन्दुस्तान

# वांछित के घर पर चस्पा की कुर्की का नोटिस

कुशीनगर। गोरखपुर के शाहपुर थाने की पुलिस ने कुबेरस्थान थाना क्षेत्र के ग्राम सेमरा हर्दो निवासी तौसीफ अहमद पुत्र गुलामवारिस शेख के घर पर कुर्की की नोटिस चस्पा किया है। तौसीफ के खिलाफ शाहपुर थाने में हत्या का प्रयास, गो वध निवारण अधिनियम समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज है। अभियुक्त के न्यायालय में उपस्थित नहीं होने एसीजेएम ने कुर्की का आदेश जारी किया है।

# 12 गो-तस्करों पर गैंगस्टर, जब्त होगी संपत्ति

जागरण संवाददाता,पडरौना (कुशीनगर): पुलिस गो-तस्करों पर लगातार शिकंजा कस रही है। इन तस्करों की आर्थिक रूप से कमर तोड़ने के लिए गुरुवार को तुर्कपट्टी व तमकुहीराज पुलिस ने 12 के विरुद्ध गैंगस्टर की कार्रवाई की है। इनके द्वारा अपराध से अर्जित संपत्ति जब्त करने की भी कार्रवाई होगी। जिन पर गैंगस्टर लगा है उनमें लंबे समय से पंजाब से बिहार में अलग-अलग जगहों पर गोवंश की खेप ले जाने वाले जोर सिंह उर्फ जोध सिंह, सोन सिंह व हरेंद्र सिंह शामिल हैं।

तुर्कपट्टी व तमकुहीराज थाने में इस वर्ष गो-तस्करी के कुल 19 मुकदमे पंजीकृत हुए हैं। इनमें 50 से अधिक आरोपित हैं। अधिकांश के विरुद्ध गैंगस्टर की कार्रवाई हो चुकी है।

- तस्करों पर तुर्कपट्टी व तमकुहीराज में दर्ज है मुकदमा

- गो-तस्करी पर प्रभावी रोकथाम को पुलिस ने उठाया कदम

कार्रवाई की जद में आए गो-तस्करों की संपत्ति का आकलन कर पुलिस रिपोर्ट तैयार कर रही।

जिन तस्करों पर गैंगस्टर की कार्रवाई हुई है उनमें जोर सिंह उर्फ जोध सिंह निवासी तेड़ाकला, सोन सिंह निवासी गुरु का बाग थाना चंडेर व अमरीक सिंह निवासी राजनतेह थाना अजनाला जिला अमृतसर, हरेंद्र सिंह उर्फ हरजेंद्र निवासी पेडगौरी थाना सराय अमानत जिला तारनतारन पंजाब, कमलेश सिंह निवासी अस्सी टोला उर्फ मैनपुर, मोहम्मद इंद्रीश निवासी बालपुर श्रीनगर थाना तरकुलवा जिला देवरिया, हिसाबुद्दीन उर्फ टेनी, नौशाद उर्फ मूस व गुलाब निवासी लतवा मुरलीधर थाना तकुहीराज, रियाज उर्फ ननकी, शमशाद निवासी बसहिया बनवीरपुर थाना कोतवाली पडरौना, कुशीनगर व फूल मोहम्मद निवासी धरनी हाटा थाना मीरगंज जिला गोपालगंज बिहार शामिल हैं।

एसपी धवल जायसवाल ने बताया कि तमकुहीराज व तुर्कपट्टी पुलिस ने 12 गो-तस्करों के विरुद्ध गैंगस्टर की कार्रवाई की है। गो-तस्करी में लिप्त माफिया व तस्करों की आर्थिक रूप से कमर तोड़ने की कार्रवाई आगे भी चलती रहेगी।

# वाट्सएप ग्रुप में वर्चस्व को लेकर हुई थी युवक की हत्या

## जन्मदिन पार्टी में गोली लगने से घायल संदीप की अस्पताल ले जाते समय हुई थी मृत्यु, पांच आरोपित गिरफ्तार

जागरण संवाददाता, पडरौना (कुशीनगर): तरयासुजान के भावपुर गांव के संदीप आर्य की हत्या वर्चस्व की लड़ाई में हुई थी। वाट्सएप पर महाकाल के नाम से चलाए जा रहे ग्रुप में शामिल अगल-बगल के गांवों के 25 से अधिक युवकों का संदीप आर्य नेतृत्व कर रहा था, जो ग्रुप के ही कुछ सदस्यों को पसंद नहीं था। इसे लेकर कुछ युवक रंजिश रखते थे। 26 मई की शाम को मौका देख कुछ युवकों ने संदीप को गोली मार कर हत्या कर दी। हत्याकांड में शामिल सभी पांच आरोपितों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मुख्य आरोपित के पास से सात कारतूस तथा घटना में प्रयुक्त पिस्टल बरामद हुआ है। पांचों जिस वाहन से आए थे वह भी पुलिस के कब्जे में है।



पकड़े गए हत्यारोपितों के बारे में जानकारी देते एएसपी अभिनव त्यागी • जागरण

एएसपी अभिनव त्यागी ने पुलिस लाइन सभागार में पत्रकारों को बताया कि बीते 26 मई को भावपुर के कुछ युवक शाम को साढ़े सात बजे गांव के बाहर स्थित गढ़ी माई स्थान के पास पार्टी कर रहे थे। अचानक वहां गोली चलने की आवाज पर लोग पहुंचे तो गांव का ही संदीप आर्य खून से लथपथ पड़ा था। स्वजन उसे तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तमकुहीराज ले गए, जहां डाक्टरों ने मृत बताया। प्रारंभिक जांच में गांव के लोगों से जानकारी मिली कि पार्टी संदीप के जन्मदिन पर आयोजित की गई थी। इस दौरान कुछ दोस्तों ने हर्ष फायरिंग कर दी जिससे गोली उसे लगी थी। मामले में संदीप के चाचा की तहरीर पर अज्ञात के विरुद्ध हत्या का मुकदमा पंजीकृत किया गया। घटना के समय घटनास्थल पर सक्रिय मोबाइल नंबरों के आधार पर वहां मौजूद युवकों की पहचान की गई। संदीप के स्वजन ने भी इसकी पुष्टि की। चिह्नित युवकों का मोबाइल बंद होने से लोकेशन ट्रेक होने में देरी हुई। बुधवार की शाम को युवकों की लोकेशन क्षेत्र के ही सुमही बुजुर्ग उर्फ मेहंदिया तिराहा के पास मिली। तरयासुजान पुलिस तथा साइबर व स्वाट (स्पेशल वेपेंस एंड टैक्टिस) टीम ने वहां पहुंच कर तलाश शुरू कर दी। इस बीच बिहार की ओर कार जाते देख पुलिस ने रोका तो चालक ने गति और तेज कर दी। पीछा कर पुलिस ने उसे घेर लिया। कार में पांच युवक सवार थे। पूछताछ में उनकी पहचान रितेश आर्य निवासी सुमही संग्राम, शमशेर आलम, असगर अली व गफ्फार निवासी सुमही संत थाना सेवरही तथा अरविंद पासवान निवासी भावपुर थाना तरयासुजान के रूप में हुई। तलाशी के दौरान शमशेर आलम के पास से पिस्टल व सात कारतूस मिला। पांचों ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया। शमशेर ने बताया कि संदीप ग्रुप पर कब्जा किए हुए था, यह बात हमें पसंद नहीं थी। कई बार चुनाव कराने को कहा पर वह खुद को अध्यक्ष बता चुनाव कराने से इंकार कर दिया। इसे लेकर कई बार विवाद भी हुआ। घटना वाले दिन उसके जन्मदिन के अवसर पर मौका मिला तो गोली मार कर उसकी हत्या कर दी। ताकि स्वजन व लोग यह समझें कि खुशी के मौके पर गोली चलने से जान चली गई और रंजिश के बारे में किसी को जानकारी न होने पाए। एएसपी ने बताया कि पकड़े गए युवकों का आपराधिक इतिहास है। टीम में प्रभारी निरीक्षक आशुतोष सिंह, प्रभारी साइबर सेल मनोज पंत, अपराध निरीक्षक महेंद्र प्रताप सिंह, स्वाट प्रभारी आलोक यादव, दारोगा श्याम लाल निषाद, प्रभात यादव, अमित सिंह आदि शामिल रहे।

### आपराधिक कृत्य में शामिल है ग्रुप

तरयासुजान क्षेत्र में कथित रूप से महाकाल ग्रुप सक्रिय है। इस नाम से संचालित वाट्सएप ग्रुप में किशोर व युवा शामिल हैं। सूचना मिलते ही सदस्य एक जगह इकट्ठा हो जाते हैं। दिन ढलने के बाद यह ग्रुप बिहार बार्डर इलाके में सक्रिय हो जाता था। जुलाई 2023 में यह ग्रुप तब चर्चा में आया था जब पश्चिमी चंपारण निवासी बाइक सवार तीन युवकों को पिपराघाट के पास असलहे के बल पर रोक कर नकदी आदि की लूट हुई थी। इस ग्रुप के प्रमुख संदीप आर्य के विरुद्ध सेवरही, तरयासुजान और बिहार के अलग-अलग थानों में लूट और छिनैती के पांच मुकदमे दर्ज हैं। इसके अलावा ग्रुप के कई अन्य सदस्यों के विरुद्ध भी आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं।

# निलंबित होंगे पासपोर्ट सत्यापन में देरी करने वाले पुलिसकर्मी



सदर सर्किल में पासपोर्ट देखने वाले पुलिसकर्मियों को निर्देश देते एसपी धवल जायसवाल दाएं। ● सौ. पुलिस मीडिया सेल

जागरण संवाददाता, पडरौना : एसपी धवल जायसवाल ने कहा कि पासपोर्ट एक अत्यंत महत्वपूर्ण परिपत्र है। इस कार्य में तनिक भी लापरवाही न बरती जाए। प्राप्त आवेदनों की गहनता से जांच-पड़ताल कर समय से रिपोर्ट लगाएं। सत्यापन के नाम पर आवेदनों को अनावश्यक रूप से लंबित रखना संबंधित पुलिसकर्मी की लापरवाही मानी जाएगी और उसके विरुद्ध निलंबन की कार्रवाई होगी।

वे गुरुवार को अपने कार्यालय में सदर सर्किल के रवींद्रनगर, पडरौना कोतवाली, कुबेरस्थान, तुर्कपट्टी व जटहाबाजार थानें में पासपोर्ट ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को संबोधित कर रहे थे। कहा कि पासपोर्ट अत्यंत आवश्यक परिपत्र है। सही तरीके से जांच-पड़ताल करने के बाद ही अंतिम निष्कर्ष पर पहुंचें। इसमें तनिक भी लापरवाही न होने पाए। क्योंकि जरा सी भी लापरवाही से आवेदक को भारी क्षति उठानी पड़ सकती है, वहीं पुलिस की छवि भी प्रभावित होती है। एसपी ने कहा कि आवेदक द्वारा अगर तथ्यों को छिपाया गया है तो सही तथ्यों का उल्लेख करते हुए रिपोर्ट लगाएं।

# किशोरी से छेड़छाड़ के मामले में मुकदमा

भैरोगंज : जटहाबाजार क्षेत्र में किशोरी से छेड़छाड़ मामले में मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने आरोपित की तलाश शुरू कर दी है। घटना बीते दो जून रात की है। पीड़िता की मां ने तहरीर देकर बताया कि रात में गांव का ही युवक घर में घुस कर बेटी से छेड़छाड़ करने लगा। एसएचओ ओमप्रकाश तिवारी ने बताया कि आरोपित उमेश यादव के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर जांच की जा रही है।

# पुरानी रंजिश में हुई थी संदीप की हत्या, पांच आरोपी गिरफ्तार

## वारदात में प्रयुक्त तमंचा और कार बरामद, बर्थडे पार्टी में गोली मारकर की गई थी हत्या

संवाद न्यूज एजेंसी

**पडरौना।** बर्थडे पार्टी में गोली मारकर संदीप आर्य की हत्या के मामले में पांच आरोपियों को पुलिस ने बृहस्पतिवार को गिरफ्तार कर लिया। उन्हें जेल भेज दिया गया। वारदात में प्रयुक्त पिस्टल और कार पुलिस ने बरामद कर ली है।

पुलिस का दावा है कि पुरानी रंजिश में युवक को बुलाकर उसकी हत्या की गई थी। जिन युवकों पर घर वालों ने आरोप लगाया था, पुलिस ने उनके निर्दोष होने के दावा किया है। पुलिस ने बृहस्पतिवार को घटना का पर्दाफाश कर दिया।

तरयासुजान थाना क्षेत्र के भावपुर गांव निवासी के मनरेगा पार्क में 26 मई को गांव सुनील के बर्थडे पार्टी युवक बना रहे थे। इसमें गांव के रहने वाले संदीप आर्य को फोन कर युवकों ने बुलाया और केक काटने के दौरान गोली मारकर हत्या कर दी थी।

इस मामले में घर वालों ने महाकाल ग्रुप के सदस्यों समेत पांच लोगों पर हत्या का आरोप लगाया। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद विवेचना शुरू की तो जिस पर घर वाले आरोप लगाए थे, उनकी मोबाइल लोकेशन मनरेगा पार्क में मिली ही नहीं। पुलिस ने उन आरोपियों का नाम निकाल दिया और घटना में शामिल सेवरही थाना क्षेत्र के सुमही संग्राम निवासी रितेश आर्य, सेवरही थाना क्षेत्र के सुमही गांव के संत टोला निवासी शमशेर आलम, सुमही संत निवासी असगर अली, इसी गांव के गफ्फार, तरयासुजान थाना क्षेत्र के भावपुर गांव निवासी अरविंद पासवान का नाम घटना में शामिल किया।

एएसपी अभिनव त्यागी ने घटना का पर्दाफाश करते हुए प्रेसवार्ता में बताया कि पुरानी रंजिश में संदीप आर्य की हत्या हुई थी। घटना में शामिल चार पहिया वाहन, अवैध पिस्टल, सात कारतूस और अलग-अलग कंपनियों का चार मोबाइल बरामद किया गया है।

## संदीप हत्याकांड के खुलासे पर परिजनों ने उठाए सवाल

**तमकुहीराज।** 26 मई को तरयासुजान थाना क्षेत्र के गांव भावपुर निवासी संदीप आर्य (24) हत्याकांड मामले में बृहस्पतिवार को पुलिस ने खुलासा कर दिया और पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। मृतक के परिजनों ने पुलिस के इस खुलासे पर सवाल खड़ा किया है। परिजनों ने नामजद आरोपियों को बचाने के लिए पुलिस पर नई कहानी गढ़ने का आरोप लगाया है।

परिजनों का कहना है कि हत्या में शामिल आरोपी थाने पर रोज उठते-बैठते हैं। इस वजह से पुलिस उन्हें बचाने का प्रयास कर रही है। 26 मई की शाम भावपुर निवासी संदीप आर्य (24) की गांव के ही मनरेगा पार्क में बुलाकर गोली मारकर हत्या करने के बाद आरोपी सीएचसी सेवरही पहुंचाकर मौके से भाग निकले। बृहस्पतिवार को

### पुलिस पर नामजद आरोपियों को बचाने के लिए झूठी कहानी गढ़ने का आरोप

तमकुहीराज पुलिस ने हत्याकांड का खुलासा करते हुए पांच आरोपियों को जेल भेज दिया। पुलिस के इस खुलासे पर संदीप के परिजनों ने सवाल उठाये हैं। परिजनों का कहना है कि पुलिस मामले में नामजद छह आरोपियों को बचाने के लिए कहानी गढ़ रही है।

नामजद आरोपियों का तरयासुजान थाने में नियमित तौर से उठना-बैठना है और पुलिस से उनके अच्छे संबंध हैं। पुलिस भी इनके घर आती-जाती है। संदीप के पिता अनिरुद्ध पासवान, मां प्रतिमा देवी, चाचा परमार्थी पासवान और रिश्तेदार विनोद पासवान का कहना है कि तरयासुजान पुलिस जानबूझकर नामजद आरोपियों को बचा रही है। जबकि पुलिस ने आश्वासन दिया था कि नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी जल्द ही की जाएगी।

बुधवार को पुलिस ने तरयासुजान थाने पर भी बुलाया था। करीब 40 की संख्या में लोग पहुंचे थे। पुलिस का रुख बदला हुआ नजर आया और पुलिस ने कहा कि जांच में दूध का दूध और पानी का पानी कर दिया गया है। पांच लोगों ने ही घटना को अंजाम दिया है। पुलिस की बातचीत से अंदाजा लग गया था कि पुलिस नामजद आरोपियों का बचाव कर रही है। जबकि कुछ माह पहले नामजद आरोपियों ने खुलेआम संदीप की गोली मारकर हत्या की धमकी भी दी थी। परिजनों का कहना है कि पुलिस इन सभी बातों को नजर अंदाज कर रही है। पुलिस के खुलासे से वह तनिक भी संतुष्ट नहीं हैं। संवाद

# छह पशु तस्करों के खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई

**तमकुहीराज।** पुलिस ने बृहस्पतिवार को छह गो तस्करो के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की है। इसमें तीन आरोपी तमकुहीराज थाना क्षेत्र के, एक आरोपी बिहार और दो आरोपी पडरौना कोतवाली पडरौना के निवासी बताए जा रहे हैं। पुलिस उनके कार्रवाई में जुटी है।

तमकुहीराज इंस्पेक्टर अतुल कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि तमकुहीराज थाना क्षेत्र के गांव लतवा मुरलीधर निवासी हिसाबुद्दिन उर्फ़ टेनी, नौसाद उर्फ़ मूस व गुलाब, पडरौना कोतवाली के बसहिया बनबीरपुर निवासी रियाज उर्फ़ ननकी, शामसद और बिहार गोपालगंज जिले के मीरगंज थाना के गांव धरनी हाटा निवासी फूलमुहम्मद है समेत छह आरोपियों के खिलाफ पशु तस्करी सहित विभिन्न धाराओं में केस दर्ज हैं। पुलिस की जांच में पता चला है कि ये आरोपी बड़े पैमाने पर प्रतिबंधित पशुओं की खेप बिहार सहित अन्य प्रांतों में भेजते हैं। ये संगठित रूप से आपराधिक कार्यों को अंजाम देते हैं। संवाद

# 20 मोबाइल और लैपटॉप के साथ चोर गिरफ्तार

संवाद न्यूज एजेंसी

**पडरौना।** कसया थाने की पुलिस ने चोरी की घटना का खुलासा करते हुए एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया है। उसके पास से पुलिस ने 20 मोबाइल फोन और एक लैपटॉप को बरामद किया है। आरोपी के खिलाफ पहले भी चोरी के मामले में दर्ज हैं।

एसपी धवल जायसवाल ने बताया कि कसया पुलिस ने देवाजीत उर्फ संजय यादव उर्फ राजा यादव निवासी गांव डिहियां पोस्ट महुवारी थाना मछलीशहर जनपद जौनपुर, वर्तमान पता अनुरुद्धवा थाना कसया को गिरफ्तार किया है। उसके पास से चोरी किए गए सामानों की बरामदगी कर कार्रवाई की जा रही है।

आरोपी के खिलाफ थाना मछलीशहर में भी पहले से आपराधिक केस दर्ज है। उसके पास से चोरी के 20 मोबाइल फोन, एक लैपटॉप, दो स्मॉर्ट वाच, एक इयर बड्स, सात एडाप्टर चार्जर व केबल, दो ब्लैक चार्जर आदि इलेक्ट्रानिक गैजेट्स बरामद किए गए हैं। गिरफ्तार करने वाली टीम में एसओ गिरिजेश उपाध्याय, एसआई बबलू कुमार सोनकर, कुलदीप मौर्य, हेड कांस्टेबल राजेश चौबे, कांस्टेबल सतीश कुशवाहा आदि शामिल रहे।

# सुलह समझौते से 14 मामले हुए निस्तारित

**पडरौना।** जिले विभिन्न न्यायालयों में बृहस्पतिवार को सुलह-समझौते के आधार पर मुकदमों का निस्तारण किया गया। कुल 14 मामले निस्तारित किए गए।

अपर जिला जज एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कुशीनगर के सचिव शैलेंद्र मणि त्रिपाठी ने बताया कि विभिन्न न्यायालयों से सुलह-समझौता के लिए प्राप्त पत्रावली में मध्यस्थता की कार्यवाही की गई। इसमें पति-पत्नी के कुल 14 मामलों का निस्तारण किया गया। नियुक्त सभी 28 मध्यस्थों से कहा गया था कि वे अधिक से अधिक पत्रावलियों में पक्षकारों से बात कर मामले को निस्तारित कर मुकदमे कम करें।

मध्यस्थता एवं सुलह समझौता केंद्र में पारिवारिक मामले व अन्य मामलों में पक्षकारों के मध्य संयुक्त व अलग अलग बात कर उन्हें समझाया जाता है और उनकी पूर्ण संतुष्टि होने के बाद ही मामलों का निपटारा किया जाता है। एडीजे ने बताया कि जिन लोगों के पास न्यायालय जाकर अपनी कानूनी समस्या को रखने के लिए धन नहीं है, उन्हें निशुल्क कानूनी सहायता दी जाती है। संवाद

# ट्रक से वसूली करने वाले बाइक सवार युवकों को पीटा

संवाद न्यूज एजेंसी

**खुद को पुलिस बताकर हाईवे पर मालवाहनों से करते हैं वसूली**

**तमकुहीराज।** थाना क्षेत्र के गाजीपुर बैरियर के समीप ट्रक से वसूली के आरोप में बाइक सवार दो युवकों को लोगों ने दबोच लिया। नाराज लोगों ने बाइक सवार युवकों की पिटाई की एक युवक मौके से भाग निकला, जबकि दूसरे युवक को पुलिस को सौंप दिया। स्थानीय लोगों का आरोप है कि पुलिस बनकर मालवाहन चालकों से वसूली करते हैं। हाटा से लेकर गाजीपुर बार्डर तक दोनों सक्रिय रहते हैं।

तमकुहीराज थाना क्षेत्र के गाजीपुर बैरियर पर के पास बुधवार की देर शाम को बाइक सवार दो युवकों ने ट्रक चालक को रोका और जबरन रुपये मांगने लगे। ट्रक चालक के विरोध करने पर आसपास के लोग पहुंच गए। लोगों ने रुपये मांगने का विरोध किया तो दोनों युवकों ने खुद को सिपाही बताया। संदेह होने पर लोगों ने युवक को पकड़ लिया, लेकिन एक युवक भागने में सफल रहा।

लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने पकड़े गए युवक को थाने लेकर गई। पकड़ा गया युवक कसया थाना क्षेत्र के मल्लूडीह का रहने वाला बताया जा रहा है। सूत्रों की माने तो हाटा कोतवाली में तैनात सिपाही दोनों युवकों का संरक्षण देता है। इसके पहले भी युवक कई बार पकड़े गए हैं, जिसे सिपाही बचाता है। पुलिस ने पूरे मामले की जांच के बाद कार्रवाई के बजाए हिरासत में रखने के बाद शांतिभंग में चालान कर दिया। इसकी चर्चा पूरे दिन जोरों पर रही। लेकिन विभाग में गहरी पैठ रखने वाले सिपाही पर कार्रवाई से जिम्मेदार भी कतराते हैं।

इंस्पेक्टर तमकुहीराज अतुल कुमार श्रीवास्तव एक संदिग्ध युवक कों स्थानीय लोगों ने शक के आधार पर पकड़ा था। कोई तहरीर नहीं मिली है। ट्रक वाला चला गया। आरोपी का शांति भंग में चालान किया गया है।

## आर्केस्ट्रा देखने के दौरान मारपीट

**अहिरौली बाजार।** थाना क्षेत्र के गांव मुजडिहा बाजार निवासी मीरा देवी ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। तहरीर में बताया कि बुधवार की रात गांव में आर्केस्ट्रा हो रहा था। वही आर्केस्ट्रा देखने हमारा लड़का विशाल कन्नौजिया भी गया हुआ था इसी दौरान रात करीब 11 बजे गांव के ही दुर्गेश साहनी और उसके दो तीन दोस्त मेरे लड़के को मारने पीटने लगे। जिससे मेरा लड़का विशाल कन्नौजिया चोटिल हो गया। तहरीर मिलने के बाद पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया। संवाद

# मारपीट और तोड़फोड़ के मामले में चार पर केस

**तरयासुजान।** तरयासुजान थाना क्षेत्र के तरया लच्छीराम निवासी अकबर पुत्र बिरझन ने पुलिस को दिए तहरीर में बताया है कि उनके घर का सेटरिंग काम हो रहा था। तभी उनके भाई अमर अली व उनके तीन लड़के मुन्ना, सोनू व ईद मोहमद घर पर आ गए और पत्नी शकुन निशा व बेटी अफसाना, बेटा मैनुद्दीन से जमीन की बात को लेकर अमर्यादित शब्दों का प्रयोग करते हुए मारपीट करने लगे। जब ये लोग घर के भीतर भागे तो उन लोगों ने घर में घुसकर मारपीट की और सामान नष्ट कर दिया। आरोप है कि जाते समय आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी। इस संबंध में तरयासुजान इंस्पेक्टर आशुतोष सिंह ने बताया कि चार आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर पुलिस आवश्यक कार्रवाई में जुटी हुई है। संवाद

वांछित को दबोचा : जटहां बाजार। पुलिस ने सुसाइड के लिए उकसाने के आरोप में दर्ज मुकदमे में वांछित को जेल भेज दिया। ग्राम कंठीछपरा निवासी संजय पुत्र सुरजन कुशवाहा पर विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज है। पुलिस उसकी तलाश में जुटी थी।

# आंधी ने गुल कर दी शहर और 300 गांवों की बिजली

## आम और लीची को क्षति, सुबह आई आंधी से बिजली के पोल और ट्रांसफॉर्मर गिरे, गर्मी में बढ़ी परेशानी, दोपहर में बहाल हुई शहर की आपूर्ति

संवाद न्यूज एजेंसी

**पडरौना।** आंधी से बृहस्पतिवार की सुबह शहर समेत गांवों की बिजली गुल हो गई। शहर के आधे हिस्से और ग्रामीण क्षेत्र के 300 से अधिक गांवों की बिजली गुल होने से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। शहर के आधे हिस्से की बिजली आपूर्ति तो दोपहर के वक्त बहाल हो गई। लेकिन, ग्रामीण क्षेत्रों की बिजली देर शाम तक बहाल नहीं हो सकी है। इसके चलते लोगों को गर्मी के इस मौसम में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। वहीं, तेज हवाओं के कारण आम और लीची को नुकसान पहुंचा है। कई जगहों पर बिजली के पोल और ट्रांसफॉर्मर भी गिर गए।

आंधी तूफान का सबसे ज्यादा असर पडरौना शहर के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में रहा है। बिजली के खंभों के गिरने के साथ ही कई स्थानों पर ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त हो गए हैं। कई जगह डबल पोल स्ट्रक्चर गिरे हैं, तो कहीं कंडक्टर टूटे नजर आए। इंसुलेटर पंक्चर होने से भी लाइन दुरुस्त करने में समय लगा है। आंधी-तूफान ने फसलों से लेकर फलदार पौधों को भी काफी नुकसान पहुंचाया है। आम, लीची पर भी इसका असर देखने को मिला है। बिजली आपूर्ति बहाल किए जाने को लेकर विभागीय कर्मियों ने युद्धस्तर पर काम शुरू कर दिया। शहर की आपूर्ति दोपहर में बहाल हो गई। लेकिन, ग्रामीण क्षेत्रों की आपूर्ति देर शाम तक नहीं बहाल हो सकी।

इसके चलते लोगों को उमस भरी गर्मी के बीच काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। पेड़ गिरने से कई जगह अवागमन भी प्रभावित हो गया। आंधी के बाद बाजार में लीची और कच्चा आम अधिक पहुंचा था। लीची का रेट 100 रुपये किलो तो कच्चा आम का रेट 25 से 30 रुपये किलो बिक रहा था, जबकि बुधवार को कच्चा आम 35 से 40 रुपये बिक रहा था।

**मकान की गिरी छत, दो घायल** : नगर के छुछिया गेट पर पडरौना चीनी मिल की ओर से कर्मचारियों का आवास बनवाया गया था। चीनी मिल बंद होने के बाद भी कई लोगों का परिवार वहां रहता है। भाजपा नेता प्रदीप पांडेय का परिवार भी वहां रहता है। उनके पिता चीनी मिल के कर्मचारी थे। गुरुवार की सुबह आंधी में उनके कमरे की छत गिर गई। चपेट में आने से भाजपा नेता के दोनों पुत्र आदित्य व अमन गंभीर रूप से घायल हो गए। जिला अस्पताल में उनका उपचार चल रहा है।



आंधी से सड़क पर गिरा बरगद का पेड़। संवाद

## सुबह तेज हवा के साथ हुई बूंदाबांदी,गर्मी से राहत

**पडरौना।** बृहस्पतिवार की सुबह शहर सहित जिले के अन्य हिस्सों में तेज हवा के साथ कहीं बूंदाबांदी तो कहीं मूसलाधार बारिश हुई। उमस भरी गर्मी से लोगों को राहत मिली।

दिन में कभी धूप तो कभी आसमान में बादल छाए रहे। किसान भी खेती करने में जुट गए हैं। हालांकि, दोपहर बाद पुनः उमस भरी गर्मी शुरू हो गई। शुक्रवार की सुबह करीब आठ बजे एक घंटे तक शहर समेत जिले के अन्य हिस्सों में तेज हवा के साथ बूंदाबांदी हुई। इससे मौसम सुहाना हो गया, उमस भरी गर्मी से परेशान लोग राहत की सांस ली। बारिश बंद हुई तो आसमान में कभी बादल छाए रहते तो कभी हल्की धूप निकल रही थी। दोपहर बाद पुनः उमस भरी गर्मी शुरू हो गई। इससे लोगों को परेशान होना पड़ा।

**आने वाले दो से तीन दिनों तक मौसम का तापमान बढ़ने का अनुमान**

कृषि विज्ञान केंद्र की मौसम वैज्ञानिक श्रुति वी सिंह ने बताया कि बीते करीब एक सप्ताह से पश्चिमी विक्षोभ बना है, लेकिन निम्न वायुदाब के चलते मानसून सक्रिय नहीं हो रहा था। बृहस्पतिवार को बारिश जरूर हुई, लेकिन आने वाले दो से तीन दिनों तक मौसम का तापमान बढ़ेगा। जिले में मानसून आने के बाद ही लोगों को गर्मी से राहत मिलेगी। संवाद



सुबह 7:00 बजे बारिश आने से पहले तेज हवा के साथ छाए बादल। संवाद

आंधी बारिश से कई जगह तार टूट गए और फाल्ट से शहर व ग्रामीण क्षेत्रों की आपूर्ति बाधित रही। शहर की आपूर्ति दोपहर में शुरू हो गई, ग्रामीण क्षेत्र मेंबहाल कराने के लिए खराबी को ठीक कराया जा रहा है। खड्डा क्षेत्र के अधिकांश गांवों में बिजली आपूर्ति बहाल हो चुकी है। कुछ गांव बचे हैं,जहां काम चल रहा है।
**-इंद्रराज यादव,** एक्सईएन



पडरौना नगर के तिलक चौक पर लीची की खरीदारी करते लोग। संवाद

## एक सप्ताह बाद भी नहीं बहाल हो सकी आपूर्ति

कोटवा बिजली उपकेंद्र से टेढ़ी, खैरटिया, शीतलापुर, कलवारीपट्टी, चरिघरवा, सौरहा खुर्द, जगदेवा, राजमन छपरा, दोकरी गांव की बिजली आपूर्ति होती है। बीते सप्ताह के बृहस्पतिवार को आंधी से पोल और तार टूट गये थे। इसके बाद से ही बिजली आपूर्ति बंद है। इसके अलावा खड्डा तहसील क्षेत्र के कई और गांवों में एक सप्ताह का वक्त बीतने के बाद भी बिजली आपूर्ति शुरू नहीं हो सकी है। यही वजह है कि बुधवार को चार गांवों के ग्रामीणों ने खैरटिया नहर पुल पर नौरंगिया-कप्तानगंज मार्ग और पडरौना-झुलनीपुर मार्ग को जाम कर दिया था। मौके पर पहुंचे विधायक विवेकानंद पांडेय और एसडीओ के आश्वासन पर गांव के लोग मान गए, लेकिन अब तक उन गांवों की बिजली आपूर्ति बहाल नहीं हो सकी है।



हतवा में गिरा 63 केवी का ट्रांसफॉर्मर व पोल। संवाद

## तेज आंधी में गिरा 63 केवी का ट्रांसफॉर्मर

**बनकटा बाजार।** क्षेत्र के ग्राम पंचायत नकटहा मिश्र के टोला हतवा के मुख्य सड़क पर बृहस्पतिवार की सुबह आई तेज आंधी से बिजली के पोल पर लगे 63 केवी का ट्रांसफार्मर सड़क पर गिर गया। इससे राहगीरों को आने-जाने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, ट्रांसफार्मर गिरने की वजह से भानपुर, बलियवा, हतवा आदि गांव की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। गांव के ग्राम प्रधान मनोज पांडेय, विजय पांडेय, संजय यादव, सिकंदर गौतम, लड्डन खान, नबी रसूल, अशोक पांडेय, शंकर पांडेय आदि ने बताया कि बिजली का पोल ट्रांसफार्मर सहित सड़क पर टूटकर गिरा पड़ा हुआ है। इससे एक तरफ गांवों की बिजली आपूर्ति बाधित है तो सड़क के रास्ते आवागमन भी प्रभावित हो गया है। सूचना देने के बाद भी अब तक जिम्मेदार मौके पर नहीं पहुंचे हैं। फाजिलनगर विद्युत उपकेंद्र के अभियंता संदीप मिश्रा ने बताया कि कई जगह आंधी की वजह से बिजली के पोल गिरे पड़े है। इससे बिजली व्यवस्था प्रभावित है। जगह-जगह मरम्मत का कार्य चल रहा है। जल्द बिजली आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी। संवाद

# बाइक सवार की मौत के मामले में ऑटो चालक पर केस दर्ज

खड्डा। सड़क दुर्घटना में बाइक सवार युवक की हुई मौत मामले में अज्ञात इलेक्ट्रिक ऑटो वाहन चालक पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। इस मामले में पुलिस अज्ञात ऑटो चालक की तलाश में जुटी हुई है।

12 मई को खड्डा थाना क्षेत्र के लक्ष्मीपुर पड़रहवा गांव निवासी धीरज कुमार बाइक चलाते हुए सिसवा की ओर से खड्डा लौट रहे थे। बाइक के पीछे शैलेश बैठे थे। जैसे ही खड्डा थाना क्षेत्र के रामपुर गोनहा गांव के पास पहुंचे तो विपरीत दिशा से आ रही इलेक्ट्रिक ऑटो ने जोरदार टक्कर मार दी थी। इससे दोनों बाइक सवार घायल हो गए। दोनों को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां शैलेश को मृत घोषित कर दिया गया।

शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों ने अंतिम संस्कार कर दिया। सदमे से उबरने के बाद मृतक शैलेश के पिता लालजी ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। इस मामले में पुलिस अज्ञात चालक के विरुद्ध केस दर्ज कर उसकी तलाश में जुट गई है। संवाद

## पिता ने बेटे पर लगाया मारपीट का आरोप

**अहिरौली बाजार।** थाना क्षेत्र के गांव बरसैना निवासी कोदई प्रसाद ने पुलिस को तहरीर दी है। उन्होंने अपने पुत्र राजू पर मारपीट करने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है। पुलिस तहरीर के आधार पर मारपीट का केस दर्ज कर जांच में जुटी है। संवाद

## दो आरोपियों पर अपहरण की रिपोर्ट

**अहिरौली बाजार।** थाना क्षेत्र के गांव भलुही निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर दी है। उन्होंने पुलिस को बताया कि उनकी बेटी को गांव के ही दो युवक बीते 30 मई की भोर में भगा ले गए हैं। उनकी लड़की सोने और चांदी के आभूषण के साथ गई है। पुलिस तहरीर के आधार पर दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर छानबीन में जुटी है। संवाद

## सास ने बहू पर दर्ज कराया केस

**अहिरौली बाजार।** थाना क्षेत्र महिला ने पुलिस को तहरीर दी है। उन्होंने पुलिस को बताया कि बीते 23 मई की रात करीब 11 बजे गांव के एक युवक के साथ उनकी बहू आपत्तिजनक अवस्था में थी। उस दिन उनका बेटा घर पर नहीं था। विरोध करने पर बहू ने उनके साथ मारपीट की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर बहू के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई में जुटी है। संवाद

## आठ पर छेड़छाड़ का केस

**अहिरौली बाजार।** थाना क्षेत्र के एक गांव में एक महिला ने अपनी लड़कियों के साथ गांव के ही कुछ लोगों पर छेड़छाड़, मारपीट समेत गंभीर आरोप लगाते हुए करीब ढाई माह पूर्व पुलिस को तहरीर दी थी। इस मामले में पुलिस तीसरे महीने आठ आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। संवाद

MAHARAJ GANJ POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 07-06-2024

# महिला पर मारपीट के आरोप में मुकदमा दर्ज

**बृजमनगंज।** सहजनवा बाबू की एक महिला के खिलाफ बृजमनगंज पुलिस ने तहरीर के आधार पर मारपीट का मुकदमा दर्ज किया है। घायल बुजुर्ग महिला के पति ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी पत्नी दीप्ती (60) अपने खेत में लगे पपीता की रखवाली कर रही थी। उसी दौरान गांव की एक महिला पपीता तोड़ने लगी। मना करने पर बुजुर्ग महिला को उसने पीटकर घायल कर दिया।

# नेपाल भाग रहे वांछित को पुलिस ने पकड़ा

**सोनौली।** अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे धर-पकड़ अभियान में सोनौली पुलिस नेपाल भाग रहे एक वांछित को श्यामकाट के पास गिरफ्तार कर ली। आवश्यक विधिक कार्रवाई के बाद न्यायालय चालान कर दी। कोतवाल सोनौली अभिषेक सिंह ने बताया कि आरोपित मुकेश यादव पुत्र चिर्री यादव(21) निवासी जुगौली के खिलाफ बीते 13 मई को नाबाालिग को बहला-फुसला कर भगाने के आरोप में केस दर्ज था। आरोपित फरार चल रहा था।

# चावल व खाद बरामद, साइकिल छोड़कर भागे

**खनुआ, हिन्दुस्तान संवाद।** सशस्त्र सीमा बल 66 वीं वाहिनी के बीओपी खैराघाट के जवानों ने गश्त के दौरान भारत नेपाल सीमा के पास से चावल,खाद, प्याज, साइकिल बरामद कर अग्रिम कार्रवाई के लिए नौतनवा कस्टम को सौंप दिया है।

एसएसबी के असिस्टेंट कमांडेंट सुधीर घोष ने बताया कि खैराघाट बीओपी के जवान गश्त पर निकले थे। जवान अभी भारत नेपाल सीमा के पिलर संख्या 538/29 के पास पहुंचे ही थे कि भारतीय सीमा क्षेत्र की तरफ से कुछ लोग साइकिल पर बोरा लेकर नेपाल जाने के फिराक में थे। जवानों को देखते ही सामान छोड़कर खुली सीमा का फायदा उठाकर नेपाल में प्रवेश कर गए।

# मारपीट में 4 पर केस

निचलौल। सिंहपुर गांव में दो पट्टीदारों में चारा मशीन को लेकर विवाद में मारपीट हो गई। इस दौरान एक पक्ष के दो लोगों को चोटें आई।

पीड़ित पक्ष के ओमप्रकाश शर्मा निवासी सिंहपुर की तहरीर पर पुलिस ने कैलाश शर्मा, मंजीत शर्मा और दो महिलाओं के खिलाफ मारपीट की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

# पैसा वापस नहीं करने को लेकर मारपीट

**चौक बाजार।** चौक क्षेत्र के मधुबनी गांव में चुनाव लड़ने के लिया गया पैसा वापस नहीं करने को लेकर कहासुनी के बाद दो पक्ष में मारपीट हो गई। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनो पक्षों से चार आरोपितों को हिरासत में ले लिया है।

पुलिस के मुताबिक चौक थानाक्षेत्र के मधुबनी गांव का एक युवक गांव के ही एक व्यक्ति से प्रधान पद का चुनाव लड़ने के लिए पैसा उधार लिया था।

# पट्टीदार की हत्या में 4 साल सश्रम कारावास की सजा

महराजगंज, निज संवाददाता। सत्र/जनपद न्यायाशीश नीरज कुमार की अदालत ने फरेंदा थाना क्षेत्र के गनेशपुर गांव में बंटवारे को लेकर लाठी-डंडा से पीटकर सगे पट्टीदार की गैर इरादतन हत्या में अभियुक्त देवानंद साहनी को दोषी करार दिया है। उसके खिलाफ चार वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है।

पत्रावली के मुताबिक फरेंदा थानाक्षेत्र के गनेशपुर गांव निवासी वादी मुकदमा भवनाथ सहानी पुत्र सदानंद ने फरेंदा पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 21 अगस्त 2021 को अपराह्न सवा दो बजे पारिवारिक बंटवारे के दौरान उसके चाचा देवानंद साहनी पुत्र स्व. राज बहादुर साहनी अपने हाथों में लाठी डंडा लेकर दादा बहादुर पुत्र स्वर्गीय चंद्रिका साहनी को मारपीट दिया। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। बीआरडी मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान मौत हो गई। तहरीर के आधार पर फरेंदा पुलिस धारा 304 आईपीसी के तहत केस दर्ज की।

# पुलिस थानों पर नहीं सुनी जा रही पीड़ितों की फरियाद

## पुलिस कार्यालय में गुरुवार को शिकायत लेकर पहुंचे 52 फरियादी, पुलिस अधीक्षक से है न्याय की आस

- बढ़ती शिकायतें देख एसपी ने थानाध्यक्षों को किया सचेत, लापरवाही पर होगी कार्रवाई
- घुघुली के हरपुर महंथ के जुकुरुल्लाह ने मस्जिद प्रकरण में फंसाने का लगाया आरोप

जागरण संवाददाता, महराजगंज : पुलिस अधीक्षक कार्यालय पर शिकायतों का बोझ बढ़ गया है। कारण यह है, कि थानों पर फरियादियों की सुनवाई नहीं हो पा रही है। जहां कहीं पर सुनवाई हो भी रही है, तो थाना पुलिस पीड़ितों को या तो संतुष्ट नहीं कर पा रही है या फिर एकतरफा कार्रवाई कर रही है। गुरुवार को ही पुलिस अधीक्षक कार्यालय पर विभिन्न मामलों को लेकर 52 फरियादी पहुंचे। पुलिस अधीक्षक ने बढ़ती शिकायतों को देखते हुए थानाध्यक्षों को कार्यशैली में सुधार लाने की चेतावनी दी है।


पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पीड़ित की फरियाद सुनते अधीक्षक सोमेंद्र मीना। • जागरण

पुलिस अधीक्षक कार्यालय पर शिकायत लेकर पहुंचने वालों में सिंदुरिया थाना क्षेत्र के लेदवा गांव की रहने वाली जड़ावती ने बताया कि तीन जून को गांव में पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट हो गई थी। इसमें दूसरे पक्ष ने उसकी, पति व बेटे की पिटाई की थी। सिंदुरिया थाने पर शिकायत की, लेकिन पुलिस ने एकपक्षीय कार्रवाई करते हुए उसी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर दिया। इसी प्रकार चौक थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला ने उसकी पुत्री के अपहरण के मामले में बरामदगी नहीं होने और थाने के एक उपनिरीक्षक पर मामले में सुलह का दबाव बनाने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की। चौक थाना क्षेत्र के धर्मपुर गांव की रहने वाली बसंती ने गांव के ही कुछ लोगों पर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया। घुघली थाना क्षेत्र के हरपुर महंथ के जुकुरुल्लाह ने शिकायत दर्ज कराई कि गांव के ही कुछ लोग उसे फर्जी मामले में फंसाने की साजिश कर रहे हैं। हकीकत यह है साजिशकर्ताओं ने ही मस्जिद की दीवार उजाड़ दी। जिसका उसके पास वीडियो भी मौजूद है। इस मामले में घुघली थाने पर भी शिकायत की गई, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीना ने बताया कि चुनाव के बाद गुरुवार को पुलिस कार्यालयों पर आए फरियादियों की शिकायतों को सुनकर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। थानेदारों को स्पष्ट रूप से कहा गया है कि नियमित जनसुनवाई करें और निष्पक्षता के साथ कार्रवाई करें। कहीं पर लापरवाही पाई जाती है, तो थानेदार के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

## पीड़ितों को न्याय दिलाना पहली प्राथमिकता

जागरण संवाददाता आनंदनगर: पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीना ने गुरुवार की दोपहर पुरंदरपुर व कोल्हुई थाने का निरीक्षण किया। एसपी ने मातहतों को निर्देश देते हुए कहा कि पीड़ितों को न्याय दिलाना पुलिस की पहली प्राथमिकता होनी चाहिए। अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस पूरी तरह सक्रिय रहे।

चुनाव से फुर्सत पाने के बाद पुलिस सक्रियता जांचने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक ने पुरंदरपुर व कोल्हुई थाने का निरीक्षण किया। इस दौरान दोनों थाने में मौजूद फरियादियों से भी बातचीत की तथा पीड़ितों को उचित न्याय दिलाने का आश्वासन दिया। उन्होंने कार्यालय में आगंतुक रजिस्टर व कार्यालय के महत्वपूर्ण दस्तावेज, सीसीटीएनएस व सीसी कैमरे अपडेट व दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। उन्होंने आइजीआरएस में मिली पत्रावलियों का शीघ्र निस्तारण का निर्देश दिया।

कहा कि बैंक, एटीएम, संवेदनशील स्थान, धार्मिक स्थल इत्यादि पर पैनी नजर रखें। किसी भी सूरत में अपराधी हावी न होने पाए। पीड़ितों को हर संभव मदद दिया जाए। पुलिस को कर्तव्यों का पाठ भी उन्होंने पढ़ाया, जिसे पुलिसकर्मियों ने बखूबी समझने का प्रयास किया। पुरंदरपुर थानाध्यक्ष पुरुषोत्तम राव व कोल्हुई थानाध्यक्ष आनंदकुमार गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

निचलौल थाना क्षेत्र के ग्राम पिपराकाजी से जुड़ा है यह मामला

# न्यायालय के आदेश पर पूर्व एसओ समेत तीन पर केस

## कार्रवाई

- दो वर्ष पहले का है भूमि विवाद का मामला
- लापरवाही पर कोर्ट के आदेश पर दर्ज हुआ केस

निचलौल, हिन्दुस्तान संवा। निचलौल क्षेत्र के ग्राम पिपराकाजी में दो वर्ष पहले एक भूमि विवाद के मामले में एक पक्षीय कार्रवाई किए जाने के आरोप में कोर्ट के आदेश पर तत्कालीन एसओ समेत तीन के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। इनमें सिपाही भी शामिल है।

ग्राम पिपराकाजी निवासी सिद्धार्थ गौतम न्यायालय विशेष न्यायाधीश अनन्य न्यायालय एससी एसटी कोर्ट में प्रार्थना पत्र देकर बताया था कि उनकी माता के नाम से दो वर्ष पहले एक कृषि भूमि खरीदी गई थी। इस भूमि पर उसी का कब्जा है। इस भूमि को लेकर गांव के कुछ लोगों ने विवाद करते हुए नाजायज अधिकार जताया जा रहा था। इस विवाद को निचलौल पुलिस से शिकायत कर समाधान कराने की गुहार लगाई गई थी। पुलिस ने थाना पर दोनों पक्षों को बुलाया।

इनका आरोप है कि तत्कालीन एसओ ने इन्हे जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गाली देना शुरू कर दिया और इनका शांतिभंग में एक पक्षीय चालान कर दिया। इनका आरोप है कि दूसरे पक्ष के दो व्यक्ति थाना पर मौजूद थे, लेकिन उनके खिलाफ कोई कार्रवाई पुलिस द्वारा नहीं किया गया। इस बात को लेकर सिद्धार्थ गौतम ने तत्कालीन एसपी को शिकायत भी की।

इसके बाद भी दूसरे पक्ष के खिलाफ पुलिस ने एफआईआर दर्ज नहीं किया। सिद्धार्थ गौतम का आरोप है गांव में ग्राम प्रधान का चुनाव जीतने वाले प्रत्याशी नरेंद्र देव ने एसटी का फर्जी जाति प्रमाण पत्र भी जारी कराया है। इसके लिए भी शिकायत करने पर निचलौल थाने का एक सिपाही उसके बचाव पक्ष में आ गया।

कोर्ट ने शिकायत को संज्ञान में लेते हुए पूर्व एसओ रामाज्ञा सिंह निवासी अज्ञात, परमहंस कुमार गौड़ निवासी अज्ञात और एक अन्य अज्ञात के खिलाफ पुलिस ने एससी एसटी एक्ट सहित अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

एसओ सत्य प्रकाश सिंह ने बताया कि पिपराकाजी के भूमि विवाद के मामले में पूर्व एसओ समेत तीन लोगों के खिलाफ कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज किया गया है, मामले की जांच की जा रही है।



पुरन्दरपुर थाना में एसपी सोमेन्द्र मीना ने प्रार्थना पत्र का अवलोकन किया।

# एसपी ने दो थानों का किया निरीक्षण

**महराजगंज।** एसपी सोमेन्द्र मीना ने गुरुवार को पुरन्दरपुर व कोल्हुई थाना का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान थाना परिसर, जीडी कार्यालय, आवासीय बैरक, सीसीटीएनएस,सीसीटीवी कैमरे, आइजीआरएस कार्यालय, बंदीगृह, भोजनालय आदि का मुआयना किया। अपराध रजिस्टर, निरोधात्मक कार्यवाही रजिस्टर, हिस्ट्रीशीट रजिस्टर, सक्रिय अपराधी रजिस्टर व अन्य अभिलेखों की जांच किया। सभी अभिलेखों को अपडेट रखने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान एसपी ने थाना परिसर में हो रहे निर्माण कार्यों की प्रगति देखा।

# दामाद के खिलाफ दर्ज कराया केस

**सिंदुरिया।** भिटौली थाना क्षेत्र के सोहरौना राजा निवासी रेशमा ने सिंदुरिया पुलिस को तहरीर दी है। इसमें उसने बताया है कि बेटी रामरती की शादी सिंदुरिया थाना क्षेत्र के लक्ष्मीपुर एकडंगा निवासी गोरख से की है। पुरानी बातों को लेकर दामाद बेटी को अपशब्द बोलते हुए मारता पीटता रहता है। इससे बेटी को काफी चोटे लगी हैं। थानाध्यक्ष अजीत प्रताप सिंह का कहना है कि पीड़िता की तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है।

# पिता की हत्या में बेटे को चार वर्ष का कारावास

जासं, महराजगंजः आपसी बंटवारे को लेकर फरेंदा थाना क्षेत्र के गनेशपुर में 21 अगस्त 2021 को बेटे के हमले में घायल पिता की मृत्यु हो गई थी। गैरइरादन हत्या के दर्ज मुकदमे में जिला जज नीरज कुमार ने आरोपित पुत्र देवानंद साहनी को दोषी करार देते हुए चार वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है।

गत 21 अगस्त 2021 को पैतृक संपत्ति के बंटवारे को लेकर देवानंद अपने पिता बहादुर से लड़ बैठा। वाद-विवाद के बाद उसने पिता बहादुर के ऊपर हमला कर दिया। जिसके बाद उनकी उपचार के दौरान गोरखपुर के बीआरडी मेडिकल कालेज में मृत्यु हो गई थी। इस मामले में मृतक बहादुर के पोते और आरोपित के भतीजे भवनाथ ने मुकदमा दर्ज कराया था। 14 सितंबर 2021 को पुलिस ने मामले में आरोपित के विरुद्ध आरोपपत्र न्यायालय में दाखिल कर दिया। न्यायालय में विचारण के दौरान जिला शासकीय अधिवक्ता ब्रजेंद्र नाथ त्रिपाठी ने बहस करते हुए दोषी के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की। जिसके क्रम में यह सजा सुनाई गई ।

# पपीता तोड़ने को लेकर हुए विवाद में महिला पर मुकदमा दर्ज

जागरण संवाददाता बृजमनगंज : बृजमनगंज थाना क्षेत्र के सहजनवां बाबू में पुलिस ने पपीता तोड़ने को लेकर दो महिलाओं के बीच हुए विवाद में आशा देवी के विरुद्ध मारपीट का मुकदमा दर्ज किया है। बालेसर पुलिस को दिए तहरीर में बताया कि उसकी पत्नी खेत में पपीता की रखवाली कर रही थी। उसी गांव की आशा देवी पपीता तोड़ने लगी। मना करने पर उसने पत्नी को पीट कर घायल कर दिया। थानाध्यक्ष श्यामसुंदर तिवारी ने बताया कि पीड़ित महिला के पति बलेसर की तहरीर पर आशा देवी निवासी सहजनवा बाबू के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है।

# किशोरी का अपहरण कर दुष्कर्म करने का आरोप, मुकदमा

जागरण संवाददाता, नौतनवाः थाना क्षेत्र के एक गांव की नाबालिग का अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म करने के आरोप में नौतनवा पुलिस ने आरोपित अल्ताफ के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल में जुटी है।

नौतनवा थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला ने बुधवार को थाने में तहरीर देकर बताया कि उसकी नाबालिग पुत्री को एक युवक बीते दो जून को बहला-फुसलाकर कहीं लेकर फरार हो गया। स्वजन उसकी तलाश कर रहे थे कि पांच जून को युवक किशोरी को गांव के बाहर छोड़कर फरार हो गया। किशोरी घर पहुंची और अपनी मां को पूरे घटनाक्रम की जानकारी दी।

# चावल और खाद के साथ साइकिल बरामद



सीमा के पास बरामद सामान के साथ एसएसबी जवान। स्रोत-एसएसबी

**खनुआ।** सशस्त्र सीमा बल 66वीं वाहिनी के बीओपी खैराघाट के जवानों ने गश्त के दौरान भारत नेपाल सीमा के पिलर संख्या 538/29 के पास से चावल, खाद, प्याज, साइकिल बरामद कर कस्टम को सौंप दिया है। असिस्टेंट कमांडेंट सुबीर घोष ने बताया कि भारतीय सीमा क्षेत्र की तरफ से कुछ लोग साइकिल पर बोरा लेकर नेपाल जाने की फिराक में थे। जवानों को देखते ही सामान छोड़कर खुली सीमा का फायदा उठाकर नेपाल सीमा में प्रवेश कर गए। दो बोरी चावल, चार बोरी यूरिया खाद, दो बोरी प्याज और तीन साइकिलें बरामद हुईं। संवाद

# चार लोगों पर मारपीट का केस दर्ज

**सिंदुरिया।** थाना क्षेत्र के लेदवा निवासी सुभाष ने पुराने विवाद को लेकर गांव के चार लोगों पर मां को गाली देने तथा पीटने का आरोप लगाया है। सुभाष ने तहरीर में कहा कि उनका बेटा शैलेंद्र सोमवार की शाम को साइकिल से घर जा रहा था। रास्ते में पुरानी रंजिश में कुछ लोगों ने जान से मारने की धमकी दी। थानाध्यक्ष अजीत प्रताप सिंह ने बताया कि चार आरोपियों पर केस दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है। संवाद

## मारपीट के आरोप में चार पर केस दर्ज

मिठौरा। सिंदुरिया थानाक्षेत्र के ग्राम सभा परसामीर निवासी अफजल ने 156 (3) के तहत न्यायालय में वाद दाखिल कर ग्राम सभा निवासी कुछ लोगों पर घर में घुसकर मारपीट कर घायल कर बाइक छीनने का आरोप लगाया है। असलम की तहरीर के अनुसार, 20 मार्च की रात 9 बजे ग्राम सभा के कुछ लोग घर में घुसकर बाइक छीनना चाहा रोकने पर उसकी पिटाई कर दी। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने केस दर्ज किया है। संवाद

## नेपाल भाग रहा वांछित पकड़ा, भेजा जेल

सोनौली। कोतवाली क्षेत्र की पुलिस ने मई माह के वांछित को श्याम काट के पास बृहस्पतिवार की सुबह गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। आरोपी युवक नेपाल भागने की फिराक में था। कोतवाल सोनौली अभिषेक सिंह ने बताया कि ग्राम जुगौली थाना सोनौली निवासी मुकेश यादव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। संवाद

## अश्लील हरकत करने पर केस दर्ज

महराजगंज। पनियरा थाना क्षेत्र के एक गांव की युवती की तहरीर पर गांव के ही युवक के खिलाफ अश्लील हरकत करने के मामले में केस दर्ज हुआ है। यह जानकारी थानाध्यक्ष पनियरा निर्भय कुमार सिंह ने दी। संवाद

## महिला के विरुद्ध मारपीट का केस

बृजमनगंज। थाना क्षेत्र के सहजनवां बाबू गांव की महिला के खिलाफ मारपीट का केस दर्ज किया है। सहजनवां बाबू गांव में खेत में पपीता तोड़ने के मामले में दो महिलाओं के बीच कहासुनी के बाद मारपीट हो गया था जिसमे घायल दीप्ती के पति बालेसर की तहरीर पर उसी गांव की आशा के विरुद्ध मारपीट का केस दर्ज हुआ है। थानाध्यक्ष श्यामसुंदर तिवारी ने बताया कि आशा के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। संवाद

## सास ने दामाद पर मारपीट का दर्ज कराया केस

मिठौरा। भिटौली थानाक्षेत्र के ग्राम सभा परसा राजा निवासी रेशमा देवी ने सिंदुरिया थाने में दामाद पर मारपीट का केस दर्ज कराया है। पुलिस को दी तहरीर में रेशमा देवी ने बताया कि बताया कि उन्होंने अपनी पुत्री रामरती देवी की शादी ग्राम लक्ष्मीपुर एकडंगा में की है। एक जून को पुरानी बातों को लेकर बेटी की पिटाई कर दी। थाना प्रभारी सिंदुरिया अजित प्रताप का कहना है कि आरोपी गोरख निवासी लक्ष्मीपुर एकडंगा पर केस दर्ज कर लिया गया है। संवाद

## एक व्यक्ति पर रुपये न देने का आरोप

खनुआ। नौतनवा थाना क्षेत्र के पुरैनिहा टोला लोहसी निवासी श्रवण शर्मा ने सोनौली पुलिस को शिकायती पत्र देकर सोनौली नगर पंचायत के एक व्यक्ति पर रुपये न देने का आरोप लगाया है। श्रवण शर्मा ने बताया कि मेरे दोनों पुत्र अमन और विशाल शर्मा की नौतनवा में आलू-प्याज की फुटकर दुकान है। सोनौली नगर पंचायत के एक वार्ड का व्यक्ति उधार सामान लेकर गया, लेकिन पैसे नहीं दिया। संवाद

# पुलिस कर्मियों को तय समय पर दें भोजन और नाश्ता



पुरंदरपुर थाने का निरीक्षण करते एसपी। स्रोत-पुलिस विभाग

संवाद न्यूज एजेंसी

## एसपी ने किया पुरंदरपुर व कोल्हुई थाने का निरीक्षण

**महराजगंज।** बुधवार को पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीणा ने पुरंदरपुर और कोल्हुई थाने का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने मातहतों को सतर्क रहने और शिकायतों के त्वरित निस्तारण का निर्देश दिया।

कहा गड़बड़ी की शिकायत मिलने पर कार्रवाई की जाएगी। साथ ही भोजनालय में सफाई रखने व समय पर भोजन व नाश्ता जवानों को देने के निर्देश दिए। धार्मिक स्थानों व एटीएम के निरंतर निरीक्षण के लिए निर्देश दिए।

थाना परिसर के निरीक्षण के दौरान जीडी कार्यालय, आवासीय बैरक, सीसीटीवी कैमरा, आइजीआरएस कार्यालय, बंदीगृह और भोजनालय की व्यवस्था को देखा। विभिन्न कार्यालयों में प्रपत्रों को सही तरीके से रखने और सफाई व्यवस्था को दुरुस्त रखने के लिए कर्मियों को कहा। भोजनालय के निरीक्षण में उन्होंने भंडारी से यह जानकारी प्राप्त की कि क्या नाश्ता सुबह और शाम के समय जवानों को व क्या खाना दिया जा रहा है।

# हत्या के दोषी को चार साल का कारावास

अदालत से

## जमीन के बंटवारे को लेकर वारदात को दिया था अंजाम

**महराजगंज।** जनपद के थाना फरेंदा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सभा गनेशपुर में जमीन के बंटवारे को लेकर पट्टीदार की हत्या कर दी गई थी। मामले में देवानंद साहनी को दोषी पाए जाने पर सत्र/जनपद न्यायाधीश नीरज कुमार ने बृहस्पतिवार को चार वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई है।

जानकारी के अनुसार, गनेशपुर निवासी भवनाथ सहानी ने थाना फरेंदा में रिपोर्ट दर्ज कराया था कि 21 अगस्त 2021 को दोपहर कररीब 2:15 बजे जमीन के बंटवारे को लेकर चाचा देवानंद साहनी ने लाठी-डंडे से बाबा बहादुर साहनी की पिटाई कर दी। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए।

उनको बीआरडी मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। तहरीर के आधार पर थाना फरेंदा में केस दर्ज कर विवेचक शुरू हुई। अभियुक्त के विरुद्ध आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया गया। विचारण के दौरान दर्जनों गवाहों को पेश कर सजा की मांग की गई। संवाद

# BASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 07-06-2024

# मकान से सामान निकालने गये युवक की पिटाई, केस

**बस्ती (एसएनबी)।** एक मकान में रखे हुए जिम का सामान निकालने गये युवक को विपक्षीगणो द्वारा गालियां देते हुए मारापीटा गया व जानमाल की धमकी दी। इस सम्बन्ध में पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी पर मुकदमा दर्ज किया है। मुण-डेरवा थानान्तर्गत हल्लौर नगरा स्थित रामचन्द्र गुप्ता के मकान में पवन कुमार का जिम का सामान रखा हुआ था। जिसको निकालने के लिए जब पवन कुमार गये तो विपक्षी रामचन्द्र व उसके परिवार वालो ने मिलकर गालियां देते हुए मारने पीटने लगे। हल्ला गुहार लगाने पर जब गांव वाले तथा आस पास के लोग पहुंचे और बीच बचाव किया तो विपक्षियों ने उसे छोड़ा साथ ही जान से मारने की धमकी दी। मामले में पीड़ित पवन कुमार पुत्र श्रीचन्द्र निवासी ग्राम हल्लौर नगरा थाना मुण्डेरवा की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी रामचन्द्र गुप्ता पुत्र दुर्गा प्रसाद, पंकज गुप्ता पुत्र रामचन्द्र गुप्ता, प्रिती पुत्री रामचन्द्र, पवन पुत्र प्रेमचन्द्र गुप्ता निवासीगण ग्राम हल्लौर नगरा थाना मुण्डेरवा के विरुद्ध धारा 323, 504, 506 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# मिट्टी पाटने के विवाद में मारपीट, केस

**बस्ती (एसएनबी)।** मिट्टी पाटने के विवाद को लेकर एक व्यक्ति को विपक्षी द्वारा गालियां देते हुए मारापीटा गया तथा जान से मारने की धमकी दी। मामले में पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी पर मुकदमा दर्ज किया है। कलवारी थानान्तर्गत गायघाट गांव में राम सजीवन तथा राहुल के बीच में मिट्टी पाटने की बात को लेकर कुछ कहासुनी हो गयी। जिसके बाद राहुल ने राम सजीवन को गालियां देते हुए मारापीटा व जान से मारने की धमकी दी। मामले में पीड़ित रामसजीवन पुत्र बलई निवासी गायघाट थाना कलवारी की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी राहुल पुत्र राम लुटावन निवासी गायघाट थाना कलवारी के विरुद्ध धारा 323, 504, 506 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# मेड़ बांधने के विवाद में व्यक्ति की पिटाई, केस

**बस्ती (एसएनबी)।** खेत के टूटे मेड़ को बांधने के लिए कहने पर एक व्यक्ति को विपक्षियों ने मिलकर गालियां देते हुए जमकर मारापीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। इस सम्बन्ध में पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों पर मुकदमा दर्ज किया है। रूधौली थानान्तर्गत मानपटटी गांव निवीस धर्मेन्द्र कुमार यादव अपना खेत देखने के लिए गये थे। जहां पर खेत का मेड़ विपक्षी सालिक राम द्वारा तोड़ दिया गया था। यह देख धर्मेन्द्र ने उन्हें मेड़ बांधने के लिए कहा। यह बात सालिक राम तथा उसके परिवार को नागवार गुजरी और धर्मेन्द्र कुमार यादव को गालियां देते हुए मारापीटा तथा जान से मारने की धमकी दिया। मामले में पीड़ित धर्मेन्द्र कुमार यादव पुत्र रामसुख यादव निवासी मानपट्टी थाना रुधौली की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी सालिक राम, दशरथ पुत्रगण राम आसरे, सुनील पुत्र सालिक राम , विशाल उर्फ गुड्डू पुत्र पुत्र राम सागर निवासीगण मानपट्टी थाना रुधौली के विरुद्ध धारा 323, 504, 506 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# गन्ने के खेत में लगायी आग, मुकदमा दर्ज

**बस्ती (एसएनबी)।** विपक्षी द्वारा अपने खेत के गन्ने की पत्ती जलाने के बहाने पर एक व्यक्ति के गेहूं व गन्ने के खेत में आग लगा दिया, जिसका विरोध करने पर गालियां व धमकी दी। इस सम्बन्ध में पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी पर मुकदमा दर्ज किया है। सोनहा थानान्तर्गत तुरकौलिया करमहिया गांव निवासी राम मनी ने पुलिस को बताया कि विपक्षी हीरालाल द्वारा अपने गन्ने के खेत की पत्ती जलाने के बहाने उसके गेहूं व गन्ने के खेत में जानबूझकर आग लगा दिया। जिससे उसका फसल जल गया। इस बात की शिकायत करने पर उसे गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी भी दी गयी। मामले में पीड़ित राम मनी पुत्र संतोषी निवासी ग्राम तुरकौलिया थाना सोनहा की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी हीरालाल पुत्र रामदीन निवासी ग्राम तुरकौलिया थाना सोनहा के विरुद्ध धारा 435, 504, 506 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# बहला फुसला कर युवती को भगाया, केस

**बस्ती (एसएनबी)।** एक लड़की को आरोपी युवक द्वारा बहला फुसला कर अपने साथ भगा ले गया। मामले में लड़की की मां की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी पर मुकदमा दर्ज किया है। मुण्डेरवा थाने की पुलिस को लिखित तहरीर देकर एक महिला ने आरोप लगाया कि उसकी बेटी को आरोपी विशाल द्वारा शादी का झांसा देकर बहला फुसला कर अपने साथ कहीं भगा ले गया। मामले में पुलिस ने आरोपी विशाल पुत्र पृथ्वीपाल ग्राम भैंसा पाण्डेय थाना मुण्डेरवा के विरुद्ध धारा 363, 366 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# जन्मदिन में न बुलाने पर मारपीट, केस

**बस्ती (एसएनबी)।** जन्मदिन कार्यक्रम में आमंत्रित न करने पर विपक्षियों ने एक व्यक्ति व उसकी पत्नी को गालियां देते हुए मारापीटा गया व जानमाल की धमकी दी। इस सम्बन्ध में पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी पर मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज थानान्तर्गत पिपरपाती गांव निवासी अरविन्द यादव के बेटी का जन्मदिन था। इस दौरान अरविन्द ने किसी बात को लेकर धर्मराज व उसके परिवार को आमंत्रित नही किया। जिससे नाराज धर्मराज व उसके बेटे शिव व प त्नी चन्द्रावती अरविन्द यादव के घर पर आकर उसे तथा उसकी पत्नी प्रीती को गालियां देते हुए मारापीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। मामले में पीड़ित अरविन्द यादव पुत्र महेन्द्र यादव निवासी पिपरपाती मुस्तहकम थाना लालंगज की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी धर्मराज पुत्र प्रहलाद, शिवम पुत्र धर्मदेव, चन्द्रावती पत्नी धर्मदेव निवासीगण पिपरपाती मुस्तहकम थाना लालगंज के विरुद्ध धारा 323, 504, 506 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# शाखा प्रबंधक व कर्मियों पर केस का आदेश

बस्ती। एसीजेएम संदीप की अदालत ने एसबीआई पोखरनी के शाखा प्रबंधक व कर्मचारियों के विरुद्ध धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज करने का आदेश कलवारी पुलिस को दिया है। बैंक कर्मियों पर मृतक किसान के खाते में हेरा फेरी करने का आरोप लगाया गया है।

नगर थाना क्षेत्र के अशोक ने कोर्ट में प्रार्थना पत्र देकर कहा है कि उसके पिता रामनाथ की मृत्यु 17 अक्टूबर 2014 को हो गई थी। भारतीय स्टेट बैंक के पोखरनी ब्रांच में उनका किसान क्रेडिट कार्ड का खाता था। इसके अलावा एक बचत खाता भी उनके द्वारा खोला गया था। केसीसी के खाते में 27 मार्च 2014 को रामनाथ ने 1 लाख 23 हजार 441 रुपया जमा किया था। ब्याज और बीमा का पैसा मिला करके 1 लाख 26 हजार 28 रुपया जमा था। 16 जून 2018 को प्रदेश सरकार द्वारा किसानों के कर्ज माफी की योजना लाई गई परंतु रामनाथ के ऋण खाते का कर्ज माफ नहीं किया गया था। अशोक ने जिला कृषि अधिकारी से संपर्क किया तो बताया गया की 19721रुपये ऋण माफ किया जा चुका है अब कुछ भी कर्ज नहीं रह गया है 25 अप्रैल 2023 को अशोक कुमार अपने नाम से किसान क्रेडिट कार्ड बनवाने के लिए पोखरनी ब्रांच पर पहुंचा तो यह कहते हुए उसको किसान क्रेडिट कार्ड की सुविधा नहीं दी गई कि आपके मृतक पिता के नाम से बकाया है। बैंक वालो ने खुद को फसता देख राम नाथ के नाम से एक और बचतखाता खोल दिया दोनो बचत खातों से केसीसी खाते में रुपये भेज व निकाल कर खाते को एनपीए श्रेणी से बाहर कर दिया । जिससे ऋणमाफी योजना का लाभ न मिल सके। जांच पड़ताल होने पर 23 सितम्बर 2017 की तारीख में ऋण माफी का 19721 रुपए रामनाथ के खाते में पोस्ट कर दिया गया । 30 मार्च 2017 के तिथि में 15000 रुपये खाते से निकाल लिया गया । इसी प्रकार 12 अक्टूबर 2020 की तिथि में 45000 रुपया पहले जमा किया गया फिर उसी दिन आहरित भी कर लिया गया इसी तरह 18 फरवरी 2022 की तिथि मे भी 48000 रुपए भेजकर फिर निकाल लिया गया।जब कि रामनाथ की 2014 में ही मृत्यु हो गयी थी। पत्रावली के अवलोकन के बाद अदालत ने मुकदमा दर्ज कर निष्पक्ष विवेचना का आदेश दिया है।

# दुष्कर्म का केस दर्ज करने का आदेश

बस्ती। विशेष सत्र न्यायाधीश पाक्सो एक्ट विनोद कुमार की अदालत ने नाबालिग से छेड़खानी और दुष्कर्म के मामले में थानाध्यक्ष कप्तानगंज को सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया है। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 17 वर्षीय किशोरी ने थाना क्षेत्र के बैदौलिया अजायब निवासी जितेंद्र व सुनील के विरुद्ध कोर्ट में प्रार्थना पत्र देकर कहा कि वह नाबालिग है जितेंद्र और सुनील 13 अप्रैल 2024 को शाम 6 बजे उसके घर आए बाइक पर बिठाकर कप्तानगंज ले जा रहे थे। रास्ते में 6:30 बजे एकटेकवा पुल के नीचे रोककर दोनों ने उसके साथ छेड़खानी करते हुए दुष्कर्म किया।

# बस्ती में महिला अधिकारी से बदसलूकी, लिपिक सस्पेंड

■ मामले की जांच के लिए तीन महिला अधिकारियों की कमेटी बनाई गई

बस्ती, निज संवाददाता। जिले की एक महिला अधिकारी के साथ एक लिपिक ने बदसलूकी कर दी। शिकायत डीएम तक पहुंची तो उन्होंने तत्काल प्रभाव से निलंबित करने का निर्देश जारी किया। जांच के लिए विशाखा कमेटी का गठन किया गया है। रिपोर्ट जल्द आने की उम्मीद है।

जिले के एक विभाग में कार्यरत एक महिला अधिकारी ने डीएम को दिए शिकायत-पत्र में लिपिक पर बदसलूकी का आरोप लगाया है। वाकया 21 मई का बताया जा रहा है। शिकायती-पत्र को गंभीरता से लेते हुए डीएम के निर्देश पर डीडीओ ने तत्काल प्रभाव से आरोपी लिपिक को निलंबित कर दिया। डीएम ने शिकायती-पत्र के आधार पर प्रारंभिक जांच कराई। उसमें लिपिक बदसलूकी का दोषी पाया गया। इस पर डीएम ने विशाखा कमेटी का गठन किया है। कमेटी में तीन महिला अधिकारियों को शामिल किया गया है। सूत्र बताते हैं कि चुनावी व्यस्तता के चलते कमेटी की रिपोर्ट अभी तक प्राप्त नहीं है, जिसके जल्द मिलने की संभावना है।

# दस स्थानों पर मारपीट, 26 पर केस

बस्ती, निज संवाददाता। अलग-अलग स्थानों पर हुई मारपीट की घटनाओं में पुलिस 26 व्यक्तियों पर केस दर्ज कर कार्रवाई की है। छावनी थानाक्षेत्र के रामगढ़ खास गांव में आपसी रंजिश को लेकर सुरेश तिवारी को राजकरन, महेश्वरी, आनंद और सुमन ने मिलकर पिटाई कर दी।

परसरामपुर क्षेत्र के बिलारी भीटी में तालाब के कब्जेदारी की बात को लेकर रवि को गांव के ही हरिनाथ और आदर्श ने पीट दिया। इसी क्षेत्र के ग्राम बबौना में घिराऊ को रामजीत वर्मा ने मारपीट कर घायल कर दिया। पैकोलिया क्षेत्र के ग्राम भिमलापुर छत्तर में लौटू के बेटे की चार अज्ञात लोगों ने पिटाई कर दी। गौर अजगैवा जंगल (पंडितपुर) में पानी पीने के लिए मांगने पर गुड्डू को दीपक व पूजा ने मारापीटा। गायघाट में मिट्टी पाटने की बात को लेकर रामसजीवन को के ही राहुल ने मारपीट कर घायल कर दिया। रुधौली क्षेत्र के मानपट्टी में मेड़ बांधने को लेकर धर्मेन्द्र यादव को गांव के ही सालिक राम, दशरथ, सुनील व विशाल ने मारपीट कर घायल कर दिया। सोनहा क्षेत्र के तुरकौलिया करमहिया में राममनी की हीरालाल ने पिटाई कर दी, गन्ने की फसल में आग लगा दी। मुण्डेरवा क्षेत्र के हल्लौर नगरा में पवन को उसके गांव के ही रामचन्द्र गुप्ता, पंकज, प्रीती और पवन ने पिटाई कर दी। लालगंज क्षेत्र के पिपरपाती मुस्तहकम गांव में बेटी के जन्मदिन के प्रीतिभोज में आमन्त्रित नहीं करने की खुन्नस लेकर अरविन्द को गांव के ही धर्मराज, शिवम और चन्द्रावती ने मिलकर पिटाई कर दी।

# पंचायत सहायक समेत चार पर केस दर्ज

बस्ती। सल्टौआ के ग्राम पचांयत भिउरा की प्रधान, उसके बेटे व पंचायत सहायक के बीच मारपीट की घटना में पुलिस ने महिला प्रधान के बेटे रामबहोर निवासी ग्राम भिऊरा की तहरीर पर वाल्टरगंज पुलिस ने पंचायत सहायक अनीता, उसके पति अजय, सास ज्ञानमती और ससुर रामपति के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। अभी दूसरी ओर से दी गई तहरीर की जांच पुलिस की ओर की जा रही है। प्रधान पुत्र की तहरीर के मुताबिक वह पंचायत सहायक की शिकायत सेक्रेट्री से की थी। इसी बात से खुन्नस लेकर पंचायत सहायक व उसके ससुराल वालों ने मिलकर हमला कर दिया। पंचायत भवन कार्यालय मे लगे कम्प्यूटर आदि को तोड़ डाला।

# शाखा प्रबंधक पर मुकदमा दर्ज करने का आदेश

- मृत किसान के नाम से खाता खोलने,अनियमितता का आरोप
- एसबीआइ की पोखरनी शाखा का मामला, थानाध्यक्ष करेंगे विवेचना

जागरण संवाददाता, बस्तीः अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट संदीप ने भारतीय स्टेट बैंक पोखरनी के शाखा प्रबंधक व कर्मचारियों के विरुद्ध धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया है। बैंक कर्मियों पर मृतक किसान के खाते में हेराफेरी करने का आरोप लगाया गया है। थानाध्यक्ष कलवारी को मुकदमा दर्ज कर विवेचना करने का आदेश दिया गया है।

नगर थाना क्षेत्र के अशोक कुमार ने अधिवक्ता संजीव कुमार भट्टाचार्य के माध्यम से मुकदमा दर्ज करने के लिए मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में प्रार्थना पत्र दिया था। पत्र में वर्णित तथ्यों के अनुसार अशोक कुमार के पिता रामनाथ की मृत्यु 17 अक्टूबर 2014 को हो गई थी। भारतीय स्टेट बैंक के पोखरनी शाखा में उनका किसान क्रेडिट कार्ड का खाता था। इसके अलावा एक बचत खाता भी उनके द्वारा खोला गया था। केसीसी के खाते में 27 मार्च 2014 को रामनाथ ने 1,23,441 रुपये जमा किया था। ब्याज और बीमा का पैसा मिला करके 1,26,028 रुपये जमा किया गया। 16 जून 2018 को प्रदेश सरकार द्वारा किसानों के कर्ज माफी की योजना लाई गई, परंतु रामनाथ के ऋण खाते का कर्ज माफ नहीं किया गया। अशोक ने जिला कृषि अधिकारी से संपर्क किया तो बताया गया की 19,721 रुपये ऋण माफ किया जा चुका है, अब कुछ भी कर्ज नहीं रह गया है। 25 अप्रैल 2023 को अशोक कुमार अपने नाम से किसान क्रेडिट कार्ड बनवाने के लिए पोखरनी शाखा पर गए तो यह कहते हुए उनको किसान क्रेडिट कार्ड की सुविधा नहीं दी गई कि उनके मृतक पिता के नाम से बकाया है। बैंक वालों ने खुद को फंसता देख रामनाथ के नाम से एक और बचत खाता खोल दिया। दोनों बचत खातों से केसीसी खाते में रुपये भेज व निकाल कर खाते को एनपीए श्रेणी से बाहर कर दिया। जिससे ऋणमाफी योजना का लाभ न मिल सके। जांच पड़ताल होने पर 23 सितंबर 2017 को ऋण माफी का 19,721 रुपये रामनाथ के खाते में पोस्ट कर दिया गया। 30 मार्च 2017 को 15,000 रुपये खाते से निकाल लिया गया। इसी प्रकार 12 अक्टूबर 2020 को 45,000 रुपये पहले जमा किया गया फिर उसी दिन आहरित भी कर लिया गया। इसी तरह 18 फरवरी 2022 को 48,000 रुपये भेजकर फिर निकाल लिया गया, जबकि रामनाथ की मृत्यु 2014 में ही हो गई थी। अशोक कुमार के शिकायती प्रार्थना पत्र के अनुसार उसकी तरफ से कोई लेनदेन नहीं किया गया। इन परिस्थितियों में खाते का संचालन कौन कर रहा था यह जांच का विषय है। इस संबंध में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट आशीष राय ने प्रारंभिक जांच कराया था। बैंक के ही अधिकारी द्वारा प्रारंभिक जांच की गई जिसमें यह कहा गया कि धोखाधड़ी नहीं हुआ है, अनियमितताएं अवश्य हुई हैं। बाद में पत्रावली इस न्यायालय में अंतरित हो गई। प्रथम दृष्ट्या आपराधिक संलिप्तता जाहिर होने पर अदालत ने मुकदमा दर्ज कर निष्पक्ष विवेचना का आदेश दिया है।

# स्काई लिफ्ट वाहन की ठोकर से टोल प्लाजा केबिन क्षतिग्रस्त

जागरण संवाददाता, छावनी : फोरलेन पर छावनी थानाक्षेत्र के चौकड़ी टोल प्लाजा पर गुरुवार को दिन में 11 बजे गोरखपुर की तरफ से आ रही नगर निगम के स्काई लिफ्ट वाहन ने टोल केबिन में ठोकर मार दी। केबिन में मौजूद कर्मियों ने किसी तरह भाग कर अपनी जान बचाई, लेकिन भाग दौड़ के दौरान उन्हें चोटें आई हैं। केबिन में लगे लैपटाप व अन्य जरूरी सामान क्षतिग्रस्त हो गए। मामले में टोल प्लाजा प्रबंधक ने छावनी पुलिस को तहरीर देकर मुकदमा दर्ज करने का अनुरोध किया है।

चौकड़ी टोल प्लाजा के प्रबंधक संदीप सिंह ने छावनी पुलिस को दिए गए तहरीर में बताया कि रोजाना की तरह टोल प्लाजा पर मौजूद कर्मचारी आने जाने वालों से वाहनों से टोल शुल्क ले रहे थे।

इसी बीच गोरखपुर की तरफ से आ रहे नगर निगम गोरखपुर के स्काई लिफ्ट वाहन जो कि अयोध्या की तरफ जा रहा था अनियंत्रित होकर टोल प्लाजा के केबिन में ठोकर मार दी। प्रभारी निरीक्षक थाना छावनी राजेश कुमार तिवारी ने बताया कि तहरीर मिल गई है। घटना की छानबीन की जा रही है।




छावनी थाने के बाहर खड़ा गोरखपुर नगर निगम का स्काई लिफ्ट वाहन • जागरण

# छेड़खानी में सीडीओ कार्यालय का बाबू निलंबित

जागरण संवाददाता, बस्तीः एक महिला अधिकारी से छेड़खानी और अभद्रता के आरोप में सीडीओ कार्यालय में तैनात वरिष्ठ सहायक देवेंद्र सिंह को डीडीओ ने निलंबित कर दिया है। इतना ही नहीं पूरे प्रकरण की जांच के लिए जिलाधिकारी अन्द्रा वामसी के निर्देश पर डीडीओ ने उपायुक्त स्वतः रोजगार आशा देवी की अध्यक्षता में चार सदस्यीय टीम गठित की है।

- अश्लील हरकतों से आजिज आ गई थी महिला अधिकारी, डीएम ने बैठाई जांच
- महिला अधिकारी की शिकायत पर हुई कार्रवाई
- प्रकरण की जांच के लिए चार सदस्यीय टीम गठित

महिला अधिकारी ने 22 मई को जिलाधिकारी को दिए शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि पिछले कुछ समय से उन्हें वरिष्ठ सहायक द्वारा लगातार परेशान किया जा रहा है। समय समय पर कई बार अशोभनीय इशारे किए जाते रहे हैं, जिसे वह हर बार अनदेखा कर दे रहीं थी। कई बार अकेले मिलने के लिए कहा गया। आरोप लगाया कि 21 मई की शाम आरोपित उनके कमरे में आया और मुख्यमंत्री के जनपद आगमन पर तैयार किए जा रहे मुख्य बिंदुओं को लेकर चर्चा करने लगा। चर्चा पूर्ण होने के उपरांत भी वह उनके कार्यालय में बैठा रहा।

वह उन्हें देख कर कभी घूरता तो कभी मुस्कराता रहा। जब उनके द्वारा पूछा गया कि कोई और काम है तो उसने कहा कि ऐसे नहीं बता सकता। आरोपित बाबू ने उनके साथ आपत्तिजनक हरकत की। उसके इस कृत्य से वह स्तब्ध हैं और डरी हुई भी हैं। वह घर और कार्यालय दोनों जगह खुद को असुरक्षित महसूस कर रहीं हैं। पीड़ित महिला अधिकारी ने डीएम से अनुरोध किया है कि उन्हें न्याय दिलाया जाए और आरोपित के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाए।

> जिलाधिकारी के आदेश पर संबंधित वरिष्ठ लिपिक को निलंबित कर दिया गया है। जांच के लिए कमेटी भी बनाई गई है। इसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।
> अजय कुमार सिंह, जिला विकास अधिकारी, बस्ती

वहीं डीडीओ अजय कुमार सिंह ने मामले में कार्रवाई करते हुए पूरे प्रकरण की जांच के लिए उपायुक्त स्वतः रोजगार आशा देवी की अध्यक्षता में चार सदस्यीय आंतरिक परिवाद समिति का गठन किया है। टीम में जिला गन्ना अधिकारी मंजू सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी श्रीप्रकाश पांडेय व इनरह्वील क्लब की पारुल टिबड़ेवाल शामिल हैं।

**पहले से विवादित और सीडीओ का चहेता रहा है बाबू** : सीडीओ कार्यालय में इस बाबू की तूती बोलती है। यह पहले से विवादित और सीडीओ का चहेता रहा है। हालांकि सीडीओ कार्यालय में इसकी तैनाती भी गलत बताई जा रही है।

कोई भी फाइल बिना इस बाबू के अनुमति से आगे नहीं बढ़ती है। इसलिए इनका सभी विभागों में आना जाना लगा रहता है। मृतक आश्रित पर इसे नौकरी मिली तो विवाद भी हुए। दो बार के तत्कालीन जिलाधिकारी इसे बर्खास्त भी कर चुके थे। बाद में उच्च न्यायालय के आदेश पर तत्काल तत्कालीन जिलाधिकारी को नौकरी में वापस लेना पड़ा।

**असुरक्षित महसूस कर रहीं महिला अधिकारीः** जिले में तैनात कुछ महिला अधिकारी अपने आपको असुरक्षित महसूस कर रही हैं। कुछ दिन पूर्व एक महिला अधिकारी नायब तहसीलदार की शिकार चुकी हैं।नायब तहसीलदार को जेल तक जाना पड़ा। यह मामला सुर्खियों में आ चुका है।

# ग्रामीणों ने प्रेमी-प्रेमिका को पुलिस को सौंपा

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**महराजगंज (बस्ती)।** घर से भाग रहे प्रेमी-प्रेमिका को ग्रामीणों ने पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। महराजगंज चौकी की पुलिस दोनों को थाने लेकर चली गई। दोनों नाबालिग बताए जा रहे हैं।

जानकारी के अनुसार, कप्तानगंज थाना क्षेत्र के एक गांव के रहने प्रेमी का गांव की ही लड़की से प्रेम प्रसंग चल रहा था। बताया जा रहा कि दोनों काफी करीब हो गए थे। बृहस्पतिवार की भोर में दोनों गांव के बाहर सूनसान जगह पर मिलने गए थे। चर्चा है कि दोनों घर से भागने की योजना बना रहे थे। तभी गांव के लोगों को भनक लग गई और दोनों को पकड़ लिया।

इस बात की सूचना पुलिस को दी। महराजगंज के चौकी प्रभारी जेपी मिश्रा दोनों को चौकी पर ले आए। कई घंटे की पंचायत के बाद जब मामला नहीं सुलझा तो प्रेमी-प्रेमिका को लेकर थाने चले गए। महराजगंज के चौकी प्रभारी जेपी मिश्रा ने बताया कि मामले में कोई तहरीर नहीं मिली है।

## नाबालिग को भगाने का केस दर्ज

**बस्ती।** नगर पुलिस ने शादी का झांसा देकर किशोरी को बहला-फुसलाकर भगाने के मामले में दुबौलिया क्षेत्र के आरोपी विशाल पर केस दर्ज किया है। पीड़ित परिवार का आरोप है कि आरोपी ने किशोरी को प्रेम जाल में फंसा लिया और शादी का झांसा देकर अपने साथ ले गया। पुलिस दोनों की तलाश कर रही है। संवाद

# अमरमणि केस में सुनवाई आज

**बस्ती।** राहुल मद्धेशिया अपहरण केस के आरोपी पूर्व मंत्री अमरमणि त्रिपाठी के मामले में शुक्रवार को फिर सुनवाई होगी। इस मामले में कोतवाली पुलिस को अमरमणि की संपत्तियों का ब्योरा लेकर कुर्की का आदेश एमएपी एमएलए कोर्ट ने दिया है।

पुलिस इस मामले में अब तक केवल महराजगंज जिले की संपत्ति को कुर्क कर सकी है। जबकि लखनऊ की संपत्तियों को लेकर सिर्फ पत्राचार हुआ है। इधर एक गोपनीय पत्र कोर्ट में आने के बाद कोतवाली पुलिस को गोरखपुर की अन्य संपत्तियों की जांच कर कुर्क करने का आदेश दिया है। संवाद

# न्यायिक अधिकारी की नियुक्ति पर अधिवक्ताओं ने किया प्रदर्शन



जिला न्यायालय के गेट पर प्रदर्शन करते अधिवक्ता। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

बस्ती। संयुक्त बार एसोसिएशन के नेतृत्व में बृहस्पतिवार को अधिवक्ताओं ने जनपद न्यायालय के गेट नंबर दो पर विरोध प्रदर्शन किया। अधिवक्ता ग्राम न्यायालय हर्रैया, भानपुर व रुधौली में न्यायिक अधिकारियों की नियुक्ति होने को लेकर विरोध कर रहे थे।

जानकारी के मुताबिक, उच्च न्यायालय ने हर्रैया में अखिल कुमार, भानपुर में गौरव दीप सिंह और रुधौली में सरफराज अहमद को ग्राम न्यायालय के न्यायिक अधिकारी के रूप में तैनाती का आदेश दिया है।

दूसरी ओर अधिवक्ता ग्राम न्यायालय के तहसीलों में जाने को लेकर लंबे समय से विरोध कर रहे हैं। अधिवक्ताओं का कहना है कि बिना संसाधन के ग्राम न्यायालय को तहसीलों में स्थानांतरित कर दिया गया है। वहां न तो न्यायालय भवन का पता है और न ही अधिवक्ताओं के बैठने के लिए चेंबर।

सिविल बार अध्यक्ष बद्री दुबे ने बताया कि तहसीलों में ग्राम न्यायालयों के संचालन से निष्पक्ष फैसले नहीं हो पाएंगे। तहसीलों में अधिवक्ता व न्यायिक अधिकारी दोनों असुरक्षित रहेंगे। ग्राम न्यायालय का संचालन पूर्व की भांति जिला मुख्यालय पर होना चाहिए।

इस मौके पर दयाशंकर दुबे, शिवपूजन मिश्र, वंशीधर पांडेय, अजय सिंह, सर्वेश दुबे, पवन दुबे, मारुत शुक्ल आदि मौजूद रहे।

## हर्रैया, रुधौली तहसील में ग्राम न्यायालय अधिकारी की तैनाती

## ग्राम न्यायालय आने पर सहयोग करेंगे अधिवक्ता

**भानपुर।** ग्राम न्यायालय को तहसील में स्थापित कराने को लेकर बृहस्पतिवार को बार एसोसिएशन की बैठक हुई। अध्यक्ष सुरेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि ग्राम न्यायालय तहसील में आने पर सभी अधिवक्ता भरपूर सहयोग करें। तहसील में ग्राम न्यायालय आने का सिविल बार के अधिवक्ता विरोध कर रहे हैं। इसके विरोध पर 7 जून तक तहसील के अधिवक्ता न्यायिक कार्यों से विरत रहेंगे। तहसील के अधिवक्ता चाहते हैं कि ग्राम न्यायालय का संचालन तहसील में ही हो। मौके पर लोकनाथ उपाध्याय, सुभाष सिंह, केपी सिंह, राघवेंद्र पांडेय, विजय प्रताप सिंह, अशोक वर्मा, लक्ष्मीकांत चौधरी आदि मौजूद रहे। संवाद

# पानी मांगने पर पिटाई, केस दर्ज

**बस्ती।** गौर पुलिस ने अजगैवा जंगल गांव में ठंडा पानी मांगने पर पिटाई करने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने इस मामले में गुड्डू निषाद की तहरीर पर दीपक व पूजा पर केस दर्ज किया है। संवाद

# तालाब पर कब्जे को लेकर मारपीट

**बस्ती।** परशुरामपुर पुलिस ने बिलारी भीटी में तालाब पर कब्जेको लेकर मारपीट के मामले में दो लोगों पर केस दर्ज किया है। इस मामले में परशुरामपुर निवासी रवि कुमार पांडेय ने तहरीर देकर कहा है कि तालाब पर कब्जे को लेकर गांव के हरिनाथ व आदर्श ने उसे मारापीटा। पुलिस केस दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। संवाद

# रंजिश में मारपीट, अज्ञात पर केस दर्ज

**बस्ती।** पैकोलिया पुलिस ने भिमलापुरछत्तर गांव में रंजिश में युवक की पिटाई करने के मामले में अज्ञात लोगों पर केस दर्ज किया है। इस मामले में पैकोलिया निवासी पीड़ित के पिता लौटू ने पुलिस को तहरीर दी है। संवाद

# फसल जलाने का आरोप, केस दर्ज

**बस्ती।** सोनहा पुलिस ने तुरकौलिया करमहिया में गेहूं व गन्नेकी फसल जलाने के आरोप में गांव के हीरा लाल पर केस दर्ज किया है। राममनी पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि उनके खेत के बगल में हीरा लाल का खेत है। उन्होंने पत्ती जलाने के बहाने उनका एक बीघा गेहूं व एक बीघा गन्ने की फसल जला दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है। संवाद

## मेड बांधने पर मारापीटा, चार पर केस

**बस्ती।** रुधौली पुलिस ने मानपट्टी गांव में खेत का मेड बांधने के लिए कहने पर पिटाई करने के मामले में चार लोगों पर केस दर्ज किया है। पुलिस को दी तहरीर में गांव के धर्मेंद्र कुमार यादव ने आरोप लगाया है कि वह अपना खेत देखने गए थे। वहां खेत का मेड टूटा हुआ था। इस पर पड़ोसी किसान को मेड बांधने के लिए कह दिया। इस मामले में गांव के सालिकराम, दशरथ, सुनील, विशाल के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। संवाद

## मारपीट में तीन पर केस

**कलवारी।** गजया गांव में पानी रोकने की बात पर पुलिस ने तीन लोगों पर केस दर्ज किया हैं। पुलिस को दी गई तहरीर में मजीदुन निशा ने लिखा है कि बुधवार को बारिश के पानी को रोकने की बात को लेकर गांव के ही अजीज, कल्लू तथा ताहिर ने मिलकर गाली देते हुए उसे तथा बेटी शालू को मारापीटा और जान से मारने की धमकी दी। थानाध्यक्ष भानु प्रताप सिंह ने बताया कि केस दर्ज कर जांच की जा रही है। संवाद

## रंजिश में मारपीट, अज्ञात पर केस दर्ज

**बस्ती।** पैकोलिया पुलिस ने भिमलापुरछत्तर गांव में रंजिश में युवक की पिटाई करने के मामले में अज्ञात लोगों पर केस दर्ज किया है। इस मामले में पैकोलिया निवासी पीड़ित के पिता लौटू ने पुलिस को तहरीर दी है। संवाद

## मारपीट में तीन पर केस दर्ज

**बस्ती।** लालगंज पुलिस ने पिपरा मुस्तहकम गांव में जन्मदिन पार्टी में आमंत्रित न करने पर घर पर चढ़कर महिला की पिटाई करने के मामले में धर्मराज, शिव व चंद्रावती पर केस दर्ज किया है। पुलिस को अरविंद यादव ने तहरीर दी है। संवाद

## एक शख्स की पिटाई, केस दर्ज

**बस्ती।** परशुरामपुर पुलिस ने ग्राम बबौना में झूठे आरोप में एक व्यक्ति की पिटाई के मामले में पुलिस ने रामजीत वर्मा पर केस दर्ज किया है। संवाद

# महिला अधिकारी के आरोप पर लिपिक निलंबित

**बस्ती।** सीडीओ ऑफिस में तैनात एक लिपिक को डीएम अंद्रा वामसी की संस्तुति पर निलंबित कर दिया गया है। लिपिक पर महिला अधिकारी ने बदसलूकी करने का आरोप लगाया है।

हालांकि, इस मामले में कोई अधिकारी कुछ भी बोलने को तैयार नहीं है, मगर इस मामले को लेकर सरकारी गलियारे में चर्चा दिनभर होती रही। सीडीओ ऑफिस में तैनात लिपित पर आरोप है कि उसने एक महिला अधिकारी से बदसलूकी की।

इसकी बाबत महिला अधिकारी ने डीएम अंद्रा वामसी से शिकायत की। डीएम ने मामले को गंभीर लेते हुए कार्रवाई की संस्तुति कर दी है। इस मामले की जांच के लिए डीडीओ अजय कुमार सिंह ने चार सदस्यीय कमेटी गठित कर दी है।

बताया जा रहा कि जांच में लिपिक प्रथम दृष्टया दोषी पाए गए। इसके बाद उन्हें निलंबित कर दिया गया। इस बारे में पूछने पर डीडीओ ने कहा कि वह अवकाश पर हैं। कुछ मामला संज्ञान में आया है, मगर अवकाश से लौटने के बाद देखूंगा। संवाद

# SIDDHARTH NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 07-06-2024

# समस्याओं के निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों के कार्यालय का करेंगे घेराव

बानगंगा(एसएनबी)। शोहरतगढ़ विधायक विनय वर्मा ने बस्ती मंडलायुक्त को पत्र लिखकर अधिकारियों पर जानकारी न देने का आरोप लगाया है। उन्होंने चेतावनी दिया है कि अगर अधिकारियों ने अपनी आदत में सुधार नहीं किया तो मजबूरन जनता की समस्याओं के निराकरण के लिए वह संबंधित अधिकारियों के कार्यालय का करेंगे घेराव।



शोहरतगढ़ विधायक विनय वर्मा ने बस्ती मंडलायुक्त को पत्र लिखकर अधिकारियों पर विकास कार्यों से संबंधित जानकारी न देने का लगाया आरोप। जिससे वह जनता को सरकारी योजनाओं की प्रगति के बारे में नहीं बता पाते। उन्होंने मंडलायुक्त बस्ती से मांग किया कि सभी अधिकारियों को चेतावनी दी जाए कि जनप्रतिनिधि होने के नाते शोहरतगढ़ विधानसभा क्षेत्र के विकास कार्यों को समय से पूरी जानकारी पत्र या मौखिक रूप से मिलकर उन्हें बताएं।उन्होंने चेतावनी दिया है कि अगर अधिकारियों ने अपनी आदत में सुधार नहीं किया तो मजबूरन जनता की समस्याओं के निराकरण के लिए वह संबंधित अधिकारियों के कार्यालय का करेंगे घेराव जिससे प्रशासन की छवि होगी धूमिल।

# छात्रों ने गेट में ताला जड़ कर्मियों को किया कैद

शोहरतगढ़,हिन्दुस्तान संवाद।शिवपति स्नातकोत्तर महाविद्यालय के बीएड के छात्रों ने प्रवेश पत्र न मिलने से नाराज होकर कॉलेज के दोनों गेट पर ताला जड़ कर कर्मचारियों को चार घंटे कैद रखा। सूचना पर पहुंची पुलिस टीम के आश्वासन पर छात्रों ने गेट खोला। एसआई श्याम मोहन त्रिपाठी ने छात्रों की समस्याएं सुनकर प्राचार्य से बातचीत कर समस्या समाधान का आश्वासन दिया है।



शिवपति स्नातकोत्तर महाविद्यालय में गुरुवार को नाराज बीएड के छात्रों से बातचीत करते एसआई श्याम मोहन त्रिपाठी व डॉ.धर्मेंद्र सिंह।

बीएड प्रथम व द्वितीय वर्ष के 50 छात्र-छात्राएं प्रवेश पत्र पाने के लिए बुधवार को फार्म भरने महाविद्यालय पहुंचे। महाविद्यालय प्रशासन की तरफ से छात्रों से कहा गया कि 80 प्रतिशत महाविद्यालय में उपस्थित नहीं है। इसलिए प्रवेश पत्र के लिए फार्म नहीं मिलेगा। इसके लिए बीएड विभाग के एचओडी से बात कीजिए। सभी छात्र-छात्राए एचओडी के घर गए लेकिन वह नहीं मिले। इसके बाद सभी छात्र गुरुवार को फिर महाविद्यालय पहुंचे और प्रवेश पत्र के लिए फार्म की मांग करने लगे। महाविद्यालय प्रशासन की तरफ जब फार्म नहीं दिया गया तो महाविद्यालय के दोनों गेट पर ताला जड़ कर कर्मचारियों को कैद कर लिया। उन्होंने कहा कि जब तक फार्म नहीं मिलेगा तब तक किसी कर्मचारी को जाने नही देंगे। छात्र रोहित कुमार, अमृता निषाद, रवि भूषण, प्रिया त्रिपाठी, रश्मिका, शुभम, अभय, अजय कुमार, सदरे आलम, महिमा, अनिल, तिवारी, सुनील, गंगाधर तिवारी आदि ने कहा कि शुक्रवार से बीएड का पेपर है। इस संबंध में प्राचार्य डॉ.अरविंद कमार सिंह ने कहा कि जो छात्र-छात्राएं महाविद्यालय में प्रवेश पत्र के लिए फार्म की मांग कर रहे हैं। उनका महाविद्यालय में एक दिन भी उपस्थित नहीं है। साल भर गायब थे। अब शुक्रवार को परीक्षा होनी है तो परीक्षा फार्म भरने चले आए। विश्वविद्यालय की वेबसाइट भी बंद हो गया है। ऐसे में इन छात्रों का फार्म भरना मुश्किल हो गया। बीएड के कुछ छात्र जिनकी उपस्थित कम थी। उनके द्वारा दिए गए एप्लिकेशन पर महाविद्यालय से पांच प्रतिशत व विश्वविद्यालय 10 प्रतिशत की छूट पास करवाकर उनका प्रवेश पत्र दिया गया है। जो छात्र साल भर गायब रहता था। उनको हर महीने महाविद्यालय प्रशासन की तरफ से नोटिस व मेल किया गया लेकिन महाविद्यालय नहीं आए। जब दो दिन परीक्षा के रह गए। तब इन्हें चेतना जगी है।

# हत्या के प्रयास का आरोपित गिरफ्तार

डुमरियागंज। डुमरियागंज पुलिस ने हत्या के प्रयास के आरोपित को गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया। प्रभारी निरीक्षक मुकेश राय ने बताया कि क्षेत्र के मल्हवार गांव निवासी अब्दुल रशीद शेख पुत्र मोहम्मद लतीफ पर केस दर्ज था। उसे गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# शिवपति पीजी कालेज के गेट पर छात्रों ने जड़ा ताला

## 50 छात्रों का नहीं भरा परीक्षा फार्म, नहीं मिला प्रवेश पत्र, बीएड की परीक्षा आज से शुरू, तीन घंटे बाद माने छात्र

जागरण संवाददाता, शोहरतगढ़ : शिवपति पीजी कालेज के मुख्य गेट पर गुरुवार को आक्रोशित छात्रों ने ताला जड़ दिया। बीएड के छात्र परीक्षा फार्म नहीं भरने और प्रवेश पत्र का समय से वितरण नहीं होने पर नाराज रहे। सात जून से परीक्षा प्रारंभ होगी। करीब चार घंटे तक गेट पर ताला बंद रहा। मौके पर पहुंची शोहरतगढ़ थाना की पुलिस ने छात्रों से वार्ता की। समस्या का आश्वासन मिलने के बाद गेट का ताला खुल सका। इसके बाद ही परिसर के अंदर रहे शिक्षक व कर्मचारी बाहर निकले।

आक्रोशित छात्रों ने आरोप लगाया कि बीएड प्रथम व द्वितीय वर्ष के करीब 50 छात्र-छात्रा का परीक्षा फार्म नहीं भरा गया है। इस कारण से प्रवेश पत्र नहीं वितरित किया गया है। अब परीक्षा का समय भी आ गया है। छह जून को कालेज प्रशासन से जब वार्ता की गई तो बताया कि 80 प्रतिशत से कम उपस्थिति वाले छात्रों का परीक्षा फार्म नहीं भरा गया है, इसलिए प्रवेश पत्र भी नहीं दिया जा सकेगा। इस संबंध में शिक्षाशास्त्र संकाय के विभागाध्यक्ष से वार्ता करने के लिए कहा। जब विभागाध्यक्ष डा. प्रमोद मिश्रा से वार्ता करने के लिए उनके आवास पर गए तो मुलाकात नहीं हुई। मोबाइल भी बंद रहा।



शोहरतगढ़ के शिवपति स्नातकोत्तर महाविद्यालय में बीएड के छात्रों से बातचीत करते पुलिस सब इंस्पेक्टर श्याम मोहन तिवारी • जागरण

**सड़क ठीक करवाने की मांग :** मन्नीजोत : क्षेत्र के ग्राम बेनीनगर, डुँगहा जोत कस्तुरी, रमवापुर राउत, पिपरा, मधुकरपुर आदि में जलनिगम द्वारा पानी की सप्लाई करवाने हेतु गांव की सड़कों को बीच में खोद दिया गया था। काफी समय बीत जाने के बाद भी विभाग द्वारा अभी तक मार्ग को ठीक नहीं कराया गया, जिसके कारण ग्रामीण को आवागमन में काफी परेशानियां उठानी पड़ रही हैं। हरिराम, लवकुश, छोटेलाल, चिरई आदि ने मार्ग ठीक करवाने की मांग जिम्मेदारों से की है।

> बीएड प्रथम और द्वितीय वर्ष के जो छात्र प्रवेश पत्र के फार्म की मांग कर रहे है। वह एक दिन भी कक्षा में उपस्थित नही रहे। अब परीक्षा होनी है। परीक्षा फार्म भरने के लिए वह सभी आए है। विश्वविद्यालय की अधिकृत वेबसाइट भी बंद हो गई है। इनका फार्म भरना मुश्किल है। बीएड के कुछ छात्र जिनकी उपस्थित कम रही, उनके प्रार्थना पत्र के आधार पर प्रवेश पत्र दिया गया। जो छात्र कक्षा में नहीं आ रहे, इन्हें प्रत्येक माह कालेज की ओर से नोटिस व मेल किया गया है।
>
> प्रो. अरविंद कुमार सिंह
> प्राचार्य शिवपति पीजी कालेज

### छात्रों ने शैक्षणिक सत्र वर्बाद करने का लगाया आरोप

बीएड के छात्र रोहित कुमार, अमृता निषाद, रवि भूषण, प्रिया त्रिपाठी, रश्मिका, शुभम, अभय, अजय कुमार, सदरे आलम, महिमा, अनिल तिवारी, सुनील, गंगाधर तिवारी आदि ने आरोप लगाया कि कालेज प्रशासन की लापरवाही से शैक्षणिक सत्र बर्बाद होने की स्थिति में पहुंच गया है। प्रवेश पत्र लेने के लिए फार्म नहीं दिया गया।

# हत्या के प्रयास का वांछित गिरफ्तार

डुमरियागंज। थाना डुमरियागंज पुलिस ने हत्या के प्रयास के एक वांछित को गिरफ्तार कर लिया। उसका नाम अब्दुल रशीद शेख है। जो ग्राम मल्हवार थाना डुमरियागंज का निवासी है। पूछताछ के बाद उसे न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से जेल भेज दिया गया। यह जानकारी एसओ डुमरियागंज मुकेश राय ने दी है। संवाद

# शिवलिंग चोरी, पुलिस से शिकायत

सिद्धार्थनगर। नगर के उसका- बर्डपुर मुख्य मार्ग पर स्थित एक पीपल के पेड़ के नीचे पूजन के लिए बने चबूतरे पर रखा भगवान भोलेनाथ का शिवलिंग चोरी कर लिया गया। इसकी जानकारी होते ही सुबह लोग जुट गए। पुलिस को मामले की सूचना दी गई। पुलिस ने जांच की। इस संबंध में शहर कोतवाल गौरव कुमार सिंह ने बताया कि मामले की जांच करके कार्रवाई की जाएगी। संवाद

## एक नजर



पुलिस अभिरक्षा में आरोपित • जागरण

### हत्या के प्रयास का आरोपित भेजा गया न्यायालय

डुमरियागंज : थाना डुमरियागंज पुलिस ने गुरुवार को हत्या के प्रयास के एक आरोपित को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है। गिरफ्तार आरोपित का नाम अब्दुल रशीद शेख पुत्र मोहम्मद लतीफ उर्फ अब्दुल लतीफ शेख है। वह ग्राम मल्हवार थाना डुमरियागंज का निवासी है। आरोपित को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक शैलेन्द्र सिंह, हेड कांस्टेबल विपिन सिंह व कांस्टेबल करुणेश शुक्ला शामिल थे। -विज्ञप्ति

### महिला ने एसपी से लगाई न्याय की गुहार

डुमरियागंज : इटवा थानांतर्गत शाहपुर मुस्तहकम निवासी राजकुमारी देवी ने डीएम और एसपी को प्रार्थना पत्र देकर अपने पुत्र कन्हैया लाल से जानमाल का खतरा बताते हुए अपने ही मकान में सुरक्षा दिलाने और अपने जेवरात वापस दिलाने की प्रार्थना की है। प्रार्थी ने प्रार्थना पत्र के माध्यम से बताया कि उनके पति की मृत्यु हो चुकी है। उन्होंने अपने जीवन काल में मकान का पंजीकृत वसीयतनामा उनके नाम कर दिया था। उन्हें घर से बनिकाल दिया है। जेवर जबरदस्ती छीन लिया है।

### तीन वारंटी गिरफ्तार

इटवा : इटवा पुलिस ने गुरुवार को तीन वारंटियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की। थाना क्षेत्र के ग्राममूसा निवासी चरित्तर, बब्लू और परसा बुजुर्ग निवासी अजय को पुलिस टीम ने गिरफ्तार किया। प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार तिवारी ने बताया कि सभी के विरुद्ध न्यायालय से वारंट जारी था। आज इन्हें गिरफ्तार किया गया। बाद में न्यायालय भेजा गया।



पुलिस गिरफ्त में वारंटी • सौ . पुलिस

## टेंपो चालक को मारने पीटने के आरोपितों पर मुकदमा दर्ज

शोहरतगढ़ : शोहरतगढ़ थाना क्षेत्र के खुनुवा बाजार में टेंपो चालक को ई-रिक्शा चालक ने अपने एक सहयोगी के साथ मिलकर मारपीट दिया है। इससे टेंपो चालक घायल हो गया है। उसका नाम खुनुवा निवासी रंजीत है। थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी। पुलिस मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई कर रही है। रंजीत ने थाने पर तहरीर देकर बताया कि तीन जून को दिन में 12 बजे अपनी टेंपो लेकर खुनुवा से शोहरतगढ़ जाने वाले थे। उसी दौरान शोहरतगढ़ कस्बा निवासी जावेद व नियाज मुझे गाली देने लगे। जब इसका विरोध किया तो दोनों मिलकर मुझे लाठी से मारने पीटने लगे। काफी देर मुझे जमीन पर पटक कर मारा पीटा। यह घटना देखकर कुछ लोग पहुंचकर बीच-बचाव किए। तब जाकर आरोपितों ने मुझे छोड़ा। जाते समय मुझे जान से मारने की धमकी भी दी है। मेरा हाथ फैक्चर हो गया है और गम्भीर चोट भी आई है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक राजकुमार पांडेय ने बताया कि पीड़ित की तहरीर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## मंदिर से शिवलिंग चोरी, खोज शुरू

सिद्धार्थनगर : सदर थाना के तहसील मोड के पास स्थित एक मंदिर से बुधवार की देर रात मंदिर में स्थापित शिवलिंग की चोरी हुई। यह मंदिर नगर के मुख्य मार्ग के किनारे खुले में बना है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। सीसी कैमरे में शिवलिंग को लेकर जाते चोर दिखाई दिया है। फुटेज में वह मंदिर के बाहर चप्पल उतार कर शिवलिंग को उठाते हुए दिखाई दे रहा है। एसएचओ सदर गौरव कुमार सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। जल्द ही गायब शिवलिंग को खोज निकाला जाएगा।

# मानव तस्करी रोकने के लिए किया गया प्रेरित

**सिद्धार्थनगर।** पुलिस लाइंस सभागार में बृहस्पतिवार को विशेष किशोर पुलिस इकाई एएचटीयू की मासिक समीक्षा बैठक हुई। इसमें मानव तस्करी, बालश्रम की पहचान व रोकथाम पर चर्चा की गई। मानव तस्करी को रोकने के लिए सभी को तत्पर रहने के लिए प्रेरित किया गया।

सीओ अरुणकांत सिंह ने कहा कि मानव तस्करी रोकने के लिए सभी अपनी जिम्मेदारी को समझें और कार्य करें। इसमें किसी प्रकार की शिथिलता नहीं होनी चाहिए। महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन लखनऊ से आए यूनिसेफ के प्रतिनिधि महर्षि अग्निहोत्री, प्लान इंडिया लखनऊ के प्रोजेक्ट मैनेजर उमेश कुमार गुप्ता व बाल कल्याण समिति के जिला अध्यक्ष वीरेन्द्र मिश्र की ओर से जानकारी दी गई।

इसमें थानों पर नियुक्त बाल कल्याण पुलिस अधिकारी, विवेचकों के समक्ष आ रही समस्या व सुझावबाल भिक्षावृत्ति की रोकथाम के लिए 24 घंटे के अंदर सीडब्ल्यूसी को सूचित करना संबंधित जानकारी दी गई। संवाद

# तीन बैंकों से मिली खाते की डिटेल, अब मुहर-आईडी की जांच में जुटी पुलिस

संवाद न्यूज एजेंसी

सिद्धार्थनगर। स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को ऋण दिलाने के नाम पर हुई ठगी के मामले में रोज नए तथ्य सामने आ रहे हैं।

अभी तक पुलिस को पांच से सात बैंक खाते एक लाभार्थी के नाम से होने की जानकारी थी, लेकिन अब 11 बैंक खाते होने की बात सामने आई है। पुलिस ने उनसे जुड़ी लेनदेन की जानकारी के लिए पांच बैंकों को नोटिस जारी करके खाते से संबंधित डिटेल मांगी थी। इसमें दो बैंक से मिल गई है। तीन अन्य बैंकों से डिटेल मिलने के बाद निजी बैंक पर पुलिस शिकंजा कसेगी।

महिलाओं को ऋण दिलाने के नाम पर लगभग 60 लाख रुपये तक हेराफेरी होने का अनुमान है। इसमें निजी बैंकों के साथ ही प्राइवेट बैंक वाले भी जद में आएंगे।

**समूह की महिलाओं से 60 लाख रुपये के लोन के नाम पर हेराफेरी का मामला**

**111 बैंक खातों से लाखों की ठगी की बात हुई है उजागर**

सदर थाना क्षेत्र के पिपरी, पिपरी, दौलतपुर आदि में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं से आरोपी अनीता एवं सोमनाथ मालती ने ग्राहक सेवा केंद्र संचालक की ओर से गांव की विभिन्न महिलाओं को योजनाबद्ध तरीके बहला फुसलाकर धोखे से विभिन्न समूहों के फाइनेंस बैंकों में लोन का खाता खुलवाकर लोन की धनराशि को समूहों की महिलाओं से अंगूठा लगवाकर अपने बैंक के खाता में हस्तांतरित कर लेते थे।

111 बैंक खाते से लाखों की ठगी की बात उजागर हुई है। 33 लाख अभी तक सामने आए हैं, जबकि इतनी ही राशि की और ठगी होने का अनुमान है। पुलिस आरोपियों को जेल भेजने के बाद पूरे नेटवर्क को तोड़ने के लिए तह तक जाने में जुटी है। पुलिस को 18 निजी बैंक के नाम, फर्जी आधार कार्ड और पहचान पत्र मिले थे।

निजी बैंक में कैसे रुपये स्थानांतरित हुए, इसके बारे में जानकारी के लिए पुलिस ने बैंक खाता वाले पांच बैंकों को नोटिस जारी करके डिटेल मांगी थी। इसमें दो बैंकों से जानकारी मिली है, जबकि तीन बैंकों से लेनी है। अब पुलिस बैंक खाता खोलते समय लगी आईडी कार्ड, मोहर आदि के बारे में जांच करेगी, कि यह असली है या नकली। इसके बाद धोखाधड़ी से चर्चा में आए निजी बैंकों पर कार्रवाई करेगी।

सूत्रों के अनुसार इसमें बड़े स्तर पर गड़बड़ी की गई है। इसके जरिये और समूहों के हेराफेरी का मामला उजागर हो सकता है।

इस संबंध में सदर कोतवाल सौरभ सिंह ने बताया कि पुलिस हर बिंदुओं की बारीकी से जांच कर रही है। जो भी इसमें दोषी मिलेगा, उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# वाहन चालकों में मारपीट, केस दर्ज

शोहरतगढ़। थाना के खुनुवां बाजार में टैंपो चालक को ई-रिक्शा चालक ने अपने सहयोगी के साथ कहासुनी के बाद मारपीट कर घायल कर दिया। थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की गई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर बृहस्पतिवार को केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। क्षेत्र के खुनुवां निवासी रंजीत ने पथरकट थाने में तहरीर देकर बताया कि तीन जून को दिन के 12 बजे अपनी टैंपो लेकर खुनुवां से शोहरतगढ़ आने वाला था। उसी दौरान शोहरतगढ़ कस्बा निवासी जावेद व नियाज मुझे गालियां देने लगे। जब विरोध किया तो दोनों ने मुझे लात घूसों और लाठी से मारापीटा। यह घटना देखकर कुछ लोग पहुंचे और बीच बचाव किया। जाते समय उन लोगों ने मुझे जान से मारने की धमकी भी दी। संवाद

# इलाज के बाद घर पहुंची दुष्कर्म पीड़िता

संवाद न्यूज एजेंसी

डुमरियागंज। चार जून की रात छह साल की मासूम बालिका से पड़ोस के एक युवक ने दुष्कर्म किया। इससे वह गंभीर हो गई। मामला पुलिस तक पहुंचने के बाद पीड़िता को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया। जहां करीब 20 घंटे भर्ती रहने के बाद उसे उसकी मां के साथ घर भेज दिया गया। वहीं, आरोपी युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

**छह साल की बालिका को खेलाने के बहाने कमरे में ले जाकर की थी वारदात**

पीड़ित की मां ने बताया कि वह बेटी को गोद में बैठा कर पुलिस की गाड़ी से जिला अस्पताल गई थी। इस दौरान उसका पूरा कपड़ा खून से भीग गया था। बेटी के शरीर से काफी खून बह गया था। रात में डॉक्टरों ने बेटी का इलाज शुरू किया। इसके बाद पूरा दिन भर्ती कर उसके स्वास्थ्य पर नजर रखी। बुधवार की देर शाम उसे और उसकी बेटी को दवा देकर घर भेज दिया गया।

बृहस्पतिवार को कोर्ट में बयान के साथ ही अस्पताल में चेकअप के लिए बुलाया गया। इस संबंध में डुमरियागंज इंस्पेक्टर मुकेश राय ने बताया कि घटना के तीन घंटे बाद ही आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया गया था।

इसके बाद उसे जेल भेज दिया गया है। वहीं, पीड़िता को हर संभव मदद देने के साथ ही मोहल्ले में अराजक तत्वों पर नजर रखी जा रही है।

SANT KABEER NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 07-06-2024

# जेठ के विरूद्ध छेड़खानी व मारपीट का केस दर्ज

**नाथनगर (एसएनबी)** । महुली थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने अपने जेठ के उपर छेड़खानी करने का आरोप लगाया है। महिला का कहना है कि छेड़खानी का विरोध करने पर जेठ ने उसे भद्दी-भद्दी गाली और जान-माल की धमकी देते हुए उसे मारपीट कर घायल भी कर दिया।

महिला की तहरीर पर पुलिस ने जेठ के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर महिला को पुलिस अभिरक्षा में चिकित्सीय परीक्षण के लिए सीएचसी नाथनगर भेज दिया है। घटना के संबंध में पुलिस को दी गई तहरीर में थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने बताया कि एक सप्ताह पूर्व बीते गुरूवार की शाम करीब 4 बजे उसके जेठ प्रेमसागर पुत्र रामजी उसके साथ छेड़खानी करने लगे। जब उसने छेड़खानी करने का विरोध किया तो जेठ आगबबूला हो गए और उसे भद्दी-भद्दी गालियां तथा जान माल की धमकी देते हुए उसे मारपीट कर घायल भी कर दिया और फरार हो गए। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी जेठ के विरूद्ध आईपीसी की धारा 323, 354, 504, 506 के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक महुली सतीश कुमार सिंह ने बताया कि जल्द ही नामजद आरोपी को गिरफ्त में लेकर उसके विरूद्ध कानूनी कार्रवाई पूरी कर दी जाएगी।

# दुष्कर्म के आरोपी को 10 वर्ष का कठोर कारावास व 50 हजार जुर्माना

संतकबीरनगर (एसएनबी)। संयुक्त निदेशक अभियोजन व मानीटरिंग सेल के संयुक्त प्रयास के फलस्वरुप जनपद न्यायाधीश द्वारा थाना धनघटा पर पंजीकृत मु0अ0सं0 820/2021 धारा 376/506 भा0द0वि0 एक्ट के मामले में अभियुक्त धर्मवीर पुत्र जयराम निवासी गड़सरपार मगहर थाना कोतवाली खलीलाबाद जनपद संतकबीर नगर को धारा 376 भा0द0वि0 के आरोप में दोषी पाए जाने पर 10 वर्ष का कठोर कारावास एवं 40 हजार ₹ के अर्थदण्ड से दण्डित करने का आदेश पारित किया गया है। साथ ही धारा 506 भा0द0वि0 के अन्तर्गत 02 का साधारण कारावास एवं दस हजार ₹ अर्थदण्ड से दण्डित करने एवं अर्थदण्ड अदा न करने पर अभियुक्त को 03 माह के अतिरिक्त कारावास की सजा सुनाई गई है।

# बकरीद शान्तिपूर्वक मनाने की अपील

नाथनगर (एसएनबी)। बकरीद त्योहार समीप देखकर महुली थाना परिसर में गुरूवार को पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में दोनों समुदायों से सम्बन्धित क्षेत्र के गणमान्य नागरिक और प्रधानगण शामिल हुए। बैठक में शान्ति और सौहार्दपूर्ण माहौल में बकरीद पर्व मनाने की अपील की गई। त्योहार को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए पुलिस द्वारा हरसम्भव मदद का भरोसा दिया गया।

बैठक में पुलिस क्षेत्राधिकारी धनघटा अजय सिंह ने कहा कि बकरीद के त्योहार को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। उन्होंने बैठक में उपस्थित लोगों से बकरीद त्योहार को शान्तिपूर्वक मनाने में किसी प्रकार की समस्या सामने आने पर तत्काल प्रशासन को सूचित करने की अपील की साथ ही कहा कि प्रशासन त्योहार को सकुशल व शान्तिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर पूरी तरह प्रतिबद्ध है। सीओ धनघटा ने कहा कि बकरीद त्योहार को सकुशल संपन्न कराने के लिए पुलिस अपनी तैयारी को पूरी करने मे जुटी हुई है। सीओ ने कहा कि त्योहार के मौके पर सभी संवेदनशील स्थानों पर सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए जाएगे साथ ही चप्पे-चप्पे पर पुलिसबल की तैनाती भी की जाएगी। प्रभारी निरीक्षक महुली सतीश कुमार सिंह ने बैठक मे मौजूद दोनों समुदाय के लोगों को सचेत करते हुए कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप प्रशासन बकरीद का पर्व सकुशल और शान्तिपूर्ण माहौल में संपन्न करवाने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रभारी निरीक्षक ने त्योहार के मौके पर हर छोटी-मोटी घटनाओ के बारे में तत्काल सूचना सभी से देनें की अपील की है। बैठक में सीओ धनघटा एवं प्रभारी निरीक्षक के अलावा चौकी प्रभारी कालीजगदीशपुर धर्मेन्द्र मिश्र, चौकी प्रभारी मुखलिसपुर हरिकेश भारती, चौकी प्रभारी हरिहरपुर पवन शुक्ला व चौकी प्रभारी शनिचराबावू अभिमन्यु सिंह समेत थाने के सभी उपनिरीक्षक और पुलिसकर्मियों के अलावा थाना क्षेत्र के तमाम प्रधान व क्षेत्र के दोनों समुदायों के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।



पीस कमेटी की बैठक को संबोधित करते सीओ धनघटा।

# चोरी का आरोपी गिरफ्तार

**संतकबीरनगर** । चोरी की घटनाओं के सफल अनावरण हेतु प्रभारी निरीक्षक कोतवाली खलीलाबाद रामकृपाल सिंह के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा मुअसं 1138/2023 धारा 457/380/411 भादवि में वांछित अरशद पुत्र मो.अफजल उर्फ मदारी निवासी मोहम्मदपुर कठार थाना को0 खलीलाबाद जनपद संत कबीरनगरनगर को इस्लामनगर मगहर रेलवे अण्डरपास के पास से गिरफ्तार करते हुए न्यायालय रवाना किया गया। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली ने बताया कि दिनांक 27.11.2023 को थाना कोतवाली पुलिस द्वारा कार्रवाई करते हुए उक्त प्रकरण के सम्बन्ध में 01 अदद बैट्री व 01 एक अदद स्कूटी(रजि0 नं0 यूपी 58 पी 1894) के साथ 02 अभियुक्तगण कन्हैया उर्फ कन्हई हरिजन पुत्र राम आशीष गुप्ता उर्फ गचई, श्रीराम गुप्ता निवासीगण काजीपुर तेली टोला मगहर थाना कोतवाली खलीलाबाद जनपद संतकबीरनगरनगर को गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना किया गया था। अभियुक्तगण द्वारा पूछताछ में बताया गया था कि अरशद पुत्र मो. अफजल उर्फ मदारी साथ मिलकर कई चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया गया था।

# चोरी के मामले में अभियुक्त गिरफ्तार

संतकबीरनगर। कोतवाली पुलिस ने गुरुवार को चोरी के मामले में वांछित अभियुक्त को इस्लामनगर मगहर रेलवे अण्डरपास के पास से गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। उक्त आरोपित की निशान देही पर चोरी के समान भी बरामद किए गए हैं। पुलिस ने आरोपियों को न्यायलय में पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। अभियुक्त अरशद पुत्र मो. अफजल उर्फ मदारी निवासी मोहम्मदपुर कठार कोतवाली पर चोरी का मुकदमा वांछित किया गया था। गुरुवार को कोतवाली पुलिस ने उक्त आरोपी को इस्लामनगर मगहर रेलवे अण्डरपास के पास से गिरफ्तार किया।

# आग से दो भैंस की मृत्यु पर दिए 65500 रुपये

**जागरण संवाददाता, संतकबीर नगर:** धनघटा तहसील क्षेत्र के पदुमपट्टी व घोरहट में आग से दो भैंस की मृत्यु पर उनके स्वामी को 65500 रुपये सहायता राशि दी गई है। पदुमपट्टी गांव में 31 मार्च को अचानक आग लगने से रामअवध पुत्र खेदू की भैंस झुलस गई। तहसील प्रशासन की टीम ने मृत भैंस का पोस्टमार्टम करवाया। पीड़ित किसान के बैंक खाते में 28 हजार रुपये सहायता राशि भेजी गई है। घोरहट में 19 अप्रैल को अचानक आग लगने की वजह से माया पत्नी हरिश्चंद्र की भैंस जलकर मर गई थी। पीड़िता के बैंक खाते में 37500 रुपये सहायता राशि भेजी गई है।

# किशोरी को बहला-फुसलाकर भगाया, अपहरण का केस

संतकबीरनगर। धनघटा क्षेत्र निवासी किशोरी को गांव का आरोपी बहला-फुसलाकर भगा ले गया। मां की शिकायत पर पुलिस ने मामले में अपहरण का केस दर्ज किया है। किशारी की मां ने तहरीर में बताया कि 17 वर्षीय बेटी को गांव का युवक मोबाइल फोन देकर उससे बातचीत करता था। इससे नाराज होकर बेटी चार जून की सुबह सात बजे घर से कहीं चली गई। जब आरोपी से बेटी के बारे में पूछा तो उसने कहा कि परेशान न हो बेटी पहुंच जाएगी। संवाद

# आत्महत्या के लिए उकसाने में नामजद बहू गिरफ्तार

- बुधवार सुबह मनीचन्द्र का लटकता मिला था शव
- ससुर ने बहू के खिलाफ दर्ज कराया था मुकदमा

नाथनगर, हिन्दुस्तान संवाद।महुली पुलिस ने गुरुवार को आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में आरोपित बहु को गिरफ्तार किया है। भगवानपुर पश्चिमी में बुधवार को छत की कुंडी से ई रिक्शा चालक का शव मिला था। इस मामले में मृतक के पिता ने बहू के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का केस दर्ज कराया है। गुरुवार को पुलिस छापेमारी करके गांव के निकट से नामजद बहू को गिरफ्तार कर कार्रवाई की।

ग्राम भगवानपुर पश्चिमी में बुधवार को छत के कमरे में मनीचन्द्र गुप्ता नामक युवक का शव छत की कुंडी से रस्सी से झूलता मिला था। उसकी जेब में सुसाइड नोट मिला था। जिसमे पत्नी की वजह से मौत को गले लगाने का जिक्र किया गया था। मृतक के पिता हरिराम गुप्ता ने बहू रीतू गुप्ता के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का मुक़दमा दर्ज कराया था।

## आरोपी बहू को गिरफ्तार कर भेजा जेल

धनघटा। महुली थाना क्षेत्र के ग्राम भगवानपुर पश्चिमी में बुधवार को छत की कुंडी में लगे पंखे से ई-रिक्शा चालक का शव लटकता हुआ मिला था। मामले में मृतक के पिता ने बहू के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का केस दर्ज कराया था। बृहस्पतिवार को पुलिस ने गांव के निकट से नामजद महिला को गिरफ्तार कर लिया। ग्राम भगवानपुर पश्चिमी में बुधवार को छत के कमरे में मनीचन्द गुप्ता का शव छत की कुंडी में लगे पंखे से रस्सी से लटकता मिला था। मृतक के पास से सुसाइड नोट मिला था। इसमें पत्नी की वजह से मौत को गले लगाने का जिक्र किया गया था। मृतक के पिता हरिराम गुप्ता ने बहू रीतू गुप्ता के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का केस दर्ज कराया था। संवाद

# छह माह के सदाचरण की शर्त पर परिवीक्षा पर छोड़ा

संतकबीरनगर। मारपीट के आरोपी को अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रैक द्वितीय देवेन्द्र नाथ गोस्वामी की कोर्ट ने दोष सिद्ध करार देते हुए छह माह के परिवीक्षा पर छोड़ने का फैसला सुनाया। आरोपी दीपक गौड़ पर बालिका का अपहरण करके रेप करने का आरोप लगाया गया था। कोर्ट ने आरोपी को अपहरण एवं दुष्कर्म के आरोप से दोषमुक्त करते हुए मात्र मारपीट के आरोप में दोषसिद्ध करार दिया। एडीजे त्वरित न्यायालय की कोर्ट ने परिवीक्षा काल में दोषसिद्ध आरोपी को सदाचारी बने रहने के साथ कोई अन्य अपराध न करने का भी निर्णय दिया है।

# शांतिभंग की आशंका में दो लोगों को दबोचा

जासं, संतकबीर नगर: शांतिभंग की आशंका में गुरुवार को बेलहरकला पुलिस दो लोगों को पकड़कर थाने पर लाई। उनसे विवाद के कारण के बारे में पूछताछ की। ये लोग भूमि विवाद को लेकर विवाद कर रहे थे। सूचना मिलने पर पुलिस इनके गांव में पहुंची। इनके हस्तक्षेप करने पर मामला शांत हुआ।

संतकबीर नगर: जनपद के विभिन्न थानों की पुलिस व यातायात पुलिस कर्मियों ने गुरुवार को वाहनों की जांच की। इस दौरान ड्राइविंग लाइसेंस सहित अन्य जरूरी कागजात न दिखा सकने पर मोटर वाहन अधिनियम के तहत 58 वाहनों से 80,500 रुपये समन शुल्क की वसूली की। इससे देर शाम तक वाहन चालकों में खलबली मची रही।

# रामायण कार्यक्रम में मारपीट, चार पर केस

संतकबीरनगर। कोतवाली खलीलाबाद थाना क्षेत्र के कसैला गांव में रामायण कार्यक्रम में मारपीट का मामला पुलिस के समक्ष आया। पुलिस ने मामले में चार आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार पीड़ित राजप्रकाश श्रीवास्तव निवासी उतरौलिया ने बताया कि वह रामायण कार्यक्रम में टेंट लगाए हुए थे। तीन जून की शाम छह बजे छोटी बात को लेकर हुए वाद विवाद में अमरनाथ, जज्जे, अरुण अपने अज्ञात साथी के साथ मिलकर गाली देते हुए मारने पीटने लगे और जानमाल की धमकी दी। मारपीट की घटना में उनको काफी चोट आई। घटना के दौरान उनके पास रख हुआ लगभग 70 हजार रुपये कही पर गिर गया। संवाद

# सर्पदंश से किसान की मौत

धनघटा। क्षेत्र के गायघाट पूर्वी गांव निवासी 38 वर्षीय किसान की बृहस्पतिवार की सुबह सर्पदंश से मौत हो गई। अचानक हादसे से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने श्व को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। गायघाट पूर्वी निवासी 38 वर्षीय रामकृष्ण पुत्र जिताऊ बृहस्पतिवार की सुबह गांव के बाहर बकरी चरा रहे थे। उसी समय जहरीले सांप ने उन्हें काट लिया। जब तक वह घर पहुंचकर आपबीती बताते तब तक गांव के बाहर ही अचेत होकर गिर पड़े। परिवार के लोग सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मलौली ले गए। जहां देखने के बाद डॉक्टर ने मृत्यु घोषित कर दिया। परिजनों के आग्रह पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दी। संवाद

# महिला ने जेठ के खिलाफ दर्ज कराया केस

धनघटा। महुली थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक महिला ने अपने जेठ पर छेड़खानी करने और विरोध करने पर गली व धमकी देते हुए मारने पीटने का आरोप लगाते हुए केस दर्ज करया है। महिला ने महुली थाने में दिए तहरीर में लिखा है कि आठ दिन पूर्व गत बृहस्पतिवार को शाम चार बजे उनके जेठ उनके साथ छेड़खानी करने लगे। छेड़खानी का विरोध करने पर उनके जेठ आग बबूला होकर गली देते हुए मारने पीटने लगे। शोर सुनकर लोग पहुंच गए। तब उनके जेठ धमकी देते हुए चले गए। पुलिस ने महिला की तहरीर पर जेठ के खिलाफ छेड़खानी समेत अन्य धाराओ में केस दर्ज किया है। संवाद

# आरोपी की जमानत अर्जी निरस्त

**संतकबीरनगर।** न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश विशेष न्यायाधीश पॉक्सो ऐक्ट कृष्ण कुमार की कोर्ट ने नाबालिक मूक बधिर लड़की को अपहरण तथा सामूहिक दुष्कर्म करने के मामले में आरोपी की जमानत अर्जी सुनवाई के बाद निरस्त कर दी।

पीड़ित ने थाना धनघटा में तहरीर दी कि 25 मार्च 2024 को समय करीब सात बजे शाम को उसकी 15 वर्षी बेटी जो मूकबधिर है। नित्य क्रिया के लिए गई थी। पहले से घात लगाकर बैठे तीन लोग एक राय होकर उसकी बेटी को उठा ले गए। खोजबीन की बाद में उसकी बेटी 27 मार्च 2024 को धनघटा उमरिया मार्ग पर मिली और इशारे से सारी बात बताई तीनों आरोपियों ने मुंह बांधकर कहीं सुनसान स्थान पर ले जाकर उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किए।

हताश निराश होकर थाना धनघटा पर सूचना दिया केस दर्ज हुआ। आरोपी अंगद ने कोर्ट में जमानत प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया। सुनवाई के पश्चात कोर्ट ने आरोपी की जमानत अर्जी निरस्त कर दिया। संवाद

# सख्ती से निपटेगी पुलिस

नाथनगर। बकरीद पर्व के मद्देनजर गुरुवार को महुली थाना परिसर में पीस कमेटी की बैठक आयोजित हुई। बैठक में त्यौहार को शांति पूर्ण ढंग से मनाने की अपील की गई। सीओ अजय सिंह की अध्यक्षता में बैठक हुई।

# दुष्कर्म के आरोपी को दस वर्ष का कठोर कारावास

संतकबीरनगर। न्यायालय ने ऑपरेशन कनविक्शन व शिकंजा अभियान के तहत पुलिस की सशक्त व प्रभावी पैरवी के फलस्वरुप दुष्कर्म के मामले में एक अभियुक्त को दस वर्ष के कठोर कारावास व 50,000 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया।

एसपी सत्यजीत गुप्ता ने बताया कि संयुक्त निदेशक अभियोजन व मानीटरिंग सेल के संयुक्त प्रयास के फलस्वरुप छह जून को न्यायालय एएसजे एफटीसी कोर्ट ने थाना धनघटा पर पंजीकृत दुष्कर्म के मामले में अभियुक्त धर्मवीर पुत्र जयराम निवासी गड़सरपार मगहर थाना कोतवाली खलीलाबाद को दुष्कर्म व धमकी के आरोप में दोषी पाए जाने पर 10 वर्ष का कठोर कारावास एवं 50,000 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। अर्थदंड अदा न करने पर अभियुक्त को तीन माह के अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी होगी। संवाद

# पति समेत पांच ससुरालियों पर दहेज उत्पीड़न का केस

**धनघटा।** महुली थाना क्षेत्र के कटका गांव निवासी एक महिला ने महुली थाने में तहरीर देकर गोरखपुर जनपद के बेलघाट थाना क्षेत्र के शाहपुर निवासी पति समेत पांच ससुरालियों पर दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज कराया है। पुलिस केस दर्ज कर जांच पड़ताल में जुट गई है।

महुली थाना क्षेत्र के कटका गांव निवासी रंजिता देवी पुत्री अशर्फी लाल ने महुली थाने में दिए तहरीर में लिखा है कि उसकी शादी वर्ष 2015 में गोरखपुर जनपद के बेलघाट थाना क्षेत्र के शाहपुर गांव निवासी श्याम सुंदर पुत्र बनारसी के साथ हुई थी। दहेज में तय रुपया, सामान आदि दिया गया था।

ससुराली और दहेज की मांग करने लगे। दहेज की मांग पूरी न होने पर उसे प्रताड़ित किया जाने लगा। पति श्याम सुंदर पुत्र बनारसी; देवर रविन्द्र पुत्र बनारसी, जेठ सुरेन्द्र पुत्र बनारसी, जेठानी नीतू पत्नी सुरेंद्र व सास कमलावती देवी पत्नी बनारसी उसे गाली देते हुए बुरी तरह से पिटाई व जान से मारने की धमकी देते हुए मायके में लाकर छोड़ दिए। पुलिस रंजिता की तहरीर पर पति श्याम सुंदर, देवर रविन्द्र, जेठ सुरेन्द्र, जेठानी नीतू व सास कमलावती देवी के खिलाफ दहेज उत्पीड़न समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज किया गया है। संवाद

# लड़की को भगाने के आरोपी को कोर्ट ने किया दंडित

संतकबीरनगर। न्यायालय ने ऑपरेशन कनविक्शन व शिकंजा अभियान के तहत पुलिस की पैरवी के फलस्वरुप लड़की को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के मामलें में एक अभियुक्त को छह माह की सदाचरण की परिवीक्षा व 20,000 रुपये के व्यक्तिगत बन्धपत्र तथा समान राशि के दो प्रतिभू के दंड से दंडित किया। एसपी सत्यजीत गुप्ता ने बताया कि अभियुक्त दीपक गौड़ निवासी औराडाड को दोषसिद्ध पाया गया है। संवाद

# अपहरण की सूचना पर हलकान हुई पुलिस

**संवाद न्यूज एजेंसी**

संतकबीरनगर। कोतवाली पुलिस को बुधवार की रात में अपहरण की सूचना मिला। इसके बाद पुलिस के हाथ पांव फूल गए। आनन-फानन में पुलिस जब मौके पर पहुंची तो मामला मारपीट का सामने आने पर पुलिस टीम और अधिकारियों ने राहत की सांस लिया। पुलिस के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के बरहटा गांव से एक युवक के अपहरण की सूचना मिली। इसके बाद पुलिस आनन-फानन में वहां पर पहुंची। पुलिस अभी जांच कर ही रही थी कि इसी बीच भदांह से किडनैपिंग होने की सूचना मिला। इसके बाद पुलिस की कई टीमें सक्रिय हो गई। पुलिस जांच में पाया गया कि दोनों पक्षों के बीच मारपीट हुआ था। बाद में युवक बिना किसी को कुछ बताए अपने बुआ के घर पर चला गया था। मामला खुलने के बाद पुलिस ने राहत की सांस ली।

# चोरी के मामले में वांछित आरोपी गिरफ्तार

संतकबीरनगर। कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने चोरी के मामले में वांछित आरोपी को गिरफ्तार करने में कामयाबी पाई है। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली खलीलाबाद रामकृपाल सिंह की अगुवाई में गठित पुलिस टीम ने वांछित पुत्र मोहम्मद अफजल उर्फ मदारी निवासी मोहम्मदपुर कठार को इस्लामनगर मगहर रेलवे अंडरपास के पास से गिरफ्तार किया। संवाद

# शांतिपूर्ण सौहार्द बनाए रखें

**संतकबीरनगर।** महुली थाने पर आगामी त्योहार को देखते हुए पीस कमेटी के बैठक हुई।

प्रभारी निरीक्षक थाना महुली सतीश कुमार सिंह के अगुवाई में आयोजित बैठक में उपस्थित लोगों से त्योहार के दौरान आने वाली समस्याओं पर चर्चा करते हुए संबंधित को समस्या दूर करने के लिए बताया गया।

बैठक में उपस्थित धर्मगुरुओं, जनप्रतिनिधियों व समाजसेवियों से अपील की गई कि सभी लोग एक दूसरे की भावनाओं का सम्मान करें। संवाद

b

# GONDA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 07-06-2024

## कई बूथों पर दो अंकों से आगे नहीं बढ़ पाया सत्ताधारी दल, कम वोट को लेकर चिंता

# खोरहंसा पर दो तो जिगर बूथ पर सिर्फ एक वोट भाजपा के खाते में

■ प्रदीप तिवारी

गोण्डा। भाजपा लोकसभा चुनाव जरुर जीत गई है लेकिन कई बूथों पर डबल डिजिट से आगे न बढ़ पाने का मलाल उसे है। गोण्डा सदर विधानसभा के दो बूथों पर तो भाजपा सिंगल डिजिट में ही सिमट कर रह गई है। खोरहंसा बूथ पर उसे दो तो जिगर मेमोरियल इंटर कालेज बूथ में बने एक बूथ पर तो उसकी सिर्फ बोहनी ही हो पाई और उसे सिर्फ एक वोट ही हासिल हुआ। वहीं जिले में सदर विधानसभा के अलावा और भी विधानसभा में कई बूथों पर भाजपा को दहाई अंक में ही वोट मिले हैं।

गोण्डा संसदीय सीट भाजपा के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण मानी जा रही थी। पिछले दो चुनावों से भाजपा लगातार जीत भी दर्ज कर रही थी। इस बार की जीत मिलाकर कुल आधा दर्जन बार भाजपा अब तक इस सीट पर अपना परचम लहरा चुकी है। इस बार भाजपा ने जीत तो दर्ज की लेकिन जीत - हार का अंतर पिछले दो चुनावों से कम हो गया। स्थिति यह रही कि पचास हजार से कम अंतर से ही जीत हो पाई है। यही नहीं जिले के चारों विधानसभा में कई ऐसे बूथ भी हैं, जहां उसको मिले वोट का आंकडा दो अंकों से आगे नहीं बढ़ पाया है। डबल इंजन की सरकार होने के बावजूद भी यह स्थिति भाजपा संगठन और पार्टी के रणनीतिकारों के माथे पर चिंता की लकीर खींच रही है।

**गौरा के कोल्हई गरीब में मात्र आठ वोटों तक पहुंची भाजपा:** पिछले लोकसभा व विधानसभा चुनाव में गौरा विधानसभा में भाजपा ने जीत दर्ज की थी। विधानसभा के मुकाबले लोकसभा में भाजपा को इस विधानसभा क्षेत्र में अधिक वोट भी मिले हैं लेकिन कई बूथों पर उसका प्रदर्शन संतोषजनक नहीं रहा है। कोल्हई गरीब दक्षिण भाग के बूथ पर तो भाजपा को सिर्फ आठ वोट ही मिले हैं जबकि सपा 450 वोट पाने में कामयाब रही है। विधानसभा में इस्लामपुर, करौंहा, औराडीह, मझवा खास, बैजलपुर, ब्लाक भवन मीटिंग हाल, फरेंदा खुर्द, घनश्यामपुर असनहा, सब्बनजोत, जनकपुर, गडहा, टीकर, परसादुला, चटकनवा फूलपुर में भाजपा दो अंको से आगे नहीं बढ़ पाई है।

**मेहनौन के विशुनपुर बेलभरिया में 11 तो पूरे सवल में मिले 16 वोट:** मेहनौन विधानसभा में बूथों पर मिले वोटों के आंकड़ों पर गौर करें तो विशुनपुर बेलभरिया व पूरे सवल में भाजपा को सबसे कम वोट मिले हैं। विशुनपुर बैरिया के एक बूथ पर तो भाजपा को 11 तो वहीं सपा को 364 वोट मिले हैं पूरे सवल में भाजपा को 16 तो सपा को 375 मत मिले हैं। नरहरिया, लोनावाला दरगाह, खरगूपुर फर्स्ट, खरगूपुर इमलिया, पडरहन पुरवा आदि पर भाजपा के वोटों का आंकडा सौ तक भी नहीं पहुंच पाया है।

### सदर : दो बूथों पर एक व दो वोटों से करना पड़ा संतोष

जिले में सदर विधानसभा सबसे महत्वपूर्ण मानी जाती है। यहां की जीत - हार जिले के अन्य शेष विधानसभाओं तक एक संदेश देती है। ऐसे में यहां के दो बूथों पर पार्टी को सिंगल डिजिट में मिले वोट भाजपा के लिए चिंता का सबब माना जा रहा है। शहर के जिगर मेमोरियल इंटर कॉलेज में बने बूथ नंबर 161 पर भाजपा को सिर्फ एक वोट मिले हैं जबकि प्रतिद्वंद्वी सपा को 336 मत। इसी प्रकार खोरहंसा बूथ पर भाजपा को दो मत से ही संतोष करना पड़ा जबकि वहां सपा को 404 मत मिले हैं। भाजपा को दो डिजिट में मिले मतों को बूथवार देखा जाए तो पूरे तिवारी में भाजपा को 95 तो सपा को 117, फिरोजपुर तरहर में भाजपा को 52 तो सपा को 563, शहर के बडगांव के कई बूथों पर भाजपा को क्रमशः 95, 83, 92 तो सपा को 211, 168, 104 मत मिले हैं। मारवाड़ इंटर कालेज बूथ पर भाजपा को 21 तो सपा को 242 मत मिले हैं। इसी प्रकार राजकीय बालिका इंटर कॉलेज के कई बूथों, महराजगंज के कई बूथों, सुभाष नगर के कई बूथों, सुभाष नगर और एलबीएस इंटर कॉलेज के पांच बूथों पर भाजपा को मिले वोटों का आंकडा सौ तक भी नहीं पहुंच पाया है।



"लोकसभा चुनाव में मिले वोटों का आंकड़ा जुटाया जा रहा है। आंकड़ों का पदाधिकारियों के साथ बैठक कर विश्लेषण किया जाएगा। कहां कितने वोट मिले और जहां कम वोट मिले हैं, उसका कारण तलाशने की कोशिश की जाएगी। पार्टी की उपलब्धियां व नीतियां पहुंचाई जाएगी।

**अमर किशोर कश्यप,**
जिलाध्यक्ष भाजपा

# लाभार्थी वोटर के दावे को झुठला रहा यह आंकड़ा

गोण्डा। भाजपा लाभार्थियों के वोट मिलने का दावा करती है। वह यह भी दावा करती एक सम्प्रदाय विशेष में भी लाभार्थियों का वोट उन्हें मिलता है जिसमें महिला वोटरों शामिल हैं। बूथों पर एक अंक व दो अंकों में मिले वोट पार्टी के इस दावे को झूठा साबित करता।

# छह से अधिक बूथों पर दो अंकों में वोट

**आंकड़े**

गोण्डा,संवाददाता। मनकापुर विधानसभा भाजपा के लिए इस चुनाव में काफी मुफीद साबित हुई है।

मेहनौन विधानसभा के बाद उसे यहां ही सबसे अधिक एक लाख से अधिक वोट मिले हैं। इस विधानसभा के सबसे कम बूथों पर भाजपा के वोटों का आंकड़ा दो अंकों में रहा है। यहां सबसे कम 31 वोट भाजपा को मीरपुर यूसुफ बूथ पर मिला है जबकि सपा को 446 वोट प्राप्त हुए हैं।

यहां बिरहमतपुर के तीनों बूथों, न्योडार, बौगडा व जैतपुर के बूथ पर ही भाजपा का वोट दो अंकों से आगे नहीं बढ़ पाया है।

# दहेज उत्पीड़न में चार पर केस दर्ज

छपिया। दहेज उत्पीड़न के मामले में पुलिस ने चार लोगों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज किया है। क्षेत्र के तेन्दुआ रानीपुर निवासी मंन्जू चौहान ने छपिया पुलिस को दिए तहरीर में बताया है कि उसकी शादी 8 वर्ष पहले राम भुवाल निवासी तेन्दुआ रानीपुर के साथ हुई है।

आरोप है कि उसके ससुराल वाले लगभग चार वर्ष से दहेज में बाइक व सोने की चेन, अंगूठी व एक लाख रुपये की मांग की कर रहे हैं। ससुराल पक्ष के इन सभी ने बीते रविवार को करीब शाम आठ बजे अभद्रता कर मारा पीटा तथा घर निकाल दिया।

# दहेज हत्या के दोषी को पांच वर्ष की सजा

गोंडा। अपर जिला जज ने दहेज हत्या के दोषी पति को पांच वर्ष की कैद व अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड की अदायगी न करने पर अतिरिक्त सज़ा भुगतनी होगी।

थाना उमरीबेगमगंज अंतर्गत ग्राम चंदापुर गुरेटी निवासी राजेश कुमार पुत्र सीताराम के विरुद्ध दहेज हत्या करने की धाराओं में वादी ने मुकदमा दर्ज कराया गया। पुलिस ने प्रकरण की विवेचना के बाद आरोप पत्र अदालत पर भेज दिया। मुकदमे की सुनवाई के दौरान अदालत ने आरोपित अभियुक्त को दोषी करार देते हुए पांच वर्ष की कैद व पंद्रह हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई।

## सड़क हादसे में पति की मौत की रिपोर्ट लिखाई

गोंडा। वजीरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत होल्लापुर निवासी गीता देवी सड़क हादसे में पति की मौत होने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। रिपोर्ट के मुताबिक उसके पति बृज किशोर बीते 24 मई की शाम लगभग छह बजे बाजार से घर आ रहे थे। डुमरियाडीह-तरबगंज मार्ग पर महराजगंज बाजार से आगे तेज रफ्तार बाइक सवार ने उन्हें टक्कर मार दी जिससे मौत हो गई थी।

## डीआईजी के निर्देश पर जालसाजी का केस दर्ज

तरबगंज। पुलिस उपमहानिरीक्षक के आदेश पर जालसाजो के विरुद्ध तरबगंज पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। आरोप है कि वहां पर फर्जी ढंग से पीड़ित का भूमि बैनामा लिखवा लिया। जानकारी होने पर पीड़ित ने पूछा ऐसा क्यों किया तो सभी लोग उसे जान से मार डालने व मकान पर कब्जा करने की धमकी दे रहे है। पीड़ित ने कोई बैनामा नहीं किया है न ही उसे पैसा ही मिला है।

## गिट्टी डाल छोड़ी सड़क, पैदल चलना दुश्वार

जयप्रभाग्राम। महीनों पूर्व सड़क पर पत्थर पड़ने के बाद काम पूरा नहीं हो सका है। इससे लोगों को आवागमन में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों को सड़क निर्माण पूर्ण कराने की मांग की है। खरगूपुर-महाराजगंज मार्ग पर रामनगर झीन्ना के ओझापुरवा को जाने वाली सड़क पर महीनों पर मिट्टी की पटाई हुई। इसके बाद सड़क पर पत्थर पड़ा लेकिन आगे सड़क पूरा किए बगैर कार्यदायी संस्था रफूचक्कर हो गई।

## आपसी विवाद में दो पक्ष भिड़े, मुकदमा दर्ज

तरबगंज। आपसी विवाद में मारपीट के बाद पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मारपीट का मुकदमा दर्ज किया है। पीड़ित अली अहमद पुत्र हाकिम निवासी धौरहरा घाट सीर पुरवा ने थाना में दी गई तहरीर में आरोप लगाया है अपने लड़के अहमद पुत्र अली अहमद के साथ पांच जून को घर से पकडी बाजार जा रहा था। विपक्षीगण राम सुग्घर अपने भाई कर्ताराम और दो अन्य के साथ रास्ते में पानी वाला पाइप बिछाये हुए थे।

# मिशन शक्ति के तहत जागरूक किया गया

गोण्डा। महिलाओं की सुरक्षा व सम्मान के लिए चलाए मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत गुरुवार को जिले के कई थाना क्षेत्र में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। छात्राओं को महिला पुलिस कर्मियों द्वारा जागरूक किया गया। इस दौरान बताया गया कि किसी भी व्यक्ति द्वारा छींटाकशी, छेड़खानी, सोशल मीडिया से परेशान करने पर तत्काल 1090 व 112 सहित पर फोन करके सूचना दें।



खरगूपुर क्षेत्र में महीनों पहले गिट्टी बिछाकर पूरा नहीं किया सड़क का निर्माण।

# मैरिज हाल निर्माण के दौरान पाढ़ से गिरा राजगीर, मौत

संस्, जागरण • मेहनौन (गोंडा) : लखनीपुर में मैरिज हाल में निर्माण के दौरान पाढ़ से गिरकर राजगीर महेश घायल हो गए। इलाज के लिए मेडिकल कालेज ले जाया गया, चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। मृतक के स्वजनों का रो-रोकर हाल बेहाल है। मृतक की पत्नी मीना देवी ने तहरीर दी है।

ग्राम पंचायत श्रीनगर बाबागंज के रहने वाले महेश राजगीर का कार्य करते हैं। बुधवार की शाम को लखनीपुर में मैरिज हाल का निर्माण करने के लिए गए थे। बताया जाता है कि वह काम के दौरान पाढ़ से गिरकर घायल हो गए। मजदूर उन्हें इलाज के लिए मेडिकल कालेज ले गए, जहां पर डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। मृतक की पत्नी मीना देवी दी गई तहरीर में मैरिज हाल निर्माण कराने वाले पर लापरवाही करने का आरोप लगाया है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है। मृतक के दो बेटे हैं। दोनों बच्चे अभी छोटे हैं। वह परिवार में अकेले कमाने वाले थे। प्रभारी निरीक्षक वेद प्रकाश शुक्ल ने कहा कि सूचना मिली है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

**मेडिकल कालेज का गिरा छज्जा:** मेडिकल कालेज के दवा काउंटर के पास छज्जा का प्लास्टर टूट कर गिर गया। गनीमत रही कि प्लास्टर रात में गिरा जिससे कोई हादसा नहीं हुआ। मेडिकल कालेज में कई जगह पर छत से प्लास्टर लटक रहा है, इससे खतरे की आशंका बनी रहती है।



मेहनौन के लखनीपुर घटनास्थल पर मौजूद पुलिसकर्मी • जागरण

### अज्ञात बाइक चालक के विरुद्ध दर्ज किया गया मुकदमा

वजीरगंज : होल्लापुर निवासी गीता देवी ने दी गई तहरीर में कहा कि उसके पति बृज किशोर 24 मई की शाम को साइकिल से महराजगंज बाजार से सामान लेकर घर वापस आ रहे थे। डुमरियाडीह–तरबगंज मार्ग पर महराजगंज बाजार से आगे बढ़े थे तभी बाइक सवार ने टक्कर मार दी, जिससे उनकी मौत हो गई। थानाध्यक्ष अभय सिंह ने कहा कि अज्ञात चालक पर मुकदमा किया गया है।

### सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

गोंडा : जिले के अलग-अलग मार्गों पर हुई सड़क दुर्घटना में युवक की मौत हो गई। दो लोग घायल हो गए। मृतक के स्वजनों का रो-रोकर हाल बेहाल है। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भर्ती कराया गया है। परसपुर : नरायनपुर जैसिंह गांव के रहने वाले सुरेश तिवारी बाइक से रिश्तेदारी से वापस लौट रहे थे। बेलसर मार्ग के डेहरास चौराहा पर ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी। सुरेश तिवारी की मौके पर ही मृत्यु हो गई। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप शुक्ल ने कहा कि मृतक की पत्नी सुमन तिवारी की तहरीर पर अज्ञात ट्रक चालक के विरुद्ध मुकदमा किया गया है। ट्रक फरार हो गया है। कर्नलगंज : ग्राम पंचायत पैरीरी के मजरा अमृतपुरवा निवासी वासुदेव व छोटू बाइक से परसपुर की ओर जा रहे थे। बाबागंज चौराहे के पास सामने से आ रही बाइक से टक्कर मार दी। दोनों लोग घायल हो गए। रविंद्र सिंह रैकवार ने दोनों घायलों को ई-रिक्शा से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया।

### अधिक मुनाफा पाने की आड़ में सेहत से कर रहे खिलवाड़, जिम्मेदार विभाग बना अंजान

# दाल-घी से लेकर तमाम मिलावटी खाद्य पदार्थ कर रहे हैं बीमार

**खाद्य सुरक्षा दिवस**

■ एसएन शर्मा

गोण्डा। बाजार में दाल, घी, दूध समेत खानपान की चीजों से लेकर तमाम रोजमर्रा की जरुरतों के सामानों में जबर्दस्त मिलावटें हो रही हैं। जो जरा असावधानी होने पर सेहत को नुकसान पहुंचा दे रहे हैं। अधिक मुनाफा पाने की आड़ में कारोबारी काली मिर्च में पपीते का बीज और जीरे में सौंफ मिलाकर बेच रहे हैं। बताया जा रहा है कि मिलावटखोरों व धंधेबाजों ने सक्रिय तरीके से इसका पूरी तरह जाल फैला रखा है। जिसके चलते आइसक्रीम, आईसकेंडी, शेक, मिलावटी मसाले, खुले तेल, नकली देशी घी, नकली सिन्थेटिक दूध, दही, नमकीन मसाला, खोया, बिस्कुट आदि से लेकर कई मिलावटी चीजों से बाजार भरा पड़ा है।

खास है कि इसकी शिकायतों के बावजूद जिम्मेदार विभागों के कदम तेजी से कार्रवाई के लिए आगे नहीं बढ़ पा रहे हैं। वह चाहे खाद्य सुरक्षा विभाग हो या घटतौली को लेकर बांट-माप विभाग। मुख्यालय के बाजार में दुकानों पर एक खास तरह की चाय बिक रही है। इसको पानी में डालते ही हद से काली हो जाती है। बाजार में इसके मूल्य दूसरी चाय से आधे दामों पर है। ग्राहक शिव प्रकाश व जतिन शुक्ला, मो अशफाक आदि बताते हैं कि छोटे-छोटे दुकानों और रेलवे स्टेशन पर मुनाफे के चक्कर में यही चाय धड़ल्ले से बेची जा रही है। वहीं पहले से महंगाई पर सवार अरहर की दाल, मटर की दाल में खेसाड़ी आदि की मिलावट करके अर्से से ग्राहकों को चूना लगाया जा रहा है। ग्राहकों की माने तो देशी घी के नाम पर मिलावटी घी सिर्फ संस्कारों में बेची जा रही है। कई बार इसकी शिकायतें उद्योग बंधु की बैठकों में व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने भी की, लेकिन कार्रवाई नहीं हो पा रही है। बाजारों में बिक रहे खाद्य पदार्थो में मिलावटी होने की जांच कोई भी करा सकता है।

इसके लिए खाद्य व औषधि विभाग के अलावा जिलाधिकारी से सीधी शिकायत कर सकता है। वहीं शासन की ओर से मुहैया कराए गए विभाग के टोल फ्री नम्बर 1800112100 एवं 18001800150 पर शिकायत कर सकते हैं।



- मिर्च में पपीते का बीज और जीरे में सौंफ की मिलावट
- ग्राहकों को मिलावट करके अर्से से चूना लगाया जा रहा

## 79 नमूने भरे 35 मामलों में रिपोर्ट, 17 पर कार्रवाई

बीते छह माह का ब्योरा देखें तो अक्तूबर व नवम्बर माह में 34 और जनवरी से अप्रैल तक 45 नमूने भरे गए हैं। जिसमें से 35 मामलों में रिपोर्ट आई है। इनमें से 12 मामलों पर रिपोर्ट दर्ज कराई गई और अन्य मामलों में करीब 85 हजार जुर्माना वसूला गया है। 16 मामले एओ न्यायालय में जबकि एक मामला न्यायिक अदालत में चल रहा है। वहीं बांट माप विभाग का दावा है कि करीब तीन दर्जन मामलों में कार्रवाई की गई, जुर्माने वसूले किए और बांट बदले गए।

## मिलावटी सामान से सेहत को भारी नुकसान : सीएमओ

जिले की सीएमओ डॉ. रश्मि वर्मा ने बताया कि मिलावटी सामान सेहत के लिए भारी नुकसान पहुंचाते हैं। कई बार तो यह जानलेवा बन जाते हैं। ऐसे पदार्थो के सेवन से सावधान रहने की जरुरत है। मिलावटी सामानों से शरीर के विभिन्न अंगों के खराब होने से लेकर किडनी व आंत आदि मे अधिक प्रभावित कर देते हैं।

# गैंगस्टर के आरोपी पुलिस ने किया गिरफ्तार

गोण्डा। वजीरगंज थाने के एसएसआई विश्वास कुमार चतुर्वेदी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने गया प्रसाद तिवारी उर्फ लल्ला निवासी पूरेडाढू को गुरुवार को गांव से गिरफ्तार किया है। आरोपी गैंगस्टर एक्ट की धाराओं में वांछित था। थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि आरोपी को न्यायालय रवाना किया गया है।

# भाई-बहन व मां को पीटा, दो लोगों पर मुकदमा

परसपुर। थाना क्षेत्र के ग्राम डेहरास के नेवरा में रंजिश के चलते भाई बहन ने मिलकर भैंस चराने गए संजय यादव, मां राजवंती व बहन पूजा को अपशब्द कहते लाठी डंडे पीट दिया। तीनों को घायलावस्था में सीएचसी में भर्ती कराया गया है। पीड़ित संजय के तहरीर पर पुलिस ने आरोपी इंद्रजीत व उसकी बहन अनीता के खिलाफ थाने में मारपीट का केस दर्ज किया है।

# जिले की कानून व्यवस्था की समीक्षा आज

- आचार संहिता खत्म होते ही अफसरों ने कमर कसी
- मंडलायुक्त, डीआईजी, डीएम और एसपी रहेंगे

गोण्डा। लोकसभा चुनाव सकुशल सम्पन्न होने के बाद उच्चाधिकारियों की ओर से विकास कार्यो की समीक्षा शुरू कर दी गई है। जिले में आचार संहिता लागू होने के कारण विकास कार्यों की समीक्षा पर रोक लगी हुई थी।

आचार संहिता समाप्त होने के बाद पुनः विकास कार्यो की समीक्षा शुरू कर दी गई है। मंडलायुक्त शशि भूषण लाल सुशील ने शुक्रवार को विकास कार्यों व कानून व्यवस्था को लेकर मंडल के सभी डीएम, एसपी सहित अन्य अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करेंगे। मंडलायुक्त ने निर्देश दिए हैं कि वह सभी सूचना लेकर बैठक में समय से उपस्थित हो। मंडलायुक्त 10:30 बजे से 11:30 तक डीआईजी, डीएम और एसपी के साथ कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक करेंगे। इसके बाद प्रातः 11:30 बजे से 2 बजे तक सभी विभागों के मंडलीय अधिकारियों के साथ शासन के सर्वोच्च प्राथमिकता वाले विकास कार्यक्रमों की समीक्षा करेंगे।

# आज बार में संगोष्ठी का आयोजन होगा

गोण्डा। बार व बेंच में न्यायिक कार्य कुशलता व दक्षता विकसित करने के उद्देश्य से एक संगोष्ठी का आयोजन शुक्रवार को किया गया है। जिसके मुख्य अतिथि जिला जज प्रमोद श्रीवास्तव होंगे। यह जानकारी बार एसोसिएशन अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद त्रिपाठी ने दी। उन्होंने बताया कि अधिवक्ताओं को विधिक जानकारी देने के उद्देश्य से सात जून को बार एसोसिएशन सभागार में संगोष्ठी का आयोजन किया गया है।

# बिजली विभाग के जेई और दो कर्मी घूस लेते गिरफ्तार

## कलंक के खिलाफ

- बिजली चेकिंग के बाद केस न लिखवाने के लिए मांग रहे थे रकम
- एंटी करप्शन टीम ने की कार्रवाई, खरगूपुर थाने में मुकदमा दर्ज

खरगूपुर। बिजली उपकेंद्र के जूनियर इंजीनियर और दो संविदा कर्मी लाइनमैन को एंटी करप्शन टीम ने गुरुवार शाम करीब साढ़े छह बजे रिश्वत लेते रंगे हाथ दबोच लिया। तीनों के खिलाफ इटियाथोक थाने के केस दर्ज कराया गया है।

थाना खरगूपुर के शिवगढ़ गांव के निवासी रामदत् ने एंटी करप्शन टीम से शिकायत की थी की चेकिंग के दौरान मुकदमा न लिखने के लिए उपकेंद्र के जूनियर इंजीनियर निवासी चमन सिंह बाग जिला बलिया संतोष कुमार सिंह, जानकीनगर थाना खरगूपुर निवासी संविदा कर्मी लाइनमैन धर्मेंद्र तिवारी व बलरामपुर के खगईजोत निवासी सुनील कुमार वर्मा ने 16000 रुपए की मांग की है। मामले को संज्ञान में लेते हुए देवीपाटन मंडल के थाना एंटी करप्शन के निरीक्षक की टीम ने थाना खरगूपुर के इटाहिया नवीजोत के एक मेडिकल स्टोर से मय रिश्वत के रुपए के तीनों लोगों को दबोच लिया। फिर टीम उन्हें कोतवाली इटियाथोक ले गई। जहां तीनों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

# भरण पोषण मामले में जमीन कुर्क होगी

मनकापुर। भरण-पोषण के मामले में कोर्ट के आदेश पर आरोपी के नाम तहसील क्षेत्र के पायर कोहना गांव में दर्ज भूमि कुर्क होगी। इस संबंध में डीएम ने तहसील प्रशासन को निर्देश दिया है। बस्ती में चल रहे वाद अभय सिंह बनाम विक्रम बहादुर सिंह के मामले में अपर प्रधान न्यायाधीश बस्ती अंजू कनौजिया ने विक्रम बहादुर को प्रतिमाह 1500 रुपये भरण पोषण के लिए अदा करना था। काफी दिन बीतने के बाद भी धनराशि पीड़ित को नहीं दी गयी।

# निर्वाचन आयोग ने मांगी लोकसभा चुनाव की बिंदुवार इंडेक्स रिपोर्ट



निर्वाचन कार्यालय में लोकसभा चुनाव की रिपोर्ट तैयार कराते सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी जंगजीत वर्मा ● जागरण

संसू, जागरण ● गोंडा : लोकसभा चुनाव में कितने मतदाता हैं और कितने मतदाताओं ने मताधिकार का प्रयोग किया, किस सीट पर कितना मतदान हुआ? इन बिंदुओं पर निर्वाचन आयोग ने प्रशासन से रिपोर्ट मांगी है। अफसर बिंदुवार इंडेक्स रिपोर्ट तैयार करने में जुटे हैं।

पांचवें चरण में 20 मई को हुए चुनाव में कैसरगंज लोकसभा क्षेत्र में 55.68 प्रतिशत व गोंडा लोकसभा क्षेत्र में 51.62 प्रतिशत मतदान हुआ था। 2019 के चुनाव की तुलना में गोंडा में मतदान कम हुआ। वहीं, कैसरगंज में वृद्धि हुई। कैसरगंज लोकसभा क्षेत्र में कुल मतदाताओं की संख्या 19 लाख चार हजार 726 है, इनमें से 10 लाख 60 हजार 576 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। वहीं, गोंडा लोकसभा क्षेत्र में कुल मतदाताओं की संख्या 18 लाख 43 हजार 121 है, इनमें से नौ लाख 51 हजार 394 मतदाताओं ने वोट डाले थे। चुनाव की मतगणना चार जून को कराई गई। कैसरगंज

**प्रशासन को बताना होगा कि कितने मतदाता हैं और कितने मतदाताओं ने मताधिकार का प्रयोग किया, किस सीट पर कितना मतदान हुआ**

लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी करण भूषण सिंह ने एक लाख 48 हजार 424 मतों से सपा प्रत्याशी भगतराम मिश्र को पराजित किया। भाजपा को पांच लाख 71 हजार 263, सपा को चार लाख 22 हजार 420 व बसपा को 44 हजार 279 वोट मिले। वहीं, गोंडा लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी कीर्तिवर्धन सिंह ने सपा प्रत्याशी श्रेया वर्मा को 46 हजार 224 मतों से पराजित किया है। भाजपा को चार लाख 74 हजार 258, सपा को चार लाख 28 हजार 34 व बसपा को 29 हजार 429 मत मिले हैं। निर्वाचन आयोग ने इंडेक्स रिपोर्ट मांगी है। सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी जंगजीत वर्मा ने बताया कि रिपोर्ट मांगी गई है, जिसे तैयार कराकर जल्द भेज दिया जाएगा।

# आत्महत्या के लिए उकसाने वाले पति को कारावास

गोंडा : विवाहिता का मानसिक उत्पीड़न कर आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में दोषी पति ग्राम चंदापुर गुरेटी थाना परसपुर निवासी राजेश कुमार को पांच साल के कारावास की सजा कोर्ट ने सुनाई है। साथ ही दोषित को 15 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। (संसू)

# एंटी करप्शन टीम ने घूस लेते जेई व दो लाइनमैन को दबोचा

संसू, जागरण • गोंडा : बिजली चोरी का मुकदमा न लिखाने के नाम पर 16 हजार रुपये घूस लेते खरगूपुर बिजली उपकेंद्र के अवर अभियंता (जेई) संतोष कुमार सिंह व दो लाइनमैन धर्मेंद्र प्रसाद तिवारी, सुनील कुमार वर्मा को रंगेहाथ एंटी करप्शन टीम (भ्रष्टाचार निवारण संगठन) ने गिरफ्तार किया है। एंटी करप्शन थाना प्रभारी धनंजय कुमार सिंह की तहरीर पर घूसखोरी में पकड़े गए दोनों आरोपितों के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम सहित अन्य धाराओं में इटियाथोक थाने में मुकदमा किया जा रहा है।

**निलंबन व बर्खास्तगी की होगी कार्रवाई**

अधीक्षण अभियंता बिजली आशीष सिन्हा ने कहा कि घूसखोरी के आरोप में पकड़े गए अवर अभियंता के निलंबन की संस्तुति की जाएगी। वहीं लाइनमैन की संविदा पर तैनाती है। उनके बर्खास्तगी की कार्रवाई की जाएगी।

टीम प्रभारी थाना भ्रष्टाचार निवारण संगठन धनंजय कुमार सिंह ने बताया कि खरगूपुर के शिवगढ़ गोपालपुर के रहने वाले रामदत्त ने शिकायत की थी कि चेकिंग के उपरांत मुकदमा न कराने के लिए खरगूपुर बिजली उपकेंद्र के अवर अभियंता व लाइनमैन घूस मांग रहे हैं। गुरुवार को खरगूपुर बिजली उपकेंद्र पर 16 हजार रुपये घूस लेते हुए एंटी करप्शन टीम ने जेई व लाइनमैन को रंगेहाथ पकड़ लिया। टीम तीनों को इटियाथोक थाना ले आई। जेई संतोष कुमार सिंह बलिया के चमन सिंह बाग के रहने वाले हैं, जबकि लाइनमैन धर्मेंद्र प्रसाद तिवारी खरगूपुर थाना के जानकीनगर जयप्रभा व लाइनमैन सुनील कुमार वर्मा बलरामपुर के खईजोत के रहने वाले हैं। ट्रैप टीम प्रभारी ने कहा कि तीनों पर मुकदमा कराया जा रहा है।

# सात आरोपितों पर मारपीट का मुकदमा

संसू, जागरण • गोंडा : मनकापुर के बैरीपुर रामनाथ निवासी अतुल कुमार पांडेय ने दी गई तहरीर में कहा कि वह गायत्री नगर निवासी अमित पांडेय के साथ कार से घर जा रहे थे। रास्ते में आशू त्रिपाठी, विवेक त्रिपाठी, महेंद्र नाथ त्रिपाठी, अतुल उर्फ राजेश त्रिपाठी, विभू त्रिपाठी व विवेक मिश्र ने मारापीटा। वजीरगंज : टिकरी बाजार निवासी अजय गुप्ता ने ने कहा कि रिजवान ने उनकी पिटाई की। थानाध्यक्ष अभय सिंह ने कहा कि मुकदमा किया गया है।

दो पर धोखाधड़ी का मुकदमा- तरबगंज: वजीरगंज के अशोकपुर रौजा के शहबान ने डीआइजी को पत्र भेजकर कहा कि मोहम्मद अकरम व उसके भाई अजमल ने मुख्तारनामा लिखने व उसमें शहबान को गवाह बनाने के लिए ले गए। जालसाजी करके उसकी बेशकीमती भूमि का बैनामा करा लिया। प्रभारी निरीक्षक तरबगंज समशेर बहादुर सिंह ने बताया कि आरोपितों पर मुकदमा किया गया है।

# दो कालेजों में मिलेगी निश्शुल्क कोचिंग

संसू, जागरण • गोंडा : संसू, जागरण गोंडा : सिविल सेवा, नीट समेत विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों को शहर के दो कालेजों में निश्शुल्क कोचिंग व प्रशिक्षण मिलेगा।

यूपीएससी, पीएससी, एसएससी, नीट, जेईई, एनडीए व सीडीएस की तैयारी कर रहे छात्र-छात्राओं को सरकार मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के तहत निश्शुल्क कोचिंग व प्रशिक्षण देने जा रही है। जिला समाज कल्याण अधिकारी राजेश चौधरी ने बताया कि मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना में प्रवेश लेने के लिए इच्छुक अभ्यर्थी लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कालेज से आवेदन पत्र प्राप्त कर सकेंगे, जिसे 20 जून तक जमा किया जा सकेगा। अभ्यर्थयों के चयन के बाद उन्हें पढ़ाने के लिए लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कालेज व राजकीय बालिका इंटर कालेज में नियमित कक्षाएं संचालित होंगी। दोनों प्रशिक्षण केंद्र पर इतिहास, भूगोल, अर्थशास्त्र, भारतीय अर्थव्यवस्था, भारतीय राज व्यवस्था एवं शासन, समाज, अंतरराष्ट्रीय संबंध, पर्यावरण परिस्थितिकी / जैव विविधता, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, कंप्यूटर व इंटरनेट, इथिक्स, समसामयिकी, विशेप, विज्ञान एवं प्रोद्योगिकी, पर्यावरण एवं आपदा प्रबंधन, आंतरिक सुरक्षा, विशेप, जीव विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, रसायन विज्ञान, भौतिक विज्ञान, गणित, निर्णयन क्षमता, रीजनिंग, सामान्य हिन्दी, सामान्य अंग्रेजी के नवीनतम पाठ्यक्रम को पढ़ाने के लिए अतिथि वार्ताकारों की भर्ती की जाएगी। प्रशिक्षण केंद्र पर व्याख्यान देने के इच्छुक व्यक्ति भी 20 जून तक आवेदन कर सकेंगें,जिन्हें चयन होने के बाद मानदेय दिया जाएगा।

# निश्शुल्क प्रशिक्षण के लिए संस्थाओं से मांगे आवेदन

संसू, जागरण • गोंडा : उत्तर प्रदेश पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग अन्य पिछड़ा वर्ग के बेरोजगार युवक/युवतियों के लिए निश्शुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण उपलब्ध करा रहा है। प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद युवा स्वरोजगार भी कर सकते हैं।

जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी गौरव स्वर्णकार ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में ओ लेवल व ट्रिपल सी कंप्यूटर प्रशिक्षण के लिए निलीट से मान्यता प्राप्त संस्था का चयन किया जाना है। उन्होंने कहा प्रशिक्षण देने के लिए इच्छुक संस्था विभाग की वेबसाइट पर आठ जून से 21 जून के मध्य आनलाइन आवेदन कर सकती है। निर्धारित अवधि के बाद के आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

# गोलियां चलवाने वालों को किया गया पसंद : सांसद





गौरा विधानसभा के ग्राम जिगिरिया में शोक संवेदना व्यक्त करने पहुंचे गोंडा सांसद कीर्तिवर्धन सिंह और मसकनवा में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी गंगा प्रसाद की पत्नी स्व .जुगरावती के चित्र पर श्रद्धांजलि अर्पित करते पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह • जागरण

जागरण टीम • गोंडा : भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष व निर्वतमान सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने शोक संतृप्त परिवारों से भेंट की। उन्होंने मसकनवा में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय गंगा प्रसाद गुप्ता की पत्नी जुगरावती के निधन पर शोक जताया। ब्लाक प्रमुख छपिया अनिल कुमार पासवान, क्षेत्र पंचायत सदस्य राम मूरति वर्मा, डा. अनिरुद्ध त्रिपाठी, नीरज गुप्ता, भरतलाल त्रिपाठी ने भी शोक संवेदना जताई। उधर सांसद कीर्तिवर्धन सिंह ने बभनजोत ब्लाक की ग्राम पंचायत इस्मैला के जिगरिया में अजय तिवारी की माता के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त की। सांसद ने कहा भाजपा सरकार की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक उसको पहुंचाया गया। प्रदेश से माफियागीरी को खत्म किया गया। सांसद ने कहा कि अयोध्या में मंदिर बनाने वालों की जगह कारसेवकों पर गोलियां चलाने वालों को पसंद किया गया, जिससे हम बहुमत से दूर रह गए। सांसद प्रतिनिधि कमलेश पांडेय, आशीष तिवारी, महादेव गोस्वामी, अशोक तिवारी एडवोकेट, साधु पांडेय, त्रिभुवन तिवारी, पूर्व ब्लाक प्रमुख छपिया बाबूराम यादव उपस्थित रहे।

## कैसरगंज सांसद ने मुख्यमंत्री से की भेंट

जासं • गोंडा : कैसरगंज लोकसभा सीट से नवनिर्वाचित सांसद करण भूषण सिंह ने लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट की। मुख्यमंत्री ने करण भूषण को जीत की बधाई व उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। सांसद ने कहा कि मुख्यमंत्री से भेंटकर करके क्षेत्र के विकास व समस्याओं को लेकर चर्चा हुई। सांसद को यहां नगर पालिका परिषद नवाबगंज अध्यक्ष डा . सत्येंद्र कुमार सिंह, सोनू सिंह समेत दर्जनों लोगों ने बधाई दी।



मुख्यमंत्री को उनके आवास पर बुके भेंट करते सांसद करण भूषण सिंह • सौ. स्वयं

## हार के तमाम कारण, पर मुझे समीक्षा का अधिकार नहीं : बृजभूषण

जासं • गोंडा : यूपी में हार के तमाम कारण हैं, लेकिन मुझे ये अधिकार प्राप्त नहीं है कि मैं इसकी समीक्षा करुं। यह बात कैसरगंज के निर्वतमान सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने कहीं। उन्होंने कहा कि चुनाव परिणाम की समीक्षा करने का अधिकार है संगठन का, प्रदेश नेतृत्व व राष्ट्रीय नेतृत्व का। ये जो गठबंधन है एनडीए का, ये चुनाव के पहले का गठबंधन है और इसमें कोई दिक्कत नहीं होने वाली है। पूर्ण बहुमत की सरकार बनेगी और पांच साल चलेगी।

# आचार संहिता का बैरियर हटा, दौड़ेगा विकास

## 16 मार्च को लोकसभा चुनाव की आचार संहिता लागू होने के बाद से रुके थे नए कार्य

संसू, जागरण • गोंडा : लोकसभा चुनाव की आदर्श चुनाव आचार संहिता खत्म होने के बाद जिले में ठप पड़े विकास कार्य को रफ्तार देने की कवायद शुरू हो गई है। अफसरों योजनाओं की प्रगति रिपोर्ट तैयार करने के साथ ही समीक्षा शुरू कर दी है। नई परियोजनाओं का शुभारंभ होने से विकास के साथ ही रोजगार के अवसर खुलेंगे।

लोकसभा चुनाव को लेकर 16 मार्च को आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू होने के कारण जिले में विकास की रफ्तार प्रभावित हो गई थी। करीब तीन माह नए कार्यों की स्वीकृति के साथ ही परियोजनाओं पर कार्य ठप रहा। मनरेगा के तहत जिले की 1192 ग्राम पंचायतों में नई परियोजनाएं स्वीकृति नहीं हो सकी थी। चुनाव खत्म होने के बाद अब लोगों को नर्सिंग कालेज की स्थापना, सड़क निर्माण, नगर पालिका परिषद व नगर पंचायतों में सीसीरोड व इंटरलाकिंग, पर्यटन स्थलों के विकास के साथ ही नए कार्यों के शुरू होने की की उम्मीद जगी है।

**आयुक्त ने बुलाई समीक्षा बैठक**

आयुक्त देवीपाटन मंडल शशिभूषण लाल सुशील ने शुक्रवार को कार्यालय सभागार में समीक्षा बैठक बुलाई है। मंडलायुक्त मंडल के सभी जिलाधिकारियों, पुलिस अधीक्षक व अन्य अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करेंगे। अधिकारियों को प्रगति रिपोर्ट के साथ बुलाया है।



बेलसर के डिड़सियाकला में अग्निशमन केंद्र निर्माण के लिए प्रस्तावित भूमि • जागरण

### इन परियोजनाओं पर शुरू होगा कार्य

| परियोजना का नाम | लागत (रुपये में) |
|---|---|
| महर्षि पतंजलि की जन्मस्थली का विकास | 138.95 |
| हरिहरपुर में रामलीला मैदान का सुंदरीकरण | 111.51 |
| मंदिरों का सुंदरीकरण व पर्यटन विकास | 565.00 |
| नगर निकायों में सीसीरोड व इंटरलाकिंग कार्य | 252.00 |
| दर्जीकुंआ मनकापुर रोड से गोंडा-उतरौला मार्ग चौड़ीकरण | 2094.39 |
| मेडिकल कालेज में नर्सिंग कालेज की स्थापना | 999.54 |

(नोट : धनराशि लाख में है।)

### अग्निशमन केंद्र के लिए बनेगी डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट

तरबगंज तहसील के चारों ब्लाकों में करीब दस लाख आबादी निवास करती है। यहां चार थाने होने के साथ ही तीन नगर निकाय भी हैं। बाढ़ के बाद हरसाल अग्निकांड की घटना में लाखों की संपत्ति जलकर राख हो जाती है। तरबगंज विधायक प्रेम नरायन पांडेय की पहल पर वर्ष 2021 में बेलसर ब्लाक की ग्राम पंचायत डिड़सियाकला में डेढ़ एकड़ भूमि चयनित की गई। केंद्र की स्थापना की स्वीकृति के लिए प्रस्ताव शासन को भेजा गया था। शासन ने 14 मार्च को केंद्र की स्थापना के साथ ही पद सृजित कर दिए हैं। अग्निशमन केंद्र का संचालन के लिए 24 पद सृजित किए गए हैं, इनमें अग्निशमन अधिकारी के एक, अग्निशमन अधिकारी द्वितीय के एक, एएसआइ (एम) एक, लीड्रिंग फायरमैन दो, फायर सर्विस चालक दो, फायरमैन 16 व सफाईकर्मी के एक पद शामिल हैं। कार्यदायी संस्था केंद्र निर्माण को लेकर जल्द डिटेल प्रोजेक्ट (डीपीआर) रिपोर्ट तैयार करके शासन को भेजेगी।

# रास्ता रोकने पर मुकदमा

वजीरगंज : सेहरिया निवासी श्री दत्त सिंह ने अंकित सिंह के विरुद्ध सार्वजनिक संपत्ति नुकसान अधिनियम की धाराओं में मुकदमा कराया है। आरोप है कि आरोपित ने चकमार्ग पर थूनी, तार लगा कर रास्ता अवरुद्ध किया है। थानाध्यक्ष अभय सिंह ने कहा कि मुकदमा किया गया है। (संसू)

# गैंगस्टर का आरोपित गिरफ्तार

वजीरगंज : एसआइ विश्वास चतुर्वेदी की टीम ने पूरेडाढ़ू निवासी गया प्रसाद तिवारी उर्फ लल्ला को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि आरोपित गैंगस्टर एक्ट में वांछित था। (संसू)

## वाहन चालक पर केस

**तरबगंज (गोंडा)।** थाना क्षेत्र के कस्वा ढोढ़ेपुर में सड़क दुर्घटना में हुई एक डीसीएम चालक की मौत के मामले में अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। सीतापुर जिले के सधुवा परसेहरा मानपुर निवासी प्रदीप कुमार वीते सोमवार को डीसीएम पर सरिया लादकर गोरखपुर से लखीमपुर जा रहा था। रात तकरीवन साढ़े आठ वजे ढोढ़ेपुर कस्वा में पहुंचने पर किसी काम से गाड़ी रोककर नीचे उतरा, तभी अज्ञात वाहन ने आकर टक्कर मार दी। इलाज के लिए ले जाते समय रास्ते में उसकी मौत हो गई। प्रभारी निरीक्षक समशेर वहादुर सिंह ने बताया कि अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। (संवाद)

# रिश्वत लेते रंगे हाथ दबोचे गए जेई और दो लाइनमैन

### बिजली चोरी के मुकदमे से बचाने के एवज में ले रहे थे 16 हजार रुपये, एंटी करप्शन टीम ने इटियाथोक थाने में दर्ज कराया केस

संवाद न्यूज एजेंसी

खरगूपुर/गोंडा। भ्रष्टाचार निवारण संगठन की देवीपाटन मंडल इकाई ने रिश्वतखोरी पर शिकंजा कसते हुए अवर अभियंता और दो लाइनमैन को रंगे हाथ दबोचा। बृहस्पतिवार देर शाम विजिलेंस टीम ने तीनों को शिकायतकर्ता से 16000 रुपये घूस लेते गिरफ्तार कर लिया। खरगूपुर पावर हाउस पर तैनात जेई ने चेकिंग के दौरान बिजली चोरी का मुकदमा न दर्ज कराने के एवज में रकम मांगी थी। देर रात इटियाथोक थाने में एंटी करप्शन टीम ने तीनों के खिलाफ केस दर्ज कराया है।



खरगूपुर में एंटी करप्शन टीम की गिरफ्त में आए जेई और लाइनमैन।

एंटी करप्शन थाने के इंस्पेक्टर धनंजय कुमार सिंह ने बताया कि खरगूपुर थाना क्षेत्र के शिवगढ़ गोपालपुर में घर पर परचून की दुकान चलाने वाले रामदत्त ने शिकायत दर्ज कराई थी। बताया कि घरेलू कनेक्शन से ही दुकान में बिजली उपभोग कर रहे थे। बीते 31 मई को जेई संतोष कुमार सिंह ने संविदा लाइनमैन धर्मेंद्र प्रसाद तिवारी और सुनील कुमार वर्मा के साथ चेकिंग में पकड़ लिया। इस दौरान बिजली चोरी की एफआईआर न दर्ज कराने के लिए 40 हजार रुपये की मांग की थी। बाद में 20 हजार रुपये में मामला तय हुआ था। इसमें से 16 हजार रुप[illegible] के लिए रामदत्त ने [illegible] था। विजिलेंस टीम ने केमिकल लगे रुपयों का इंतजाम कर [illegible] जगह पर पहले से ही जाल बि[illegible]। खरगूपुर के इटहिया नवीजोत चौराहे पर जैसे ही तीनों घूस लेने पहुंचे। विजिलेंस टीम ने पकड़ लिया।

आरोपी जेई संतोष का घर बलिया में कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत चमन सिंह बाग में है। आर्यनगर-द्वितीय उपखंड में खरगूपुर पावर हाउस पर उसकी तैनाती है। जबकि लाइनमैन धर्मेंद्र प्रसाद तिवारी जानकीनगर जयप्रभाग्राम और सुनील कुमार वर्मा खम्हईजोत बलरामपुर के रहने वाले हैं।

**जल्द होगी विभागीय कार्रवाई**

मामले की जानकारी मिली है। अधिशासी अभियंता से रिपोर्ट तलब की गई है। मामले की जांच के बाद सही पाए जाने पर अवर अभियंता को निलंबित किया जाएगा। वहीं संविदाकर्मियों को बर्खास्त किया जाएगा। – **आशीष सिन्हा, अधीक्षण अभियंता, गोंडा**

# भगवान की भक्ति से खुल जाते हैं मोक्ष के द्वार : प्रेमचंद्र

पसका (गोंडा)। भगवान के भक्ति से मोक्ष के द्वार खुल जाते हैं। प्रवचन ईश्वर तक पहुंचने का माध्यम होता है। ये बातें परसपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत लोहंगपुर में कालीमाता के स्थान पर आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन प्रवाचक प्रेमचंद्र तिवारी ने कही।

सती प्रसंग सुनाते हुए कहा कि भगवान शिव की अनुमति के विना उमा अपने पिता दक्ष के यहां आयोजित यज्ञ में चली गईं। यज्ञ में भगवान शिव को निमंत्रण नही दिए जाने से क्रोधित होकर सती ने यज्ञ कुंड में कूदकर जान दे दी। जहां सम्मान न मिले वहां कदापि नहीं जाना चाहिए। इस अवसर पर शिव प्रसाद मिश्रा, नागेश्वर मिश्रा, सतीश मिश्रा, सांवल प्रसाद आदि रहे। (संवाद)

# कर्मचारियों की नाराजगी से हुआ सीटों का नुकसान

संवाद न्यूज एजेंसी

## भारत पेंशनर्स समाज के संयुक्त सचिव ने कर्मचारियों के हक की उठाई आवाज

गोंडा। देश के 20 लाख से अधिक पेंशनर्स का प्रतिनिधित्व करने वाले भारत पेंशनर्स समाज के संयुक्त सचिव अमिय रमण ने कहा कि कर्मचारियों की नाराजगी के कारण भाजपा को सीटों का नुकसान हुआ है। यदि कर्मचारियों की मांगें मान ली जातीं तो भाजपा की पूर्ण बहुमत की सरकार बनती। अमिय बृहस्पतिवार को वैशाली सुपरफास्ट ट्रेन से नई दिल्ली से गोरखपुर जा रहे थे।

गोंडा रेलवे स्टेशन पर बातचीत के दौरान कहा कि आम चुनाव का परिणाम भाजपा के लिए नुकसानदायक साबित हुआ है। सरकार को रेलवे कर्मचारियों की मांगें पूरी न करना भारी पड़ गया। अमिय ने कहा कि कर्मचारी एवं पेंशनर्स संगठन सरकार से आठवें वेतन आयोग का गठन करने, 18 माह के बकाया डीए व एरियर भुगतान करने, पुरानी पेंशन योजना को बहाल करने तथा कर्मचारी हित में सुप्रीम कोर्ट के फैसलों को समान मामलों में लागू करने का आग्रह करते आ रहे हैं।

उन्होंने कहा कि संगठनों ने सरकार को चेताया भी कि देश में सरकारी कर्मचारी तथा रिटायर्ड कर्मचारी करीब चार करोड़ हैं। यदि इनके परिवार के कुनबे को जोड़ा जाय तो यह लगभग 12 करोड़ हैं। यानी देश की कुल आबादी का लगभग 10 प्रतिशत वोटिंग पावर इनके पास है। सरकार ने इनको अनसुना किया। जिसका परिणाम आम चुनाव के नतीजे में साफ तौर से दिखाई पड़ रहा है। इस मौके पर पेंशनर्स एसोसिएशन गोंडा इकाई के जिला मंत्री बलवीर श्रीवास्तव एवं अध्यक्ष जयप्रकाश द्विवेदी सहित रेलवे के कई पेंशनर्स मौजूद रहे।



भारत पेंशनर्स समाज के संयुक्त सचिव अमिय रमण। संवाद

# रेलवे क्रॉसिंग पार करते समय बरतें सावधानी



अधिकारियों संग एनसीसी कैडेट्स। संवाद

गोंडा। अंतरराष्ट्रीय समपार जागरूकता दिवस पर बृहस्पतिवार को सुभागपुर रेलवे क्रॉसिंग व गोंडा रेलवे स्टेशन परिसर में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया।

लोको शेड गोंडा के प्रभारी व वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता आशीष मद्धेशिया एवं क्षेत्रीय प्रबंधक गिरीश कुमार सिंह के नेतृत्व में रेलवे स्काउट गाइड के सदस्य सुभागपुर रेलवे क्रॉसिंग पहुंचे। लोगों को रेलवे फाटक पार करते समय सावधानियां बरतने के बारे में बताया। नुक्कड़ नाटक से आम जनता को समझाया गया कि छोटी सी लापरवाही से जान को खतरा हो सकता है। रेलवे ट्रैक पर खड़े होकर सेल्फी नहीं लेनी चाहिए।

रेलवे ट्रैक को बिना दाएं-बाएं देखें पार नहीं करना चाहिए। रेल पटरी पर कान में ईयर फोन लगाकर नहीं चलना चाहिए। रेल फाटक बंद होने पर उसके नीचे से निकलना अपराध है। कार्यक्रम में आरएस मीणा, जितेंद्र कुमार शर्मा, केएल यादव, प्रकाश ठाकुर आदि अधिकारी मौजूद रहे। (संवाद)

# अतिक्रमण नहीं हटने से परेशानी

करनैलगंज (गोंडा)। तहसील रोड पर अतिक्रमण के चलते नगर पालिका परिषद की सरकारी दुकानों का निर्माण नहीं हो पा रहा है। नगर पालिका पुरानी दुकानों को तोड़कर नई दुकान एवं खाली स्थान पर नए सिरे से दुकानों का निर्माण करवा रही है। जिसमें रामलीला मैदान के ठीक सामने की पटरी पर कई अतिक्रमणकारियों ने दुकानें व मकान बना रखा है। जिसे हटाने के लिए नगर पालिका की कवायद शुरू हुई थी, लेकिन आगे नहीं बढ़ सकी। अधिशापी अधिकारी धनुषधारी सिंह का कहना है कि पुलिस बल मिलते ही अतिक्रमण को हटाया जाएगा। (संवाद)

# पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प

**पसका/परसपुर (गोंडा)।** परसपुर स्थित प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में वृक्षारोपण कर पेड़ पौधों के महत्व को समझाते हुए पर्यावरण के प्रति जागरूक किया गया।

सेवा केंद्र संचालिका राजयोगिनी ब्रह्मकुमारी बहन अनामिका ने कहा वर्तमान समय में वृक्षों की अंधाधुंध कटान व वृक्षारोपण में आई कमी की वजह से पर्यावरण प्रदूषण की समस्या उत्पन्न होती जा रही है। सेवा केंद्र के भाई बहनों के साथ मिलकर ब्रह्मकुमारी के कल्पतरु प्रोजेक्ट के तहत आम, नीम, पीपल, बरगद, लीची, अमरूद ,नींबू आदि पौधों को रोपित किया। इस अवसर पर कमला प्रसाद सिंह, रामेंद्र सिंह, अनूप सिंह, रमा, ममता आदि रहे। (संवाद)

# एक लाख सालाना आय वाले भी अब ले सकेंगे शादी अनुदान

संवाद न्यूज एजेंसी

गोंडा। पिछड़ा वर्ग के गरीबों को बेटियों की शादी के लिए अनुदान पाने के लिए आय सीमा बढ़ाकर बड़ी राहत दी गई है। अब एक लाख रुपये प्रतिवर्ष की आय वर्ग के पिछड़े वर्ग के गरीब लोग बेटी की शादी के लिए अनुदान पा सकेंगे। इसके लिए संबंधित को शादी के 90 दिन पहले या 90 दिन बाद तक आवेदन करना होगा।

जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के अधिकारियों ने बताया कि अल्पसंख्यक पिछड़ा वर्ग को छोड़कर अन्य कोई भी पात्र अभ्यर्थी अपनी बेटी की शादी के लिए 20 हजार रुपये अनुदान का लाभ लेने के लिए आवेदन कर सकता है। इस बार शासन स्तर से पात्रता के लिए आय सीमा बढ़ाकर एक लाख रुपये कर दी गई है।

अब तक ग्रामीण लाभार्थी के लिए 46 हजार और शहरी लाभार्थी के लिए 48 हजार रुपये आय सीमा निर्धारित थी। ये आय सीमा अब एक लाख रुपये कर दी गई है। जनसेवा या लोकवाणी केंद्र से आवेदन किया जा सकता है। जिले को 3500 शादियों का लक्ष्य मिला है। पहले आओ पहले पाओ के आधार पर अनुदान दिया जाएगा।

**वित्तीय वर्ष 2024-25 में शासन स्तर से बढ़ाया गया आय का दायरा**

## निर्धारित प्रारूप पर करें आवेदन

"शादी अनुदान के लिए इस बार एक लाख रुपये आय निर्धारित किया गया है। ऐसे में कोई भी गरीब पिछड़ा वर्ग का व्यक्ति निर्धारित प्रारूपों के अनुसार आवेदन कर बेटी की शादी के लिए अनुदान ले सकता है। पिछड़े वर्ग के युवक व युवतियों को कंप्यूटर में दक्ष बनाने के लिए जल्द ही ओ-लेवल और सीसीसी प्रशिक्षण दिया जाएगा। संस्था चयन की प्रक्रिया शुरू की गई है। - गौरव स्वर्णकार, जिला पिछड़ा कल्याण अधिकारी

# आटोमोबाइल कंपनी के मालिक पर केस

कटरा बाजार (गोंडा)। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने एक आटोमोबाइल कंपनी के मालिक पर केस दर्ज किया है। बजाज फाइनेंस कंपनी के अधिकारी महेंद्र कुमार ने न्यायालय में दिए प्रार्थना पत्र में कहा था कि अम्मार मोटर्स के प्रोपराइटर मुमताज अहमद खान बजाज मोटरसाइकिल का डीलर है। जिसके शोरूम पर बजाज फाइनेंस की ओर से ऋण देने की सुविधा थी। सात मार्च 2023 को शोरूम के मालिक ने कुछ बकायेदारों से पैसों की वसूली कर उन्हें रसीद दे दी गई। लेकिन वसूले गए लगभग साढ़े पांच लाख रुपये कंपनी के खाते में नहीं भेजा। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार गुप्ता ने बताया कि न्यायालय के आदेश पर अम्मार मोटर के मालिक मुमताज अहमद पर गबन का केस दर्ज किया गया है। (संवाद)

# चक मार्ग बंद करने पर केस दर्ज

वजीरगंज। श्रीदत्त सिंह निवासी ग्राम सेहरिया ने तहरीर देकर ग्राम वासी अंकित सिंह के विरुद्ध सार्वजनिक संपत्ति के नुकसान अधिनियम की धाराओं में केस दर्ज कराया है। विपक्षी के विरुद्ध आरोप है कि उसने चकमार्ग पर थूनी, तार लगाकर सरकारी रास्ता अवरुद्ध किया है। थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि केस दर्ज किया गया है। (संवाद)

# गैंगस्टर एक्ट का आरोपी गिरफ्तार

वजीरगंज(गोंडा)। वजीरगंज थाने के वरिष्ठ उप निरीक्षक विश्वास कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि थाना क्षेत्र के पूरे डाढ़ू गांव निवासी गैंगस्टर गया प्रसाद तिवारी को बृहस्पतिवार को गांव से गिरफ्तार किया गया है। बताया कि काफी दिनों से उसकी तलाश की जा रही थी। थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि आरोपी को जेल भेज दिया गया है। (संवाद)

# मारपीट व दुष्कर्म के आरोपी की जमानत अर्जी खारिज

संवाद न्यूज एजेंसी

गोंडा। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने विवाहित महिला से मारपीट व सामूहिक दुष्कर्म के मामले में आरोपी का जमानत प्रार्थना पत्र खारिज कर दिया है। अभियोजन पक्ष के अनुसार एक महिला ने न्यायालय में प्रार्थना पत्र देकर कहा कि उसके पति के बहनोई के यहां लड़की की शादी में शरीक होने 17 दिसंबर 2023 को गई थी।

रात करीब साढ़े 10 बजे कोतवाली नगर क्षेत्र के शिवबख्श पुरवा के पास बहराइच जिले के विशेश्वरगंज निवासी भीखू व गोंडा के इमरती विसेन डफाली पुरवा के रहने वाले अख्तर हुसैन उर्फ लल्ला उसे गन्ने के खेत में ले गए और दुष्कर्म किया। शोर सुनकर कुछ लोग आए तो दोनों जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। न्यायालय के आदेश पर केस दर्ज कर कोतवाली नगर पुलिस ने विवेचना की और मारपीट व सामूहिक दुष्कर्म का अपराध साबित होने पर दोनों के खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया।

सुनवाई के दौरान मुकदमे के साक्ष्य व अपराध की गंभीरता को देखते हुए अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (एफटीसी नवीन) नम्रता अग्रवाल ने आरोपी अख्तर हुसैन का जमानत प्रार्थना पत्र निरस्त कर दिया।

## जमीन हड़पने के तीन आरोपियों की जमानत याचिका खारिज

संवाद न्यूज एजेंसी

अदालत से

गोंडा। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने कूटरचित बैनामा व फर्जी इकरारनामा से जमीन हड़पने के मामले में तीन आरोपियों के जमानत प्रार्थना पत्र खारिज कर दिए।

अभियोजन पक्ष के अनुसार कोतवाली नगर के ग्राम पंचायत पथवलिया निवासी वादिनी सुंदरपती ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर कहा कि उसने ग्राम पंचायत पथवलिया में स्थित अपनी भूमि का बैनामा सतगुरु प्रसाद श्रीवास्तव से लिया था और उस पर विगत 24 वर्षों से काबिज है। तीन जुलाई 2015 को वह तहसील में खतौनी लेने गई तो पता चला कि उसके स्थान पर किसी और का नाम दर्ज हो गया है। पता चला कि कोतवाली देहात क्षेत्र के निवासी बृजेश कुमार अवस्थी ने उसकी जमीन हड़पने की नीयत से जालसाजी किया है। एसपी के आदेश पर कोतवाली नगर पुलिस ने केस दर्ज कर विवेचना की तो राजकुमारी से उसी जमीन का 20 जून 2018 को फर्जी इकरारनामा कराने में पथवलिया पोर्टरगंज निवासी विनोद कुमार दुबे, अनिल कुमार वाजपेयी व महेश कुमार शुक्ला का भी नाम प्रकाश में आया। सुनवाई के दौरान मुकदमे के साक्ष्य व अपराध की गंभीरता को देखते हुए अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (एफटीसी-11) सर्वजीत कुमार सिंह ने आरोपी विनोद कुमार दुबे, अनिल कुमार वाजपेयी व महेश कुमार शुक्ला के अग्रिम जमानत प्रार्थना पत्र निरस्त कर दिए।

### दुष्कर्म के आरोपी जेठ की जमानत अर्जी खारिज

गोंडा। अभियोजन पक्ष के अनुसार मोतीगंज की एक विवाहिता ने एसपी को प्रार्थनापत्र देकर कहा कि 15 मार्च 2023 को उसकी शादी हुई थी। चार पहिया गाड़ी व शहर में प्लॉट की मांग को लेकर ससुराल वाले प्रताड़ित करने लगे। 17 नवंबर 2023 को पति व सास गोंडा गए थे। तभी सुबह 11 बजे जेठ कमरे में आए और पिटाई कर दुष्कर्म किया। उसने जब सास व पति को बताया तो उन्होंने भी पीटा। एसपी के आदेश पर केस दर्ज कर पुलिस ने विवेचना कर आरोपियों के खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया। सुनवाई के दौरान अपराध की गंभीरता देखते हुए अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (एफटीसी नवीन) नम्रता अग्रवाल ने आरोपी का जमानत प्रार्थनापत्र निरस्त कर दिया। (संवाद)

### चोरी के अभियुक्त पर भी 1500 अर्थदंड

बलरामपुर। चोरी के अभियुक्त को मुंसिफ उतरौला योगेश चौधरी ने जेल में बिताई अवधि के साथ 500 रुपये का जुर्माना लगाया है। सहायक अभियोजन अधिकारी ने बताया कि उतरौला के ग्राम पटियाला ग्रिंट निवासी मिट्ठू पर पुलिस ने चोरी के आरोप में अभियोग पंजीकृत किया था। मुंसिफ न्यायालय में पुलिस ने आरोप पत्र दाखिल किया था। मुंसिफ ने अभियुक्त को जेल में बिताई गई अवधि के साथ जुर्माना भी अदा करने का आदेश दिया है। (संवाद)

# BALRAMPUR POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 07-06-2024

# महिला को बहला फुसलाकर भगाने में दो गिरफ्तार

बलरामपुर। थाना ललिया पुलिस ने महिला को बहला फुसला कर भागने व साजिश रचने के मामले में दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक मुकेश कुमार सिंह ने बताया कि ग्राम कोड़री निवासी तजम्मुल हुसैन व वसीम को गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्तगण महिला को बहला फुसलाकर भगाने व साजिश रचने के मामले में न्यायालय से वांछित चल रहे थे। जिन्हें गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया गया है।

# पांच वांछित अभियुक्तों को पुलिस ने दबोचा

बलरामपुर। थाना गौरा चौराहा पुलिस ने पांच वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार करने में कामयाबी पाई है। अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया गया है। उप निरीक्षक सुरेंद्र वर्मा ने बताया कि उप निरीक्षक मिथिलेश कुमार, हेड कांस्टेबल राधेश्याम, कांस्टेबल प्रमोद कुमार के साथ चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। छांगुर यादव, त्रिवेणी यादव, राजेन्द्र, सुरेश वर्मा, पुजारी अलग-अलग मामले में न्यायालय से वांछित चल रहे थे।

# पार्किंग व्यवस्था न होने से कचेहरी के पास जाम

बलरामपुर। कलेक्ट्रेट व नई कचेहरी के पास सड़क पर वाहन खड़ा होने से जाम की समस्या उत्पन्न हो जाती हैं। सड़क जाम होने से लोगों को आवागमन में दिक्कतें होती हैं। अधिवक्ता देवेश पांडेय, अनिल सिंह, अनिल शुक्ला, रमेश पाठक आदि का कहना है कि पार्किंग की व्यवस्था न होने से लोग सड़क पर ही मोटरसाइकिल खड़ी कर देते है। जिससे जाम समस्या हो जाती है।

कठोर कार्रवाई न होने से नहीं रुक रहा मिलावटी खाद्य पदार्थों की बिक्री का करोबार,लोग हो गंभीर बीमारियों के हो रहे शिकार

# एक साल में 66 नमूने मिले फेल, नहीं हुई कार्रवाई

**खाद्य सुरक्षा दिवस**

■ शांतिभूषण शुक्ल

बलरामपुर। जिले में गुणवत्ता विहीन और मिलावटी खान पान सामग्री से हजारों लोग बीमार होते हैं और कई लोगों की मौत तक हो जाती है। असुरक्षित खाद्य पदार्था की बिक्री को रोकने के लिए खाद्य सुरक्षा विभाग छापेमारी करता है। विभागीय टीम खाद्य पदार्थों के नमूने लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजती है, लेकिन जांच रिपोर्ट आने में होने वाली विलंब व दंड का प्राविधान शिथिल होने के कारण अवैध पदार्थों का करोबार करने वालों का मनोबल बढ़ा हुआ है। जिस कारण जिले में मिलावटी खाद्य पदार्थों की बिक्री नहीं रुक पा रही है। वहीं जिले में 66 नमूने अधोमानक मिलने के बावजूद एक साल में कारोबारियों पर कोई कार्रवाई नहीं हो सकी है।

खाद्य पदार्थों में मिलावट का करोबार जिले में तेजी से फलफूल रहा है। बाजारों में हल्दी, मिर्च, धनिया व मसाले नकली बिक रहे हैं। जिले के कई स्थाई एवं साप्ताहिक बाजारों नकली खाद्य पदार्थों की बिक्री धड़ल्ले से की जा रही है। सरसो तेल, रिफाइंड व अन्य वनस्पति भी इससे अछूते नहीं हैं। दूध, पनीर, सब्जी, दाल, चावल सहित अन्य खाद्य पदार्थों में भी मिलावट का करोबार तेजी से चल रहा है। कारोबारी सस्ते दामों पर नकली खाद्य पदार्थ तैयार कर महंगे दामों पर बेच रहे हैं। मिलावट इस तरह की जाती है कि लोगों को खाद्य पदार्थ पूरी तरह असली लगते हैं। जिनका सेवन करने से लोगों को विभिन्न प्रकार की स्वास्थ्य सम्बन्धी बीमारियां हो रही हैं। बाजार में कई ऐसे कम्पनियों के मसाले भी बिक रहे हैं, जिनका कोई ब्रांड नहीं हैं। बिना ब्रांड के पैकेट भी बेचे जा रहे है, जिन्हें लोग सस्ते के चक्कर में खरीद रहे हैं। मिलावटखोर अधिक मुनाफा कमाने के चक्कर में लोगों के स्वास्थ्य के साथ जमकर खिलवाड़ कर रहे हैं। पिसे मसालों में ज्यादा मिलावट होती है। मिलावटखोर नमक में भी मिलावट करने से बाज नहीं आ रहे। काला नमक महंगा होने के कारण इसमें मिलावट करने के लिए नए-नए तरीके अपनाए जा रहे हैं। सफेद नमक में काला रंग मिलाकर इसे सेंधा नमक बना दिया जाता है। काली मिर्च में पपीते के बीज, हल्दी पावडर में चावल व रंगों की मिलावट की जाती है। सरसो के तेल में पॉम ऑयल, राइस ब्रान के अलावा अलसी का तेल व आर्जीमोन मिलाया जाता है। आर्जीमोन व अलसी के तेल का स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ता है। बाजार में सरसों की तरह बिकने वाले ऐसे तेल भी बेचे जाते है, जिनके बोतल पर सरसो तो नहीं लिखा है, लेकिन उसे सरसो तेल कहकर ही बेचा जाता है। देशी घी में वनस्पति व रिफाइंड तक की मिलावट कर दी जाती है।

**एक साल में किसी भी मिलावटखोर पर नहीं हो सकी कार्रवाई :** एक अप्रैल 2023 से अब तक लिए गए खाद्य पदार्थों के नमूनों के मामलों में कोई कार्रवाई नहीं हो सकी है। विभाग के मुताबिक एक अप्रैल 2023 से अब तक 171 छापे मारे गए हैं। जिसमें 191 खाद्य पदार्थों के नमूने लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया है। 114 नमूनों की जांच रिपोर्ट जिले में आई है, जिसमें से 66 नमूनों की रिपोर्ट मानक के अनुरूप नहीं पाए गए हैं। 89 मामले एडीएम न्यायालय में दायर किया गया है। साथ ही तीन मामलों में सीजेएम के न्यायालय में वाद विचाराधीन है। इनमें से किसी भी मामले में कोई कार्रवाई नहीं हो सकी है। मिलावट खोरों पर कठोर कार्रवाई न होने से अशुद्ध खाद्य पदार्थों की बिक्री पर रोक नहीं लग पा रहा है। समय से कठोर कार्रवाई न होने से मिलावटखोरों के हौसले बुलंद हैं।

**मिलावटी खाद्य पदार्थों की कैसे करें पहचान :** मुख्य खाद्य सुरक्षाधिकारी विनोद कुमार पाण्डेय बताते हैं कि दूध में पानी की मिलावट जानने के लिए किसी चिकने बर्तन या शीशे पर दूध की बूंद डालें। यदि वह बिना निशान छोड़े तेजी से बहता है तो पानी मिला हुआ है। नमक में आयोडीन की पहचान करने के लिए उसमें स्टार्च लिक्विड डालें। यदि वह गहरा नीला रंग देता है तो उसमें आयोडीन है, अन्यथा नहीं। खोया में स्टार्च के मिलावट की पहचान करने के लिए खोया में कुछ बूंदे आयोडीन की डालने पर यदि वह गहरा नीला रंग देता है तो उसमें स्टार्च की मिलावट है। इसके अलावा खोया से बनी मिठाई को अंगूठे से रगड़ने पर उस पर लगा वर्क गायब हो जाता है तो वह चांदी का माना जाएगा, अन्यथा एल्युमीनियम का वर्क है, जिसे खाने पर याद्दाश्त क्षमता कम हो जाती है।



पीपल तिराहा स्थित किराना दुकान पर खाद्य पदार्थों की जांच करते खाद्य सुरक्षाधिकारी

## याददाश्त को कम करती हैं मिलावटी खाद्य सामग्री

जिले में दुध की बिक्री अधिक है। दूध में पानी की मिलावट भारी मात्रा में हो रही है। खोया की बनी मिठाइयों में सूजी व मैदा मिलाकर बेचा जा रहा है। मिठाइयों के ऊपर चांदी वर्क के स्थान पर एल्युमीनियम लगाकर दुकानदार बेच रहे हैं। इन मिठाइयों को खाने से याद्दाश्त की क्षमता कम हो जाती है। मिलावटी खाद्य पदार्थ से लीवर, किडनी सहित अन्य अंगों पर बुरा प्रभाव पड़ता है। दूध में मिलावट के कारण बच्चों में हार्मोंस ज्यादा बढ़ जाते हैं, जिससे समय से पहले बच्चों के अंग बड़े लगने लगते हैं। हार्मोंस बढ़ने के कारण शरीर पर भी इसका गलत प्रभाव पड़ता है। संयुक्त जिला अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सक डा. एके यादव बताते हैं इस समय ज्यादातर खाद्य पदार्थों में मिलावट हो रही हैं, जो मानव जीवन के स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। ऐसे में लोगों को खुद सतर्क रहने की जरूरत है।

"जिले में आम जनमानस को जागरूक करने के लिए एफएसडब्ल्यू वैन हर माह में सप्ताह भर के लिए भिन्न स्थानों पर जाकर लोगों को जागरूक करती है। लोग खाद्य पदार्थों की जांच कराकर या स्वयं जांचकर उसका सेवन करें।

-विनोद कुमार पाण्डेय, मुख्य खाद्य सुरक्षाधिकारी बलरामपुर

# चोरी के अभियुक्त पर भी 1500 अर्थदंड

बलरामपुर। चोरी के अभियुक्त को मुंसिफ उतरौला योगेश चौधरी ने जेल में बिताई अवधि के साथ 500 रुपये का जुर्माना लगाया है। सहायक अभियोजन अधिकारी ने बताया कि उतरौला के ग्राम पटियाला ग्रिंट निवासी मिट्टू पर पुलिस ने चोरी के आरोप में अभियोग पंजीकृत किया था। मुंसिफ न्यायालय में पुलिस ने आरोप पत्र दाखिल किया था। मुंसिफ ने अभियुक्त को जेल में बिताई गई अवधि के साथ जुर्माना भी अदा करने का आदेश दिया है। (संवाद)

## पांच वारंटियों को पकड़ा

बलरामपुर : गौरा चौराहा थाना की पुलिस ने पांच वारंटियों की गिरफ्तारी की है। प्रभारी निरीक्षक तेज नारायण गुप्त ने बताया कि गौराडीह गौरा बगनहा निवासी छांगुर यादव, त्रिवेणी यादव, टेंगन्हवा गांव निवासी राजेंद्र, सुरेश वर्मा व पुजारी को गिरफ्तार किया गया है। सभी के विरुद्ध अलग-अलग मामलों में न्यायालय से वारंट जारी थे। (जासं)

## दो वांछितों को दबोचा

बलरामपुर : ललिया थाना की पुलिस ने दो वांछित आरोपितों को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक मुकेश कुमार सिंह ने बताया कि ग्राम बेहननपुरवा कोड़री निवासी तज्जमुल हुसैन और वसीम की गिरफ्तारी की गई है। (जासं)

# शांतिभंग की आशंका में पांच आरोपितों को पकड़ा

बलरामपुर : रेहराबाजार थाना की पुलिस ने शांतिभंग की आशंका में पांच लोगों को पकड़ा है। थानाध्यक्ष ओपी सिंह चौहान ने बताया कि आरोपित चांद अली, आलिया बेगम, तशीरुन्निशा, रियाज और खुशबुलिया के विरुद्ध शांतिभंग की कार्रवाई की गई है। (जासं)

# जेल में बिताई अवधि के साथ लगाया जुर्माना

बलरामपुर : आर्म्स एक्ट व चोरी के अभियुक्तों को मुंसिफ उतरौला योगेश चौधरी ने जेल में बिताई अवधि के साथ जुर्माना लगाया है। सहायक अभियोजन अधिकारी अनूप सिंह ने बताया कि उतरौला कोतवाली क्षेत्र के ग्राम लालगंज जुमैदपुर निवासी मोहम्मद उमर पर पुलिस ने चाकू रखने का अभियोग पंजीकृत किया था। इसी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पटियाला ग्रिंट निवासी मिट्ठू पर पुलिस ने चोरी के आरोप में अभियोग पंजीकृत किया था। मुंसिफ न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया गया था। सुनवाई के दौरान मुंसिफ उतरौला ने दोनों अभियुक्तों को जेल में बिताई गई अवधि के साथ ही क्रमश: 500 और 1500 रुपये जुर्माना भी अदा करने का आदेश दिया है। (जासं)

# आत्मरक्षा की दी जानकारी

बलरामपुर : मिशन शक्ति फेज चार के तहत बेटियों व महिलाओं को सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए पुलिस अधीक्षक केशव कुमार के निर्देश पर अभियान चलाया गया। गांवों के चौराहों, गांवों व भीड़ वाले स्थानों पर चौपाल लगाकर बेटियों और महिलाओं को सेल्फ डिफेंस के बारे में जानकारी दी गई। (जासं)

# BAHRAICH POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 07-06-2024

हिन्दुस्तान

# डिफाल्टर मिलने पर कड़ी कार्रवाई: डीएम

बहराइच, संवाददाता। कलेक्ट्रेट सभागार में डीएम की अध्यक्षता में गुरुवार को आईजीआरएस सन्दर्भो के निस्तारण की समीक्षा बैठक के दौरान विद्युत, विकास, राजस्व, पुलिस, खाद्य एवं रसद इत्यादि विभागों की निस्तारण आख्या की गुणवत्ता संतोषजनक नहीं मिली।

उन्होंने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। डीएम ने निचले स्तर पर आईजीआरएस के लम्बित संदर्भ की स्वयं अपने स्तर से गहन समीक्षा कर समयान्तर्गत निस्तारण सुनिश्चित कराये। डीएम ने विभागीय अधिकारियों को सचेत किया कि किसी भी दशा में आईजीआरएस के तहत प्राप्त संदर्भों को डिफाल्टर की श्रेणी में न जाने पाएं। अन्यथा प्रभावी कार्यवाही की जाएगी।

हिन्दुस्तान

# दम्पति ने विवाद खत्म कर की सुलह

बहराइच। एसपी वृंदा शुक्ला के निर्देश पर पुलिस लाइन स्थित परिवार परामर्श केन्द्र पर गुरुवार को मुख्य सिपाही ओम प्रकाश यादव, महिला सिपाही निशा त्रिवेदी, अनन्या सिंह, छाया द्विवेदी, गिरजावती यादव ने काउंसिलिंग के जरिए अलग- अलग रह रहे दम्पति को समझाया। दंपति ने आपसी विवाद भुला साथ -साथ रहने को राजी हो गए। दम्पति को खुशी से विदा किया गया।

# कोर्ट से गैर हाजिर तीन आरोपी गिरफ्तार

बहराइच । मुर्तिहा कोतवाल अमितेन्द्र सिंह, उपनिरीक्षक गगन कुमार दीक्षित, पंकज चौरसिया, अजितेश पांडेय व पुलिस टीम ने गुरुवार को दबिश दी। पुलिस ने ककरहा निवासी घनश्याम, खैरीचुरवा निवासी राम मिलन यादव, राजेश यादव को गिरफ्तार कर लिया। कोर्ट में पेश किए जाने पर जेल भेजा गया है।

# चोरी के प्रयास मामले में एक गिरफ्तार

बहराइच। रामगांव थाने के मुख्य सिपाही हरिकेश चौधरी ने आजाद नगर बसौना माफी मे दबिश दी। पुलिस ने रायपुर नौशहरा निवासी मुकेश उर्फ मुल्कराज को कटर के साथ गिरफ्तार किया। केस दर्ज कर आरोपी को जेल भेजा गया है।

# पयागपुर पुलिस ने फरार आरोपी पकड़ा

बहराइच । पयागपुर थाने में तैनात उपनिरीक्षक राजेश कुमार पांडेय, मुख्य सिपाही सदानंद सिंह ने गुरुवार को नेजाभार गोपारा में दबिश दी। आपराधिक मामले में फरार चल रहे आरोपी इसी गांव निवासी दिलीप कुमार मिश्रा को गिरफ्तार किया। कोर्ट में पेश किए जाने पर जेल भेजा गया है।

# दुष्कर्म के आरोपित की अग्रिम जमानत अर्जी खारिज

## अदालत से

जासं • बहराइच : अपर सत्र न्यायाधीश एफटीसी द्वितीय अनिल कुमार सप्तम ने दुष्कर्म के आरोपित की अग्रिम जमानत अर्जी पर सुनवाई करते हुए उसे खारिज कर दिया।

अपर शासकीय अधिवक्ता अपराध सुनील कुमार जायसवाल ने बताया कि मामला कोतवाली देहात के इलाके का है। आरोप है कि लखनऊ निवासी रजनीश मिश्र ने लूट की वारदात करते हुए पीड़िता के साथ अपने साथियों संग मिलकर सामूहिक दुष्कर्म किया था। घटना सात सितंबर 2019 की है। मरीमाता मंदिर जाते समय वारदात की गई। आरोपित की ओर से उसके अधिवक्ता ने न्यायालय के समक्ष अग्रिम जमानत अर्जी प्रस्तुत की थी। सुनवाई के दौरान अदालत ने उसे खारिज कर दिया।

# डिफाल्टर श्रेणी में संदर्भ पाए जाने पर होगी कार्रवाई: जिलाधिकारी

जागरण संवाददाता • बहराइच : आइजीआरएस संदर्भों के निस्तारण की समीक्षा के लिए कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में कई विभागों की निस्तारण आख्या ठीक न होने पर डीएम ने कार्रवाई की चेतावनी दी। बैठक के दौरान विद्युत, विकास, राजस्व, पुलिस, खाद्य एवं रसद आदि विभागों की निस्तारण आख्या की गुणवत्ता संतोषजनक नहीं मिली।

जिलाधिकारी मोनिका रानी ने अधिकारियों को सुझाव दिया कि निस्तारण के लिए जब भी जाएं तो शिकायतकर्ता से अवश्य मुलाकात करें। डीएम ने विभागीय अधिकारियों को सचेत किया कि किसी भी दशा में आइजीआरएस के संदर्भों को डिफाल्टर की श्रेणी में न जाने दें। ऐसी स्थिति होने पर जिम्मेदारी निर्धारित करते हुए प्रभावी कार्रवाई की जाएगी। डीएम ने निर्देश दिया कि वर्षाऋतु से पूर्व नालों की सफाई करा दी जाए ताकि बरसात के दौरान जल जमाव की स्थिति न आने पाए। इस मौके पर सीडीओ रम्या आर, एएसपी सिटी रामानंद कुशवाहा, सीआरओ देवेंद्र पाल सिंह, डीएफओ संजीव कुमार, डीडीओ महेंद्र कुमार पांडेय, जिला कृषि अधिकारी सतीश पांडेय आदि मौजूद रहे।

# भारत-नेपाल सीमा पर 62.50 लाख रुपये बरामद, दो गिरफ्तार

जासं ● बहराइच : एसएसबी और पुलिस की संयुक्त टीम ने बुधवार देर शाम भारत-नेपाल सीमा पर भारतीय मुद्रा ले जा रहे दो लोगों को पकड़ा है। उनके पास से 62 लाख 50 हजार रुपये बरामद किए गए हैं। पकड़े गए आरोपितों में पिता-पुत्र शामिल हैं। पुलिस और कस्टम विभाग उनसे पूछताछ कर रही है। बरामद रुपये हवाला से संबंधित होने की जांच भी अधिकारी कर रहे हैं।

नेपाल सीमा के रुपईडीहा बार्डर पर बुधवार देर शाम लोग आ-जा रहे थे। इस दौरान एसएसबी की टीम वाहनों की जांच कर रही थी। अचानक जवानों की नजर रुपईडीहा की तरफ से नेपाल जा रहे बाइक सवार दो युवकों पर पड़ी। टीम ने रोकर जब गहनता से जांच की तो युवकों के पास से भारी मात्रा मे भारतीय मुद्रा बरामद हुई। जांच कर रहे जवानों ने जानकारी उच्चाधिकारियों को दी। सूचना पर सीओ राहुल पांडेय मौके पर पंहुचे। बरामद



रुपईडीहा सीमा पर आरोपितों से पूछताछ करते पुलिस व एसएसबी के जवान ● जागरण

रुपयों की गिनती के लिए सीओ ने मशीन मंगाकर देर रात तक नोटों की गिनती कराई। युवकों के पास से बरामद की गई कुल रकम 62 लाख 50 हजार निकली। पकड़े गए आरोपितों में बहराइच शहर निवासी संजय गुप्त व उनका पुत्र शामिल था। सीओ ने बताया कि पूरे मामले की जांच की जा रही है कि पैसा किसका है और नेपाल जाने का क्या मकसद था?

# नेपाल ले जाने की फिराक में थे भारतीय करेंसी, पिता-पुत्र हिरासत में

संवाद न्यूज एजेंसी

**रूपईडीहा(बहराइच)।** भारत-नेपाल सीमा पर बुधवार की शाम भारी मात्रा में भारतीय करेंसी के साथ पकड़े गए दोनों आरोपी पिता-पुत्र हैं। एसएसबी और स्थानीय पुलिस को दोनों के पास 62.51 लाख रुपये मिले हैं। पुलिस आरोपियों से बरामद रुपयों के संबंध में जानकारी ले रही है। वहीं, क्षेत्र में जिम्मेदार अधिकारियों की मिलीभगत से सोने की तस्करी होने की चर्चा हो रही हैं।

अमर उजाला फॉलोअप

एसएसबी 42वीं वाहिनी के कमांडेंट गंगा सिंह उदावत ने बताया कि बुधवार की शाम एसएसबी जवान और रुपईडीहा पुलिस संयुक्त गश्त कर रहे थे। इस दौरान इंटीग्रेटेड चेकपोस्ट मार्ग पर दो संदिग्ध बाइक से जाते दिखे। तलाशी लेने पर उनके पास से 62.51 लाख रुपये बरामद हुए।

दोनों आरोपी संजय गुप्ता और अनुराग गुप्ता पिता-पुत्र हैं। दोनों बहराइच के गुदड़ी, नाजिरपुरा के रहने वाले हैं। पूछताछ के दौरान वे बरामद रुपयों के बाबत कोई जानकारी नहीं दे सके। इसी के चलते आशंका जताई जा रही है कि भारतीय करेंसी अपराध या तस्करी के लिए सीमा पार ले जाई जा रही थी। एसएसबी ने प्रारंभिक जानकारी लेने के बाद दोनों को पुलिस के हवाले कर दिया।

## एसएसबी और पुलिस ने बुधवार शाम बरामद किए थे 62.51 लाख रुपय

## पूर्व में मिले थे 56 लाख, सोने की तस्करी की चर्चा तेज

बॉर्डर पर तस्करों की गतिविधियां तेजी से बढ़ी हैं। मादक पदार्थों की तस्करी के साथ-साथ अब भारी मात्रा में सोने की तस्करी की भी चर्चा हैं। स्थानीय लोगों की मानें तो तस्कर भारतीय रुपये को बॉर्डर पर नेपाली करेंसी में तब्दील कराते हैं। इसके बाद उन नेपाली रुपयों से सोना खरीदा जाता है और फिर उसको बॉर्डर पार करा कर भारत भेजा जाता है। बताते चलें कि कुछ दिन पहले बॉर्डर पर कार से 56 लाख रुपये बरामद किए गए थे। उस प्रकरण में भी रुपयों के संबंध में कोई पुख्ता जानकारी नहीं मिली थी।

# कोल्डड्रिंक्स की दुकान में बिकती मिलीं नशीली दवाएं

**रूपईडीहा (बहराइच)।** सीमावर्ती क्षेत्र में एक कोल्डड्रिंक्स की दुकान पर औषधि निरीक्षक व पुलिस टीम द्वारा भारी मात्रा में नशीला पदार्थ बरामद किया है। मामले में डीआई ने दो संदिग्ध नमूनों को एकत्रित कर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा है।

सीमावर्ती क्षेत्र रूपईडीहा नशीले पदार्थों की बिक्री का गढ़ बनता जा रहा है। बृहस्पतिवार को कस्बा स्थित केवलपुर मोड़ के पास स्थित ओमप्रकाश सोनी की कोल्डड्रिंक्स की दुकान पर खाद्य सुरक्षा विभाग के औषधि निरीक्षक विनय कृष्ण, नायब तहसीलदार नानपारा शैलेश अवस्थी, आबकारी निरीक्षक विमल कुमार की टीम ने स्थानीय पुलिस बल के साथ छापा मारा। टीम ने दुकान को खंगालते हुए काफी मात्रा में प्रतिबंधित नशीले कफ सीरप, नशीली गोलियां समेत अन्य नशीले पदार्थ बरामद किए।

## औषधि व आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने मारा छापा

टीम ने बरामद दो दवाइयों के नमूने जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा है। मामले में औषधि निरीक्षक ने बताया कि कोल्डड्रिंक्स की दुकान पर कार्रवाई की गई है। दुकान से काफी मात्रा में प्रतिबंधित दवाइयां मिली हैं। दुकान का लाइसेंस भी नहीं था। उन्होंने बताया कि दो नमूनों को एकत्रित कर जांच के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट मिलने के बाद कार्रवाई की जाएगी। (संवाद)

# मारपीट करने वाले छह लोगों पर केस

**हुजूरपुर (बहराइच)।** थानाक्षेत्र के मोकला मे घर मे घुस कर मारपीट करने व सामान उठा ले जाने की घटना में पुलिस ने सख्ती दिखाई है। छह लोगों पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। हुजूरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत मोकला निवासी बहादुर ने थाने पर तहरीर देकर आरोप लगाया था कि बुधवार को वह घर के बारह बैठे थे। इस दौरान विपक्षियों ने लाठी-डंडे से उन पर हमला कर दिया। साथ ही घर में घुस कर परिजनों को भी पीटा और घर का सामान उठा ले गए। थाना प्रभारी दिलीप कुमार शुक्ला ने बताया कि बहादुर कि तहरीर पर करन कुमार, अर्जुन, इंद्रकुमार, बीनू , घनश्याम व धर्मेंद्र के खिलाफ मारपीट, घर में घुसने समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। (संवाद)

# परिवार को टूटने से बचाया

**बहराइच।** पारिवारिक रिश्तों को बचाने के लिए एसपी वृंदा शुक्ला द्वारा जारी प्रभारी पैरवी के तहत बृहस्पतिवार को परिवार परामर्श केंद्र पर एक परिवार को टूटने से बचाया गया। परिवार परामर्श केंद्र के प्रभारी हेड कांस्टेबल ओम प्रकाश यादव, महिला कांस्टेबल छाया द्विवेदी, अनन्या सिंह, गिरजावती यादव, निशी त्रिवेदी ने महिला की शिकायत पर उसके पति को थाने बुलाया। दोनों को साथ बैठा कर सुलह कराई गई और साथ रहने के लिए राजी किया गया। (संवाद)

# चार वारंटी गिरफ्तार

**बहराइच।** पयागपुर थाना प्रभारी कमलशंकर चतुर्वेदी ने बताया कि नेजाभार निवासी दिलीप कुमार मिश्रा पर केस दर्ज है, लेकिन आरोपी न्यायालय में हाजिर नहीं हो रहा था। उसे गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया है। मुर्तिहा कोतवाल के अमितेंद्र सिंह ने बताया कि ककरा निवासी घनश्याम, खैरीपुरवा निवासी राम मिलन यादव व राजेश यादव पर भी केस दर्ज है। जिन्हें बृहस्पतिवार की सुबह उपनिरीक्षक गगन कुमार दीक्षित की टीम ने गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। (संवाद)

# SHRAWASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 07-06-2024

# टीम ने दो बच्चियों का विवाह रुकवाया

श्रावस्ती। बाल विवाह कानूनी अपराध है इसके बाद भी लोग बाल विवाह करने से बाज नहीं आते। एएचटीयू व चाइल्ड लाइन ने जिले में ऐसे ही दो बाल विवाह को रुकवाया है। साथ ही बाल विवाह कराने वाले परिजन को भविष्य में बाल विवाह करने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी है।

कोतवाली क्षेत्र भिनगा के इटवरिया में दो परिवार के लोगों ने अपनी नाबालिग लड़कियों की शादी तय की थी। घर में शादी की तैयारी चल रही है। जिसकी भनक एएचटीयू को लग गई। गुरुवार को एएचटीयू थानाध्यक्ष पुष्पलता ने पुलिस व चाइल्डलाइन की संयुक्त टीम के साथ इटवरिया गांव पहुंच कर बाल विवाह को रुकवा दिया। साथ ही दोनों के परिजनों को बाल विवाह न करने की नसीहत देते हुए कार्रवाई की चेतावनी दी। परिजनों का बताया गया कि बाल विवाह करना कानूनन अपराध है। ऐसा करने पर सजा का प्रावधान है और जेल भी हो सकती है।

# तीन-तीन वर्ष के कारावास की सजा

श्रावस्ती। गंभीर मामलों के आरोपियों को सजा दिलाने के लिए ऑपरेशन कनविक्शन अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत गुरुवार को न्यायालय की ओर से जान माल की धमकी देने के दो दोषियों को तीन-तीन वर्ष कठार कारावास की सजा सुनाई गई। साथ ही दोनों दोषियों को अर्थदंड से भी दंडित किया गया।

इकौना थाने में 31 जून 2010 में ग्राम बनकटी निवासी जिबराखन पुत्र छल्लाज व मोहम्मद शमी पुत्र गनी के विरुद्ध जमीनी रंजिश को लेकर डण्डे से पीटने, जान-माल की धमकी व जातिसूचक गाली देने के आरोप में मामला दर्ज किया गया था। मामला दर्ज होने के बाद पुलिस ने विवेचना की और आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया। तब से मामला न्यायालय में विचाराधीन चल रहा था। गुरुवार को न्यायालय ने दोनों को दोषी करार देते हुए तीन-तीन वर्ष कठोर कारावास की सजा सुनाई। प्रत्येक को सात-सात हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। मॉनिटरिंग सेल व विशेष लोक अभियोजक, संयुक्त निदेशक अभियोजन, शासकीय अधिवक्ता तथा कोर्ट पैरोकार की ओर से पैरवी की जा रही थी।

# 71 विवेचनाएं लंबित मिली

श्रावस्ती। पुलिस अधीक्षक कार्यालय सभागार में गुरुवार को सीओ भिनगा, सीओ इकौना व सीआ जमुनहा की ओर से अपने सर्किल के थानों की लम्बित विवेचनाओं की समीक्षा की गई।

भिनगा सर्किल के थाना कोतवाली भिनगा में 25, सिरसिया में सात, इकौना सर्किल के थाना इकौना में नौ, थाना गिलौला में दो, जमुनहा सर्किल के थाना मल्हीपुर में 15, थाना गिरण्ट में चार, थाना सोनवा में नौ विवेचाओं सहित कुल 71 विवेचनाएं लंबित मिली। लम्बित विवेचनाओं की समीक्षा के बाद पाया गया कि जिन विवेचकों की ओर से विवेचनाओं के निस्तारण में सार्थक प्रयास नहीं किये जा रहे थे उन सभी विवेचको को कड़े निर्देश दिए गए।

# दलित से मारपीट के दोषियों को तीन साल की कैद

संवाद न्यूज एजेंसी

अदालत से

श्रावस्ती। टंडवा महंथ के मजरा बनकटी में जमीन के विवाद में दलित से मारपीट के मामले में बृहस्पतिवार को न्यायालय ने फैसला सुनाया। अपर जिला जज व विशेष न्यायाधीश एससी एसटी अवनीश गौतम ने मामले के दो दोषियों को तीन-तीन साल की कैद व सात-सात हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया।

इकौना थाना क्षेत्र के ग्राम टंडवा महंथ के मजरा बनकटी में जमीन के विवाद में 14 वर्ष पूर्व मारपीट हुई थी। इस मामले में गांव निवासी जिवराखन व गांव के ही मोहम्मद शमी के विरुद्ध इकौना पुलिस ने मारपीट, जान से मारने की धमकी देने व एससी एसटी एक्ट सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज कर चार्जशीट न्यायालय भेजी। मामले के विचारण के बाद बृहस्पतिवार को अपर जिला जज व विशेष न्यायाधीश एससी एसटी ने दोनों को तीन-तीन साल की कैद व सात-सात हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया।

## सामूहिक दुष्कर्म के आरोपी की जमानत याचिका निरस्त

बहराइच। फास्ट ट्रैक कोर्ट में सामूहिक दुष्कर्म के आरोपी की जमानत याचिका निरस्त कर दी गई। एक गांव की महिला ने कोतवाली देहात के रजनीश मिश्रा और सुनील कुमार पर सामूहिक दुष्कर्म का आरोप लगाते हुए केस दर्ज कराया था। पीड़िता का आरोप है कि सात सितंबर 2019 को दोनों आरोपियों ने उनके साथ दुष्कर्म किया था। कोर्ट के आदेश पर दोनों के खिलाफ मामला पंजीकृत किया गया था।

बृहस्पतिवार को आरोपी रजनीश ने अधिवक्ता के माध्यम से अपर सत्र न्यायाधीश एफटीसी द्वितीय अनिल कुमार की कोर्ट में जमानत याचिका प्रस्तुत की। जमानत याचिका पर शासकीय अधिवक्ता ने अपना विरोध दर्ज कराया। कहा कि घटना में सह अभियुक्त सुनील कुमार की जमानत याचिका कोर्ट ने तीन मई को निरस्त कर दी थी। इसलिए आरोपी को जमानत देने का कोई आधार नहीं हैं। कोर्ट ने दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद रजनीश की जमानत याचिका निरस्त कर दी। (संवाद)

# कच्ची शराब के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

श्रावस्ती। अवैध शराब के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने कच्ची शराब बरामद कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। थाना सिरसिया की पुलिस टीम क्षेत्र में भ्रमण कर रही थी। इस दौरान पुलिस ने दो व्यक्तियों के कब्जे से कुल 19 लीटर कच्ची शराब बरामद किया। बरामद शराब को जब्त कर पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

# एसपी ने सुनीं लोगों की शिकायतें

श्रावस्ती। पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया ने गुरुवार को जनता दर्शन में लोगों की शिकायत सुनी। इस दौरान कुल 20 प्रार्थना पत्र मिले। जिसमें पांच भूमि विवाद, चार पारिवारिक विवाद व 11 अन्य विवादों से संबंधित रहे। लोगों की शिकायत सुन एसपी ने संबंधित अधिकारियों को सभी शिकायती पत्रों का समय से निस्तारण कराने का निर्देश दिया।

# पुलिस ने काटा वाहनों का चालान

श्रावस्ती। यातायात नियमों का पालन कराने को लेकर पुलिस की ओर से वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत एसपी के निर्देशन में विभिन्न थाना क्षेत्रों में पुलिस की ओर से वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया जिसमें विभिन्न स्थानों पर स्थित बैरियर व चेक पोस्ट पर चेकिंग लगाकर वाहनों के कागजात, तीन सवारी, हेलमेट आदि की जांच की गई।

# छेड़छाड़ और दुष्कर्म का आरोपित गिरफ्तार

श्रावस्ती : गिलौला पुलिस टीम ने किशोरी से छेड़छाड़ व दुष्कर्म करने के मामले में फरार चल रहे भरथपुर निवासी मुसम्मी उर्फ शिवपूजन को बहराइच-बलरामपुर मार्ग पर बने पुलिस फायर स्टेशन के पास से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद न्यायालय के माध्यम से आरोपित को जेल भेजा गया है।(वि.)

# सीओ ने की सर्किलवार लंबित विवेचनाओं की समीक्षा

**श्रावस्ती।** पुलिस कार्यालय सभागार में बृहस्पतिवार को सीओ भिनगा, इकौना व जमुनहा ने अपने-अपने सर्किल के थानों की न्यायालय के आदेश पर पंजीकृत मुकदमों की समीक्षा किया। इस दौरान लंबित विवेचनाएं तत्काल पूरी करने का निर्देश दिया।

इस दौरान सीओ भिनगा अतुल कुमार चौबे ने भिनगा सर्किल के थानों की समीक्षा की। इस दौरान कोतवाली भिनगा में 25, सिरसिया में सात विवेचनाएं लंबित मिलीं। वहीं सीओ इकौना संतोष कुमार शर्मा की समीक्षा में इकौना सर्किल के थाना इकौना में नौ व गिलौला में दो समीक्षाएं लंबित मिलीं।

सीओ जमुनहा सतीश कुमार शर्मा की समीक्षा में थाना मल्हीपुर में 15, गिरन्ट में चार तथा सोनवा में नौ सहित कुल 71 विवेचनाएं लंबित मिलीं। संबंधित सीओ ने साक्ष्य संकलन कर शीघ्र गुणवत्तापूर्ण विवेचनाएं निस्तारित करने का निर्देश दिया। सभी वांछित व वारंटी को गिरफ्तार करने को भी कहा। इस दौरान सभी थाना प्रभारी, एसपी के पेशकार, सभी विवेचक मौजूद रहे। (संवाद)

# एएचटीयू टीम ने रुकवाए दो बाल विवाह

**इकौना (श्रावस्ती)।** इकौना थाना क्षेत्र में एएचटीयू (एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग) टीम ने मौके पर पहुंच कर दो बाल विवाह रुकवा दिए। वहीं परिवारजनों को चेतावनी देकर छोड़ा। थानाध्यक्ष एएचटीयू पुष्पलता की ओर से पुलिस व चाइल्ड लाइन की टीम के साथ बालश्रम रोकने का अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान उन्हें सूचना मिली कि इकौना थाना क्षेत्र के ग्राम इटवरिया में दो किशोरियों का विवाह हो रहा है। गांव पहुंची टीम ने न सिर्फ बाल विवाह रुकवाया बल्कि परिवारजनों को भविष्य में कभी बाल विवाह न करने की चेतावनी दी व शपथ पत्र लेकर छोड़ा। वहां मौजूद लोगों को बाल विवाह कानून सहित बालश्रम उन्मूलन अभियान, बाल भिक्षावृत्ति, मानव तस्करी, बाल विवाह जन जागरूकता अभियान के बारे में जानकारी दी गई।